RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 301
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत में अल्पसंख्यक सबसे सुरक्षित

राष्ट्रीय-10


# अमेरिका में राहुल गांधी के विवादित बयानों पर केंद्र ने दिया सख्त संदेश

## कई दलों के नेताओं ने की आलोचना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राहुल गांधी** इन दिनों विदेश यात्रा पर हैं। उनकी पिछली विदेश यात्राओं और अमेरिका की वर्तमान यात्रा में एक फर्क है। इस बार वह लोकसभा में नेता विपक्ष की हैसियत से विदेश गए हैं। हालांकि, इससे राहुल के अंदाज और बयानों से विवादों को न्योता देने के उनके रिकॉर्ड में कोई बदलाव नहीं आया है। एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसे बयान दिए हैं, जिससे भारत में सियासी उबाल आ गया है। केंद्र ने बुधवार को कहा राहुल गांधी की आरक्षण संबंधी टिप्पणी ने कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे की पोल खोल दी है और राष्ट्र विरोधी बयान देना विपक्षी नेता और उनकी पार्टी की आदत बन गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते कहा कि जब तक भारतीय जनता पार्टी है, कोई भी आरक्षण खत्म नहीं कर सकता और न ही देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर सकता है। वरिष्ठ भाजपा नेता की यह टिप्पणी राहुल गांधी की अमेरिका के जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों से संवाद के दौरान कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान





अमेरिका में वाशिंगटन डीसी के नेशनल प्रेस क्लब में मीडिया से बात करते राहुल गांधी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विवादित बयानों की निंदा की

अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। शाह ने कहा, देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत उनके अन्य कैबिनेट सहयोगी भी मौजूद थे।

राहुल गांधी पर राष्ट्रविरोधी बयान देने का आरोप लगाने के लिए भाजपा पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने केवल संविधान को बनाए रखने की बात की है और पूछा कि जब भी ऐसी बात होती है तो सत्तारूढ़ पार्टी को समस्या क्यों होती है। गृह मंत्री ने कहा कि चाहे वह जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बयान देना हो, राहुल ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरा में डाला है और लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

राहुल गांधी का बयान क्षेत्रवाद, धर्म और भाषाई मतभेदों के आधार पर दरार पैदा करने की कांग्रेस की राजनीति को उजागर करता है। शाह ने सोशल मीडिया पर कहा, देश में आरक्षण खत्म करने की बात कहकर राहुल गांधी ने एक बार फिर कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे को सामने ला दिया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आरक्षण के बारे में भ्रामक बयान दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल की कांग्रेस पार्टी ने ही केंद्र में अपने 10 साल के शासन के दौरान पदोन्नति में अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति आरक्षण विधेयक को पारित नहीं होने दिया। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि जब कांग्रेस सत्ता में नहीं होती है तो इन उपेक्षित एससीएसटीओबीसी वर्गों के वोट के स्वार्थ की खातिर इनके हित व कल्याण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जब सत्ता में रहती है तो इनके हित के विरुद्ध लगातार कार्य करती है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# जम्मू-कश्मीर में वोटरों को हतोत्साहित करने के लिए पाक फैला रहा आतंकवाद

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**जम्मू कश्मीर** में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव संपन्न होगा। इसके लिए पहले चरण में 18 सितंबर को 24 सीटों पर मतदान होगा। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद हो रहे पहले विधानसभा चुनाव में उत्साही मतदाताओं में डर माहौल बनाने के लिए आतंक फैलाने की कोशिश तेज कर दिया है। जम्मू क्षेत्र में बुधवार को दो बड़ी घटनाएं सामने आईं, जिससे संकेत मिलता है कि पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को आंका और उनके समर्थक विधानसभा चुनावों के शांतिपूर्ण मतदान में बाधा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। पहली घटना में, कठुआ और उधमपुर जिलों की सीमा से लगे बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में छिपे भारी हथियारों से लैस पाकिस्तानी आतंकवादियों को बुधवार देर शाम सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने मार गिराया। दूसरी घटना अखनूर सेक्टर की है जहां बीएसएफ की सीमा चौकी पर पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया। जवाब में, बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तानी रेंजर्स को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जोरदार कार्रवाई की। हालांकि, इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई कि पाकिस्तानी रेंजर्स को इस कार्रवाई में मारे गए या घायल हुए।



फाइल चित्र

यहां चल रहे ऑपरेशन में दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए, भारतीय सेना की राइजिंग स्टार कोर ने एक्स पर कहा कि राइजिंग स्टार कोर के जवानों द्वारा खंडारा कठुआ में चल रहे ऑपरेशन में दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में घूम रहे आतंकवादियों के समूह को पकड़ने के लिए शुरू किए गए तलाशी अभियान के दौरान स्थापित किया गया था। आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी के बाद खंडारा के साथ संभावित निकास मार्गों को बंद करने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को मुठभेड़ स्थल पर भेजा गया। क्षेत्र में तीन से अधिक आतंकवादियों के एक समूह को देखा गया, जिसके बाद घने जंगलों के अंदर उन्हें ढेर करने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। 9 सितंबर को, हथियारों से लैस आतंकवादियों को भारतीय सेना के जवानों ने सोमवार को सीमावर्ती जिले राजौरी के नौशेरा के लाम सेक्टर में भारतीय क्षेत्र के अंदर घुसपैठ करने की कोशिश करते समय मार गिराया था। पिछले कई दिनों से जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों द्वारा जोर-शोर से प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। कश्मीर घाटी में माहौल उत्साहपूर्ण है, क्योंकि कई उम्मीदवार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने पैतृक गांवों और शहरी केंद्रों के मोहल्लों में देर रात तक प्रचार कर रहे हैं। जम्मू में सूत्रों से संकेत मिलता है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से एक स्नाइपर ने बीएसएफ के जवान को निशाना बनाया। ( शेष पृष्ठ 9 )



शिमला के संजौली इलाके में बुधवार को एक मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर विरोध प्रदर्शन करते विभिन्न हिंदू संगठनों के सदस्य। इस मुद्दे पर तनाव बढ़ने के बाद इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है

## शिमला : मस्जिद के अतिक्रमण पर पुलिस, प्रदर्शनकारियों में झड़प

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**शिमला के** संजौली क्षेत्र में एक मस्जिद के अवैध हिस्से को ध्वस्त करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों की बुधवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधकों को तोड़ दिया और पथराव किया, जबकि पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं और लाठीचार्ज किया। जय श्री राम और हिंदू एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारी सब्जी मंडी ढल्ली में एकत्र हुए और विरोध दर्ज कराने के लिए निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए तथा प्रशासन की चेतावनियों की अनदेखी करते हुए संजौली की ओर मार्च शुरू कर दिया। उन्होंने ढल्ली सुरंग के पास लगाए गए अवरोधक तोड़ दिए। कुछ हिंदू समूहों के आह्वान पर एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों ने जब ( शेष पृष्ठ 9 )

## दिल्ली पुलिस ने मेट्रो कर्मचारियों से सतर्क रहने को कहा

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**कानपुर में** कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन को पटरी से उतारने की संदिग्ध कोशिश के दो दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने रेलवे कर्मचारियों को हाई अलर्ट पर रहने के साथ ही दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने को कहा है। भिवानी-प्रयागराज कालिंदी एक्सप्रेस के लोको पायलट की सतर्कता के चलते सोमवार को एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई। ज्ञात रहे कि की पटरी पर एलपीजी सिलेंडर के साथ घटनास्थल पर पेट्रोल की बोतल और माचिस भी मिली, जिससे ट्रेन पटरी पर तोड़फोड़ के साथ रेलयात्रियों को नुकसान पहुंचाने की आशंका जताई गई है। इस मामले में कानपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो के कर्मचारियों को भी सतर्क और सावधान रहने को कहा है। साथ ही यात्रियों की जांच बढ़ाने को कहा है और इसके बाद शहर के मेट्रो स्टेशनों



पर और अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, ताकि शहर की लाइफलाइन दिल्ली मेट्रो में किसी भी तरह की तोड़फोड़ की कोशिश को रोका जा सके। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कानपुर की घटना के बाद रेलवे इकाई के पूरे कर्मचारियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि पैदल और मोटरसाइकिल गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक टीमों की मदद से रेलवे ट्रैक पर नियमित रूप से तोड़फोड़ विरोधी जांच की जा रही है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने कई आस-पास के इलाकों के रेलवे कर्मचारियों से रेलवे स्टेशनों और रेलवे ट्रैक के आसपास कड़ी निगरानी रखने को कहा है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और अन्य हितधारकों के साथ एक संयुक्त गश्ती दल बनाया गया है। ( शेष पृष्ठ 9 )

# भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने का यह सही समयः पीएम

**रिंकू यादव।** नोएडा/नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने बुधवार को भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग में निवेश करने का यह सही समय है। मोदी ने कहा कि भारत इस क्षेत्र में सफलता के लिए अच्छी स्थिति में है और दुनिया भारत के बढ़ते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पर भरोसा कर सकती है। मोदी ने कहा कि भारत अब सेमीकंडक्टर उद्योग पर केंद्रित कार्यक्रम की मेजबानी करने वाला वैश्विक स्तर पर आठवां देश है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह आह्वान ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में सेमीकॉन इंडिया 2024 उद्घाटन के अवसर पर किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा- इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर को 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक भारत के युवाओं के लिए 60 लाख रोजगार का सृजन होगा। पीएम ने कहा- हमें यह याद रखना है कि जब तकनीक और लोकतांत्रिक मूल्य जुड़ जाते हैं तब तकनीक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। अगर यही तकनीक लोकतांत्रिक मूल्यों से हट जाती है तो यह घातक हो जाती है। ज्ञात रहे कि नोएडा में 3 दिवसीय सेमीकॉन इंडिया में 29 देशों के डेलीगेट्स शामिल हुए। यूपी का पहला सेमीकंडक्टर



ग्रेटर नोएडा में बुधवार को सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के बाद आयोजित एक्सपो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। पीटीआई

पार्क डेवलप होने से पहले यह एक्सपो बहुत अहम माना जा रहा है। अनुमान है कि इससे करीब 5 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने कहा, सेमीकंडक्टर (इलेक्ट्रानिक चिप) बनाने में देश को आत्मनिर्भर बनाना होगा। हमारा फोकस एकदम क्लियर है। हम ऐसी दुनिया बनाना चाहते हैं, जो संकट के समय रुके और ठहरे नहीं, निरंतर चलती रहे। आप भी भारत के इन प्रयासों को मजबूत करेंगे। पीएम मोदी ने कहा- दशक के अंत तक इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर को 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। इससे भारत के युवाओं के लिए करीब 60 लाख रोजगार सृजन होगा और देश के सेमी कंडक्टर सेक्टर को भी बहुत फायदा होगा। हमारा लक्ष्य है कि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का 100 फीसदी काम भारत में ही हो। यानी भारत सेमी कंडक्टर चिप और फिनिश गुड्स भी बनाएगा। पीएम मोदी ने कहा- एक दशक पहले हम मोबाइल फोन के इंपोटर्स में से एक थे। आज हम दुनिया के नंबर टू प्रोड्यूसर्स और एक्सपोटर्स हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत-5 जी हैंडसेट का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट बन चुका है। पीएम मोदी ने कहा- आज का युग सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग है। इसी साल भारत इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क की सप्लाई चेन काउंसिल का वाइस चेयर बन चुका है। हम कोर सेमी कंडक्टर सप्लाई चेन के भी पार्टनर हैं। हमने जापान और सिंगापुर समेत कई देशों के साथ एग्रीमेंट भी साइन किए हैं। इस सेक्टर में अमेरिका के साथ भारत भी अपना सहयोग लगातार बढ़ा रहा है। आप सभी भारत के सेमी कंडक्टर मिशन के बारे में जानते हैं। कुछ लोग सवाल उठाते हैं कि भारत इस पर फोकस क्यों कर रहा है। ऐसे लोगों को डिजिटल इंडिया मिशन को जरूर पढ़ना चाहिए। डिजिटल इंडिया मिशन का लक्ष्य देश को पारदर्शी, प्रभावी और लीकेज फ्री गर्वनेंस देना था। आज हम इसका अनुभव कर रहे हैं। डिजिटल इंडिया मिशन के लिए हमें मोबाइल और डाटा की जरूरत थी। हमने जरूरी रिफॉर्म और इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया। पीएम मोदी ने कहा- सेमी कंडक्टर पावर हाउस बनाने के लिए जो भी जरूरी होगा, भारत वो सबकुछ करने वाला है। क्रिटिकल मिनरल्स के डोमेस्टिक प्रोडेक्शन के लिए हमने क्रिटिकल मिनरल्स मिशन की घोषणा की है। पीएम मोदी ने कहा- भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपए का इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में ( शेष पृष्ठ 9 )

# अहम मुद्दों पर हैरिस ने ट्रंप के सामने पेश की सशक्त चुनौती

**एजेंसी।** फिलाडेल्फिया

**अमेरिका में** नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का मंगलवार को पहली बार आमना सामना हुआ। दोनों नेताओं के बीच संभवत: यह एकमात्र बहस है जिसमें दोनों ने गर्भपात, प्रवासन और अमेरिकी लोकतंत्र जैसे कई मुद्दों पर अलग अलग नजरिया पेश किया। उपराष्ट्रपति हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को खरी-खोटी सुनाते हुए उन्हें 2020 के चुनाव में मिली हार की याद दिलाई और उनके अन्य झूठे वादों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की। हैरिस की तीखी टिप्पणियों से तिलमिलाए ट्रंप ने उन पर निजी हमले शुरू कर दिए और विषय से भटक गए, जबकि उनके सलाहकारों और समर्थकों ने उन्हें हैरिस के खिलाफ इस तरह की टिप्पणियों से बचने का सुझाव दिया था।

उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में ट्रंप के खिलाफ मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। जून में बाइडन और ट्रंप के बीच बहस हुई थी जिसमें बाइडन कोई खास छाप नहीं छोड़ पाए थे। बाइडन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से पीछे हटने के



फिलाडेल्फिया में नेशनल कॉन्स्टिट्यूशन सेंटर में एबीसी न्यूज प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से हाथ मिलाते हुए। एपी/पीटीआई

बाद अब हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं और बहस के दौरान उनके आक्रामक रवैए को देखकर हैरिस ट्रंप पर भारी पड़ती दिखाई दे रही हैं। ट्रंप के बोलने के दौरान हैरिस कभी उनकी बातों पर व्यंग्य में हंस देतीं तो कभी अपनी ठुड्डी पर हाथ रखकर उन्हें घूरतीं जबकि ट्रंप उनकी ओर देखने से बचते दिखाई दिए। हैरिस ने ट्रंप को संबोधित कर कहा कि उप राष्ट्रपति के तौर पर उन्होंने कई देशों के नेताओं से बात की है और उनका कहना है कि आप बहुत अक्खड़ किस्म के व्यक्ति हैं। ट्रंप ने एक बार फिर चार साल पहले अपनी हार को नकारा।

हैरिस ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका की 8.1 करोड़ जनता ने सत्ता से हटाया है। इसलिए वह इस बात पर बिल्कुल स्पष्ट रहें। इस पर ट्रंप ने सवाल किया कि उप राष्ट्रपति के तौर पर अपनी सेवा के दौरान उन्होंने अपने प्रस्तावित विचारों पर काम क्यों नहीं किया। ट्रंप ने अवैध प्रवासन के मुद्दे पर भी हैरिस को घेरा। रिपब्लिकन पार्टी के नेता ने संकल्प लिया है कि वह अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को देश से निकाल बाहर करेंगे और चेतावनी देते हुए कहा कि हैरिस बाइडन से भी बदतर हैं तथा उनकी नीतियां अमेरिका को ( शेष पृष्ठ 9 )

# जीएसजीडी राजघाट पर शेखावत ने पुनर्स्थापित रेल कोच का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** स्थित राजघाट अब उन दिनों की भी याद दिलाएगा जब आजादी से पहले महात्मा गांधी ट्रेन में सफर किया करते थे। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देश को एकजुट करने की मुहिम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महात्मा गांधी की प्रसिद्ध ट्रेन यात्राओं का प्रतीक रेलवे कोच का केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को अनावरण किया। भूरे रंग से रंगे इस कोच पर 'III' मार्कर लगा हुआ है, जो तीसरी श्रेणी के रेलवे डिब्बों को दर्शाता है, जिसमें गांधी जी यात्रा करते थे। इसके पायदान पर महात्मा की एक आदमकद मूर्ति लगाई गई है, जिसमें उन्हें कोच से उतरते हुए दिखाया गया है।

गजेंद्र सिंह शेखावत ने विशेष कोच का उद्घाटन करनेके बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि महात्मा गांधी की मृत्यु के 75 साल से अधिक समय बाद भी गांधी द्वारा अपनाए गए दर्शन और सिद्धांत न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं।



विश्व में आज रूस-यूक्रेन और गाजा-इजरायल में युद्ध छिड़ा है। ऐसे समय में गांधीजी की अहिंसा का दर्शन प्रयोग करके ही विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है। रेल मंत्रालय द्वारा दान की गई इस अनूठी प्रदर्शनी में महात्मा गांधी के युग का रेलवे कोच स्थापित किया गया है, जो उनकी प्रसिद्ध ट्रेन यात्राओं का प्रतीक है। ये यात्राएं राष्ट्र को एकजुट करने और न्याय और समानता की वकालत करने के उनके मिशन में सहायक थी। तीसरी श्रेणी के रेलवे डिब्बों में भारतीय उपमहाद्वीप में गांधी की शुरुआती यात्राएं भारत के बारे में उनकी समझ और एकजुट राष्ट्र के उनके दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण थीं। इन यात्राओं ने गांधी के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़ने, उनके संघर्षों को समझने और सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के अपने दर्शन को विकसित करने का एहसास हुआ। इस प्रकार रेलवे एकजुट, समावेशी भारत का ताना-बाना बुनने के उनके मिशन में एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया। गांधी दर्शन में रेलवे कोच गांधी की यात्रा और साथी यात्रियों के साथ बातचीत को दर्शाने वाली मूर्तियों से समृद्ध है, जो आगंतुकों को एक गहन अनुभव प्रदान करता है।

## मलाइका अरोड़ा के पिता ने आत्महत्या की

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**अभिनेत्री मलाइका** अरोड़ा के सौतेले पिता अनिल मेहता ने बुधवार सुबह मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित एक इमारत की छठी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मेहता (62) ने सुबह करीब नौ बजे बांद्रा के अलमेडा पार्क इलाके में स्थित आयशा मैनर नामक इमारत की छठी मंजिल से सुबह करीब नौ बजे छलांग लगा दी। वह अपनी पत्नी के साथ यहीं रहते थे। उन्होंने बताया कि घटना के समय मलाइका पुणे में थीं। बाद में, मेहता के परिवार ने एक संयुक्त बयान मेंकहा कि वे उनके निधन से गहरे सदमे में हैं। इस पर मलाइका अरोड़ा, उनकी मां जॉयस और उनकी बहन अमृता ने भी हस्ताक्षर किए हैं। अरोड़ा के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर साझा किए गए बयान में कहा गया, हमें अपने प्रिय पिता अनिल मेहता के निधन की घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है। वह एक सज्जन व्यक्ति, एक समर्पित दादा, एक प्यारे पति और हमारे सबसे अच्छे दोस्त थे।

# सेमीकॉन इंडिया- डाटा सेंटर का हब बना यूपी: योगी

● बोले, आईटी इंडस्ट्री को प्रदेश में उद्योग का दर्जा देने का निर्णय लिया ताकि कम दरों में जमीन दी जा सके

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सेमीकॉन इंडिया -2024 के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

सेमीकॉन इंडिया -2024 के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में प्रदेश ने लगातार टॉप अचीवर का दर्जा हासिल किया है।

सेमी कंडक्टर, आईटी, आईटीएस, डाटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस-एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, वेयर हाउसिंग-लॉजेस्टिक, एमएसएमई, टेक्सटाइल और टूरिस्ट समेत 27 सेक्टर पॉलिसी लागू हैं। यूपी में एफबीआई फॉर्च्यून ग्लोबल इंडिया 500, फॉच्यून इंडिया 500 के लिए भी नीति है। योगी ने कहा- यहां कई कंपनियां स्थानीय प्रतिभा को फायदा पहुंचाने में और सेमी कंडक्टर डिजाइन के मैन्युफैक्चरिंग में अपना योगदान दे रही हैं। इसको देखते हुए आईटी इंडस्ट्री को प्रदेश में उद्योग का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। जिससे आईटी कंपनियों को कम दर में जमीन दी जा सके। 150 किलोवॉट विद्युत आपूर्ति सभी आईटी कंपनियों को दी जा सके। योगी ने कहा- आज यूपी डाटा सेंटर के एक बड़े हब के रूप में विकसित हुआ है। प्रदेश में सेमी कंडक्टर कंट्रोल माहौल तैयार करने के लिए यूपी में सेमी कंडक्टर नीति 2024 लागू की गई है। इस नीति में पूंजीगत सहायता, ब्याज, उत्पादन, विद्युत शुल्क और स्टैंप में छूट के प्रावधान किए गए हैं। यूपी वैश्विक सेमी कंडक्टर डिजाइन इंजीनियर के हब के रूप में स्थापित हो रहा है। योगी ने कहा- पिछले कुछ वर्षों में यूपी में जो प्रयास शुरू हुए। आज उसका परिणाम है कि देश की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के 55 प्रतिशत और मोबाइल कंपोनेंट का 50 प्रतिशत उत्पादन यूपी में हो रहा है। यूपी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक के निर्यातक के रूप में उभरा है। सैमसंग इंडिया ने डिस्प्ले यूनिट प्लांट की स्थापना का निवेश भी इसी नोएडा में किया है।

सीएम योगी ने कहा- साल 2020 में इस सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड-19 के कारण काम लगातार प्रभावित रहा। एक ओर कोविड-19 का दुष्प्रभाव, तो दूसरी ओर राजनीतिक वैश्विक तनाव से ग्लोबल सप्लाई चेन पर एक बुरा असर पड़ा। सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री भी इससे प्रभावित हुई। उस समय हमने देखा होगा कि ऑटो मोबाइल, मेडिकल या इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर इससे सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। पीएम मोदी की विजनरी लीडरशिप की वजह से हम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़े। यूपी में भी इस दिशा में आईटी सेक्टर, सेमी कंडक्डर, डाटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष ध्यान देने और इस दिशा में नए प्रयास के लिए यह काम शुरू किया गया। ज्ञात हो कि 3 दिन में सरकारी प्रतिनिधियों और 29 देशों से आए डेलिगेशन के साथ बैक टू बैक 2000 बैठक की जाएंगी। जिसमें यूपी में लागू सेमी कंडक्टर पॉलिसी उसके फायदे और निवेशकों को प्रदेश और भारत सरकार की ओर से दी जाने वाली रिबेट के बारे में बताया जाएगा। सेमीकंडक्टर नीति के तहत भारत सरकार की ओर से कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी दी जाएगी।

पॉलिसी में कंपाउंड सेमीकंडक्टर, सिलिकन फोटोनिक्स, सेंसर, एटीएमपी, ओएसएटी के लिए 75 प्रतिशत की लैंड रिबेट दी जाएगी। डुअल ग्रिड नेटवर्क के साथ ही 10 सालों के लिए इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी में 100 की छूट मिलेगी।

## अश्विनी वैष्णव बोले- देश में 85 हजार से ज्यादा इंजीनियर बनेंगे

*केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री हमारे प्रधानमंत्री जी का विजन है। इसके लिए हम उनका धन्यवाद देते हैं। सेमी कंडक्टर से बस, कार, ट्रक और मोबाइल फोन समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ऑन और ऑफ होते हैं। सेमी कंडक्टर प्रोग्राम से अगले 10 सालों में 85 हजार से ज्यादा इंजीनियर बनेंगे। देश की यूनिवर्सिटी में नए कोर्स की शुरूआत होगी।*

## संक्षिप्त समाचार



डेल्टा-1, मेट्रो स्टेशन व आस-पास के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गश्त करती पुलिस।

### चोरी की कार और देसी तमंचा जब्त

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गश्त के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से बिना नंबर प्लेट की एक मारुति ब्रेजा कार तथा देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सेक्टर-37 के चौकी प्रभारी अंकुर चौधरी ने सेक्टर-44 के पास से इरफान पुत्र आस मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने चोरी की एक मारुति ब्रेजा कार तथा देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसके गैंग में चांद, आरिफ, आसीफ सहित कई बदमाश शामिल है।

### साद मिया खान बने गौतमबुद्धनगर के डीसीपी

**नोएडा।** शासन ने पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल यादव का तबादला कर दिया है। वहीं अपर पुलिस उपायुक्त सादमिया खान को उपायुक्त बना दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल यादव को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। वहीं अपर पुलिस उपायुक्त साद मिया खान की प्रोन्नति करके गौतमबुद्धनगर में ही पुलिस कमिश्नरेट में उपायुक्त के पद पर तैनात किया गया है। इस बीच कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अपर पुलिस उपायुक्त लखन सिंह यादव को पुलिस उपायुक्त के पद पर गौतमबुद्धनगर भेजा गया है। शासन ने प्रदेश में 17 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपना पदभार ग्रहण कर लें।

### प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

**नोएडा।** थाना बादलपुर में एक व्यक्ति ने तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। उनका आरोप है कि उन्होंने प्लाट बेचने के नाम पर उनके पिता से लाखों रुपए ले लिया, लेकिन धोखाधड़ी कर उनके नाम प्लाट ट्रांसफर नहीं किया। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को दीपक शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रवीण कुमार शर्मा, प्रदीप, परवीन निवासी गांव छपरौला ने उनके पिता राज किशोर शर्मा से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवंटित की गई 190 वर्ग मीटर जमीन को बेचने के लिए सौदा किया। पीड़ित के अनुसार इन लोगों ने उनसे करीब 80 लाख 75 हजार रुपए ले लिया लेकिन धोखाधड़ी करके प्लाट उनके नाम ट्रांसफर नहीं किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**नोएडा।** थाना फेस-2 में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तो ?कर दुकान में रखे एक लाख 30 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि रवि गौतम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एक स्टूडियो चलाता है। पीड़ित के अनुसार वह दोपहर के समय अपने घर पर खाना खाने गया था, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दुकान के गले में रखे 1,30,000 नकद चोरी कर लिया।

### मोबाइल चोरी कर खाते से निकाले 95 हजार

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेसवे में एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया तथा उसके मोबाइल फोन की सहायता से उसके खाते से 95 हजार रुपया निकाल लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अनमोल कुमार पुत्र अवधेश मंडल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मौजूदा समय में हाजीपुर गांव सेक्टर-135 में रहता है।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश धरे





● जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों को लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर-58 पुलिस की 3 बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। इस दौरान दो आरोपियों को पुलिस की गोली लगी। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि पुलिस इंडस वैली स्कूल के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर-62 के पास आती हुई एक संदिग्ध बाइक आती दिखी।

पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। पहले बदमाशों ने बाइक रोकी फिर तेजी से भागे। पुलिस को शक होने पर वॉर्निंग दी गई। इसके बाद करीब 600 मीटर तक पीछा किया। बैलेंस बिगड़ने पर बदमाशों की बाइक फिसल गई। बदमाशों ने भागते समय पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई में 2 बदमाश सालिक उर्फ सादिक और दीपक के पैर में गोली लगी। इससे दोनों वहीं गिर गए।

तीसरा बदमाश भागने लगा। उसे दौड़ाकर पकड़ा गया। बदमाशों के कब्जे से एक बाइक हीरो एचएफ डिलक्स, 2 तमंचा, 1 जिन्दा और 2 खोखा कारतूस .315 बोर, 5 लूटे गए मोबाइल फोन, लूटे गए 2300 रुपए नगद व एक लाल रंग का पिट्ठू बैग बरामद हुआ है। पूछताछ करने पर बदमाशों ने बताया गया- एक मोबाइल फोन व 2300 रुपए रात में बड़े डी पार्क और अन्य मोबाइल छोटे डी पार्क व अन्य क्षेत्रों से लूटे गये थे।

इससे पहले भी यह लोग लूट की कई घटनाएं नोएडा में कर चुके हैं। ये बदमाश पहले भी मेरठ व अन्य जिलों से लूट व चोरी में जेल जा चुके है। घायल बदमाशों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए।

## ट्रक ने युवक को कई मीटर तक घसीटा, मौत

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में नए बन रहे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को कुचल दिया। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक कई मीटर तक युवक ट्रक के साथ घसीटता हुआ चला गया। युवक की मौके पर मौत हो गई। मूल रूप से बागपत का रहने वाला गुल्लू बंसल ख्वाजा पार्क, राम पार्क इलाइचीपुर लोनी गाजियाबाद में रहता था। गुल्लू बंसल प्राइवेट जॉब करता था। बुधवार को भी वह अपनी बाइक से नौकरी के लिए निकला था। जब वह निर्माणधीन दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर आया, तो एक ईंट लदे ट्रक ने उसको कुचल दिया।

# परीक्षणशाला परखेगी ड्रोन की गुणवत्ता

● केंद्र सरकार ने दी मंजूरी, नोएडा में एयरोस्पेस कंपनी में पहला परीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) ने ड्रोन की गुणवत्ता जांचने के लिए गाजियाबाद की राष्ट्रीय परीक्षणशाला को अंनतिम रूप से मंजूरी दे दी है। इस परीक्षण शाला (एनटीएच) के ऑडिटरों की एक टीम 11-12 सितंबर को नोएडा की मैसर्स विमान एयरोस्पेस टेक्नोलॉजीज का दौरा करेगी। इस जांच का उद्देश्य कृषि क्षेत्र क्षेत्र के लिए बनाए गए ड्रोन मॉडल कृषिराज 1.0 का मूल्यांकन करना है। यह मूल्यांकन ड्रोन नियम-2021 के अंतर्गत भारत में संचालित होने वाले ड्रोन के लिए अनिवार्य शर्त और प्रकार प्रमाणन हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एनटीएच गाजियाबाद की शाखा ये सुनिश्चित करेगी कि भारत में बनने वाले ड्रोन सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रदर्शन के मामले में उच्चतम मानकों का पालन कर रहे हैं। राष्ट्रीय परीक्षणशाला का मुख्यालय कोलकाता में है। देश में इसके 6 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इसमें एक गाजियाबाद भी है। यहां गोला-बारूद छोड़कर सभी सामान, उत्पादों, उपकरणों का परीक्षण एवं मूल्यांकन होता है। यहां ये तय होता है कि उक्त चीजें मानक अनुसार बनाई गई हैं अथवा नहीं। परीक्षणशाला का प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही भारत में उन चीजों को प्रयोग करने की अनुमति होती है। अब गाजियाबाद स्थित परीक्षणशाला को ड्रोन के प्रमाणन की भी स्वीकृति मिल गई है। ये पहल पहल भारत को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने, सुरक्षित और प्रमाणित ड्रोन का समर्थन करने के सरकार के विजन के अनुरूप है। राष्ट्रीय परीक्षण शाला (एनटीएच) प्रमाणन प्रक्रिया के लिए 1.5 लाख रुपये के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी शुल्क पर अपनी ड्रोन प्रमाणन सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# गाजियाबाद में नमो ट्रेन का पर्यावरण के लिए नई पहल

● स्टेशन के रूफ शेड पर लगेंगे 900 सोलर पैनल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर बनाया जा रहा न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन पर्यावरण फ्रेंडली होगा।

सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस स्टेशन के रूफ शेड पर 900 सोलर पावर पैनल लगाए जायेंगे। जिसके अंतर्गत हर साल साढ़े 6 लाख यूनिट से ज्यादा बिजली पैदा होगी। साथ ही इस स्टेशन पर बारिश के पानी के संचयन का भी प्रावधान किया जा रहा है। जिसके लिए रेनवॉटर हार्वेस्टिंग पिट्स बनाए जा रहे हैं। साथ ही आस-पास की हरियाली के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। वर्तमान में स्टेशन की छत (रूफ स्ट्रक्चर) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके निर्मित होते ही इसके ऊपर सोलर पावर पैनल स्थापित किए जाएंगे। यहां उत्पादित बिजली का इस्तेमाल स्टेशन की लाइटिंग तथा अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों आदि को चलाने के लिए किया जाएगा। एनसीआरटीसी द्वारा एक सौर नीति अपनाई गई है। जिसका लक्ष्य अपने पूरे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडॉर में 11 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा उत्पन्न करके नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को बढ़ाना है। इस पहल के अनुरूप ही आरआरटीएस स्टेशनों, डिपो, आरएसएस और अन्य इमारतों के ऊपर सोलर पावर पैनल लगाए जा रहे हैं। जिससे सालाना 11,500 टन सीओ2 उत्सर्जन में कमी आना अनुमानित है। जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा कदम साबित होगा।

**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**

My client Smt Rakhi Chauhan W/o Sh Ashok Kumar has lost somewhere the original Sale Deed Dt.28/12/2015 (executed by Sh Ram Gopal S/o Sh Nanak Chand in favour of Smt Seema Rai W/o Sh Shankar Rai), Registered in the Book No-1, Volume No- 19264, Page No- 363 to 388 as document No. 26805, regarding the property/ Khet No- 676, Village Kulsera, Paragna Dadri, District Gautam Budh Nagar (UP) Police Report Dt. 04/09/2024 has already been lodged regarding the same. Smt Rakhi Chauhan W/o Sh Ashok Kumar is still the owner of the property/ Khet No- 676 and has absolute right to transfer the concerned property and if anyone has objection, contact on the mobile number given below within 7 days.

**Vinila Raghav, (Advocate) CH.NO-183A, WESTERN WING,TIS HAZARI COURT, DELHI-110054.**

I, Rohtash Kumar Rohit S/o Ram Chander R/o 168 IIIrd Floor, Vaishali, Pitampura, Delhi-34 have purchased a property bearing no B-14/1609 Project SUPERTECH address Eco Village -1 Supertech, Plot no -8, Sec.-1 Greater Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh -201303 have lost the Original Allotment Letter of the above said Property. I have request M/s SUPERTECH to issue me the duplicate allotment letter & all related receipts, etc. complete set of the said property. If anybody or Financial Institutions have objection he/she may contact to M/s SUPERTECH Ltd. Plot no C-2 Sec.-96 Noida -201303(U.P.) Within Fifteen Days.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Ruchika Aggarwal is the owner of Property bearing No. 3, area measuring 324 sq. mtrs., in Block-FD, situated in the Layout plan of Pitampura Residential Scheme, Pitampura, Delhi vide Sale Deed dt. 30.03.2022, vide Document No. 4409 executed by Mrs. Pinki and Mrs. Manju. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to mortgage the said property to HDFC Bank, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/ mortgage/litigation & any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

ICICI Bank | **शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचनाः
बिल्डर निरस्तीकरण

सार्वजनिक सूचनाः
आपके ध्यान में लाया जाता है कि दीपक गोयल/कृति गोयल (उधारकर्ता/ओं) ने फ्लैट सं. 8242, 24वीं मंजिल, एटीएस एल्योर टावर 8, पॉकेट-पी7, सेक्टर-22डी यमुना, एक्सप्रेस, नोएडा- 201307 में स्थित, सुविधा समझौता सं. LBDEL00003769496 के अंतर्गत गृह ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। उधारकर्ता/ओं समझौते के नियमों और शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदागत राशि का भुगतान करने में विफल रहा है।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 02 मार्च, 2024 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एटीएस रियल्टी प्रा. लि. ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतः आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया यह भी ध्यान दे कि उक्त संपत्ति के आबंटन निरस्त करने के पश्चात आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किए गए किसी भी अन्य आवंटन के लिए बाध्य और/या उत्तरदायी नहीं होगा।

दिनांक : सितम्बर 12, 2024 — कृते आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड
स्थानः दिल्ली/एनसीआर — हस्ता/-

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mrs. Jaspreet Singh had acquired Second Floor without roof rights, measuring 75 sq. yds. Property no. B-119 New and Old No. WZ-319, situated in the area of Village Bassai Darapur in the abadi of Janta Colony, Shivaji Vihar, New Delhi vide Sale Deed dated 01.08.2004 executed by Mrs. Paramjeet Kaur, Now Mrs. Jaspreet Singh is the undisputed owner of the above said property.

OR

Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.

**Ajay Kumar Giri (Advocate) H No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi -110024**

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLNOD00448525<br>1. वरुण शर्मा<br>2. पिंकी शर्मा | फ्लैट नंबर एसएफ-3, दूसरी मंजिल, पीछे बाईं तरफ, प्लॉट नंबर 3/ 928 सेक्टर 3, वसुंधरा, गाज़ियाबाद-201012, उत्तर प्रदेश | 08.08.2024 | रू. 24,40,730.21/- (रुपए चौबीस लाख चालीस हजार सात सौ तीस और इक्कीस पैसे मात्र) 02.09.2024 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।
उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, "कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता"
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं।

कृते सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
स्थान : गाज़ियाबाद — प्राधिकृत अधिकारी

# गाजियाबाद में कस्तूरबा स्कूल से लापता तीनों छात्राएं मिलीं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● सीसीटीवी में हुआ खुलासा, अपनी मर्जी से गई थी

गाजियाबाद के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सिहानी गेट से लापता तीन छात्राएं मंगलवार रात खुद अपने घर पहुंच गईं। हालांकि छात्राओं के अभी तक स्कूल से जाने की ठोस वजह पता नहीं चल पाई है।

पुलिस तीनों छात्राओं से पूछताछ कर रही है। कस्तूरबा स्कूल की वार्डन सविता त्यागी के अनुसार- 9 सितंबर की रात 85 छात्राएं अपने डोरमैट्री में सोई थीं। उनके कमरे में शिक्षिकाएं भी सो रही थीं।

10 सितंबर की सुबह 3 छात्राएं मिसिंग मिलीं। इसमें 7वीं की दो और आठवीं की एक छात्रा थी। इस संबंध में सिहानी गेट थाने में मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जब स्कूल परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो तीनों छात्राएं एकसाथ दीवार कूदकर जाती हुई दिखीं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया- पुलिस की कई टीमें छात्राओं को खोजने में जुटी हुई थीं। इसी बीच पता चला कि तीनों छात्राएं मंगलवार रात अपने-अपने घरों पर पहुंच गई हैं। चूंकि पुलिस पहले से ही छात्राओं के परिजनों से संपर्क में थी, इसलिए परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने थाना सिहानी गेट लाकर तीनों छात्राओं से पूछताछ की। छात्राओं ने स्कूल परिसर से जाने की ठोस वजह अभी नहीं बताई है। ज्ञात हो कि छात्राएं नाबालिग होने के कारण प्रशासन में हड़कंप मच गया था। स्कूल की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए थे।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लाट संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4 ग्रेटर नोएडा सिटी,
जिला-गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)

**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत M/s D.S.D. Homes Pvt. Ltd. भूखण्ड संख्या-CP-GH-05B, Sector-Techone-04, Greater Noida को दिनांक 10.09.2013 को मानचित्र स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त विकासकर्ता द्वारा (Group Project) का पुनरीक्षित मानचित्र स्वीकृति हेतु ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन संख्या-SCR-21729 दिनांक 29.07.2024 को आवेदन किया गया है। तत्क्रम में UP Apartment Act&-2010, Amendment 2016 in section-4 Sub Section-B के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियो से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्रावधान है। इस सम्बन्ध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत स्वीकृति मानचित्र एवं Declaration as per UP Apartment Act-2010 परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9.30 से सायं 6:00 वजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्राधिकरण की वेवसाईट पर किया जा सकता है। अतः उपरोक्त परियोजना के आवटियों द्वारा Sanction Map एवं Declaration as per UP Apartment Act-2010 के सम्बन्ध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तिया / सुझाव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्तिया लिखित रूप में अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाप नम्वर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1, सेक्टर-नॉलेज पार्क 4, ग्रेटर नौएडा में स्थित महाप्रवन्धक (नियोजन/वास्तु.) को सम्वोधित करते हुए सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी जा सकती है।

-Sd-
महाप्रबन्धक (नियो./वास्तु.)
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# बाइक चोरी के शक में हुई थी नरेश की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● पुलिस ने मामले में तीन लोगों को किया गिरफ्तार



मोदीनगर के विद्यापुर गांव निवासी नरेश कुमार (28) की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस का दावा है कि बाइक चोरी के शक को लेकर हुए झगड़े में मोहित, अमर और रोहित ने नरेश के मुंह और सिर पर ईट मारकर उसकी हत्या की थी। अमर ने नरेश के हाथ पकड़े जबकि रोहित ने पैर और मोहित ने पास पड़ी ईट से उसके मुंह और सिर पर ताबड़तोड़ वार किए।

नरेश की हत्या करने के बाद शव ईख के खेत में फेंक दिया और बाइक गड्ढे में गिरा दी। घटना के समय मोहित की जेब से उसके पिता सतेन्द्र का मतदाता पहचान पत्र और फोटो कॉपी घटनास्थल पर गिर गई। जिसके सहारे पुलिस हत्यारोपियों तक पहुंची। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर खून से सनी ईट और बाइक बरामद कर ली। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने बताया कि परिजनों ने पहले नरेश कुमार की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बीती 30 अगस्त की रात मोदीनगर-हापुड़ रोड पर भोजपुर स्थित केएस जैन कॉलेज के सामने ईख के खेत में युवक का शव बरामद हुआ था। शव नरेश के भाई अजय को दिखाया तो वह भाई का शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। नरेश के सिर और मुंह पर ईट से वार कर हत्या की गई थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भारी वस्तु के प्रहार से हत्या की पुष्टि हो गई। पुलिस ने भाई अजय कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने बताया कि घटनास्थल के पास सतेन्द्र निवासी पट्टी गांव का वोटर आईडी कार्ड और उसकी दो फोटो कॉपी मिली। पुलिस ने सतेन्द्र से पूछताछ की तो उसने पुलिस को गुमराह करते हुए जानकारी दी। उसका पहचान पत्र कई साल पहले गुम हो गया था। पुलिस ने पूछा कि पहचान पत्र खोने के बाद मतदान कैसे किया। इस पर सतेन्द्र ने दूसरा पहचान पत्र बनवाने की जानकारी दी।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 25 साल के कुंदन ने फांसी लगाकर जान दे दी। घर में एक सुसाइड नोट मिला। ये आखिरी नोट उसने अपनी दीदी, प्रेमिका और जीजा के लिए लिखा। लेकिन मरने की वजह नहीं बताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिहार में जिला मुजफ्फरपुर के गांव कटवा निवासी कुंदन कुमार गाजियबद में नंदग्राम थाना क्षेत्र के बनवारीनगर में किराए के मकान में रहता था। वो एक निजी कंपनी में जॉब करता था। मंगलवार सुबह कुंदन ने फांसी लगाकर जान दे दी। चादर के सहारे उसका शव पंखे से लटका मिला। मकान मालिक ओमवीर सिंह ने ये देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# ई-रिक्शा नहीं चले तो दफ्तरों में जड़ेंगे ताला: विधायक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● बोले- उपचुनाव में भाजपा को हराने की साजिश रच रहे कुछ अफसर

गाजियाबाद पुलिस ने दो रूट पर ई-रिक्शों का संचालन बंद किया है। इसे लेकर विरोध तेज होता जा रहा है। लोनी क्षेत्र से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर इस फैसले के खिलाफ मुखर हो गए हैं।

उन्होंने दो टूक कहा है कि अगर ये फैसला वापस नहीं लिया तो मैं खुद ई-रिक्शा चलाकर सड़कों पर निकलूंगा और पुलिस कमिश्नरेट के दफ्तरों में तालाबंदी करुंगा।

बुधवार को जारी बयान में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब मजदूरों को ई-रिक्शा की सौगात दी। इससे पहले लोगों को बुढ़ापे में रिक्शा खींचना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने ऐतिहासिक सौगात देने का काम किया। उसके बाद ये लोग भाजपा को वोट देने लगे।

अब कुछ अधिकारी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को हराने की साजिश रच रहे हैं और इस तरह के आदेश जारी कर रहे हैं। भाजपा पूरी तरह गरीबों के साथ है। ई-रिक्शा संचालकों का दमन करना निंदनीय है। मुझे उम्मीद है कि भगवान पुलिस अफसरों को सद्बुद्धि देगा।

# यातायात नियम: चालान भरने में देरी पड़ेगी महंगी

## जुर्माने का निपटान के लिए प्रोत्साहित करने, कोर्ट और परिवहन विभाग पर काम का बोझ कम करने की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने यातायात अपराधों के लिए चालान राशि के 50 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज (कम्पाउंडिंग) लगाने की घोषणा करने के साथ प्रवर्तन के लिए डीटीसी के एटीआई को सशक्त बनाया है। दिल्ली सरकार ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो-आयामी रणनीति के तहत, मोटर वाहन अधिनियम की विशिष्ट धाराओं के तहत यातायात अपराधों के लिए चालान राशि के 50 प्रतिशत पर समझौता करने की घोषणा की है। यह प्रावधान यात्रियों को यातायात जुर्माने का निपटान करने के लिए प्रोत्साहित करके उनकी सुविधा सुनिश्चित करेगा और अदालतों और परिवहन विभाग पर काम का बोझ कम करेगा।

मौजूदा अपराधों के लिए अधिसूचना के 90 दिनों के भीतर या अधिसूचना के बाद जारी किए गए नए चालानों के लिए 30 दिनों के भीतर चालान का निपटान किया जाना चाहिए। इन धाराओं में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 177, 178(1) या (2), 178(3)(ए), 178(3)(बी), 179(1) या (2), 180, 181, 182(1), 182(2), 182ए(1), 182ए(3), 182ए(4), 182बी, 183(i), 183(ii), 184, 186, 189, 190(2), 192(1), 192ए, 194(1), 194(2), 194ए, 194बी (1) और (2), 194सी, 194डी, 194ई, 194एफ (ए) और (बी), 196 और 198 शामिल हैं। इन धाराओं में वाहन मालिक द्वारा अनधिकृत व्यक्ति को वाहन चलाने की अनुमति देना, वैध लाइसेंस के बिना वाहन चलाना, खतरनाक ड्राइविंग, मानसिक या शारीरिक रूप से वाहन चलाने के लिए अयोग्य होने पर वाहन चलाना, सार्वजनिक स्थान पर बिना अनुमति के मोटर वाहनों के बीच रेस या स्पीड ट्रायल में भाग लेना या अनुमति देना, बिना बीमा वाले वाहन चलाना, बिना पंजीकरण के मोटर वाहन चलाना आदि शामिल हैं। इस प्रावधान का उद्देश्य नागरिकों को अपने यातायात जुर्माने को तुरंत चुकाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे लंबे कानूनी विवादों से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त, दिल्ली सरकार ने दिल्ली यातायात पुलिस और परिवहन विभाग के हेड कांस्टेबल और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के साथ-साथ दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के सहायक यातायात निरीक्षकों (एटीआई) को मोटर वाहन अधिनियम 1988 की कुछ धाराओं के तहत यातायात अपराधों को कम करने के लिए अधिकृत किया है।



फाइल फोटो

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, चक्रवृद्धि (कंपाउंडिंग) शुल्क को तर्कसंगत बनाकर और कंपाउंडिंग शक्तियों को सौंपकर, हम नागरिकों के लिए यातायात नियमों का पालन करना आसान बना रहे हैं और साथ ही प्रवर्तन प्रयासों को बढ़ा रहे हैं। इससे सार्वजनिक परिवहन में सुगमता आएगी और हमारी सड़कें सुरक्षित और अधिक व्यवस्थित रहेंगी। यह निर्णय सार्वजनिक सुरक्षा उपायों को कारगर बनाने और यातायात नियमों के प्रवर्तन में सुधार के लिए केजरीवाल सरकार के चल रहे प्रयासों के अनुरूप है।

परिचालन घंटों के दौरान बस लेन में संचालित करने के लिए एटीआई को सशक्त बनाने से वास्तविक समय में प्रवर्तन सुनिश्चित होगा और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों, विशेष रूप से बसों के सुचारू संचालन में सहायता मिलेगी।

विभिन्न अधिकारियों को जुर्माने के संयोजन का यह कार्य परिवहन विभाग के अधिकारियों के बढ़ते कार्यभार को संबोधित करता है, जबकि जमीनी स्तर पर प्रवर्तन को और अधिक कुशल बनाता है।

# डूसू चुनाव में महिलाओं के आरक्षण पर जल्द फैसला ले डीयू: अदालत

● उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय को तीन सप्ताह का दिया समय





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से आगामी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर निर्णय लेने को कहा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्राधिकारियों को याचिकाकर्ता द्वारा दिए प्रतिवेदन पर कुलपति जल्द से जल्द और संभवत: तीन सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार फैसला लें।

अदालत ने डूसू चुनाव में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का अनुरोध करने वाली एक याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता शबाना हुसैन की ओर से पेश वकील आशु बिधूड़ी ने कहा कि छात्र संघ चुनावों में धन और बल का बहुत ज्यादा प्रयोग होता है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं की भागीदारी बहुत कम होती है। हुसैन ने कहा कि इन चिंताओं के मद्देनजर उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख कर यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव में आरक्षण के जरिए महिलाओं का प्रतिनिधित्व हो। चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 17 सितंबर को शुरू होनी है। याचिकाकर्ता ने कहा कि छात्र संघ चुनाव में लैंगिक समानता की आवश्यकता है और उन्होंने विश्वविद्यालय को लिंगदोह समिति की सिफारिशों का पालन करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। शीर्ष अदालत के एक आदेश के बाद, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने पूरे देश में विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र निकायों और छात्र संघ चुनावों से संबंधित मुद्दों पर सिफारिशें करने के लिए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त जे एम लिंगदोह की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था।

# बायो डी-कंपोजर के मुफ्त छिड़काव के लिए 841 किसानों ने भरा फॉर्म



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिल्ली सरकार ने 5 हजार एकड़ खेतों का रखा लक्ष्य

केजरीवाल सरकार इस साल भी धान की पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निशुल्क छिड़काव करेगी। इसके छिड़काव से किसानों को पराली नहीं जलानी पड़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होगा और खेतों की उपजाऊ क्षमता भी बढ़ेगी। विकास मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कृषि विभाग और पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की।

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में खेतों में पैदा किए जा रहे बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार मुफ्त में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। इसके छिड़काव के लिए अभी तक 841 किसानों ने फॉर्म भर दिया है। सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करने का लक्ष्य रखा है। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्दियों के मौसम में होने वाली प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए सरकार लगातार अलग-अलग विभागों के साथ बैठक कर अपना विंटर एक्शन प्लान बनाने की तरफ बढ़ रही है।

सभी विभागों को विंटर एक्शन प्लान को लेकर 21 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके तहत पर्यावरण विभाग विंटर एक्शन प्लान की संयुक्त कार्य योजना तैयार कर रही है। इस वर्ष के 21 फोकस बिंदुओं में शामिल पराली जलाना भी सर्दियों के मौसम में प्रदूषण की समस्या को बढ़ाने में एक एहम भूमिका निभाता है।

ऐसे में इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें, इसलिए हमारी सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निशुल्क छिड़काव करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार द्वारा इस साल पराली गलाने के लिए 5000 एकड़ से ज्यादा खेतों में नि:शुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव कराया जाएगा। अभी किसानों से फॉर्म भरवाया जा रहा है। अगर जरूरत हुई तो और भी खेतों में इसका छिड़काव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूसा संस्थान बायो डी-कंपोजर दिल्ली सरकार को मुहैया करा रही है।

## बीएसएफ कैंप में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में छावला इलाके में स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कैंप की एक इमारत में आग लग गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग के कारण जान-माल की कोई हानि नहीं हुई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, मंगलवार दोपहर 12:11 बजे पीसीआर से छावला पुलिस थाने को बीएसएफ कैंप की एक इमारत में आग लगने की सूचना मिली।

पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि वायर पैनल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

# भाजपा ने पूछा, जेल से कैसे सरकार चला रहे केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर दागे 10 सवाल

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे भाजपा विधायकों ने बुधवार को प्रदेश सरकार सत्तारूढ़ पार्टी से पूछा कि वह बताए कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार कैसे चला रहे हैं और पिछले पांच महीनों में उनके द्वारा लिए गए निर्णयों की सूची भी पेश करें।

विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में आप से 10 सवाल पूछे और मांग की कि वह मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा जेल से लिए गए फैसलों की सूची पेश करे। आप की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार को पिछले दरवाजे से गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। यह आरोप ऐसे समय लगाया गया, जब एक दिन पहले ही राष्ट्रपति सचिवालय ने विपक्षी दल भाजपा के एक ज्ञापन को गृह मंत्रालय के पास समुचित ध्यान देने के लिए भेजा था। गुप्ता ने कहा कि यदि आप 10 सवालों का जवाब देने में विफल रहती है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सत्तारूढ़ पार्टी के पास संवैधानिक संकट और संविधान के उल्लंघन का कोई जवाब नहीं है और उसकी (आप की) सरकार दोषी है। भाजपा नेता ने आप से यह भी जवाब मांगा कि पिछले आठ महीनों में केजरीवाल की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय सिविल सेवा प्राधिकरण की कोई बैठक क्यों नहीं हुई। उन्होंने पूछा कि पिछले कैबिनेट की कितनी बैठक हुईं और उनमें क्या निर्णय लिए गए तथा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए छठे दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिशें क्यों लागू नहीं की गईं। आबकारी नीति घोटाला मामले में मार्च में गिरफ्तारी के बाद से केजरीवाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं।



संवाददाता सम्मेलन में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता, अन्य

# दुर्गेश को जमानत, केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**आबकारी नीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता दुर्गेश पाठक को कथित आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में बुधवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)कर रही है।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने, हालांकि इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ा दी। न्यायाधीश ने यह आदेश उस वक्त पारित किया जब आरोपी को पहले के आदेश के मुताबिक उसके समक्ष पेश किया गया। न्यायाधीश ने तीन सितंबर को केजरीवाल, पाठक और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए कहा था कि उनके खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

उन्होंने न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल के लिए पेशी वारंट जारी किया था और पाठक को 11 सितंबर को (आज) तलब किया था। सीबीआई ने कुछ सप्ताह पहले केजरीवाल, पाठक, विनोद चौहान, आशीष माथुर और शरत रेड्डी के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दायर किया था। एजेंसी ने पिछले महीने अदालत को सूचित किया था कि उसने मामले में केजरीवाल और पाठक पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त कर ली है। सीबीआई ने दावा किया है कि कथित आबकारी घोटाले से प्राप्त धन केजरीवाल की इच्छा के अनुसार खर्च किया गया।

सीबीआई के अनुसार, उन्होंने 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी के प्रत्येक उम्मीदवार को 90 लाख रुपए देने का वादा किया था। एजेंसी ने अदालत से आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने का आग्रह करते हुए यह दलील दी थी। आरोप-पत्र में दावा किया गया है कि सह-आरोपी और आप के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को केजरीवाल ने साउथ ग्रुप के साथ सौदेबाजी करने के लिए नियुक्त किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुरी मस्जिद के पास भाजपा का सदस्यता अभियान



**नई दिल्ली।** फतेहपुरी मस्जिद के समीप भाजपा का सदस्यता कैंप लगाया गया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली के प्रभारी कारी मोहम्मद हारून, मोर्चा के अध्यक्ष अनीश अब्बासी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अब्बासी ने बताया सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों व मुस्लिम महिलाओं ने भाजपा का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक इरफान सलमानी, आमिर अहमद, इरफान मलिक, मो इदरीश सहित अनेकों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे और सभी ने लोगों को सदस्यता ग्रहण करवाई।

### पेट्रोल-डीजल की दरें घटाने की मांग

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पेट्रोल-डीजल की दरों में कमी लाने की गुहार लगाई है। चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने बताया कि अमेरिका के बाजार में कच्चे तेल की कीमत 65 डॉलर प्रति बैरल हो गई है जबकि ब्रैंट क्रूड ऑयल की कीमत 69 डॉलर प्रति बैरल हो गई है, यह 2021 के बाद सबसे बड़ी गिरावट है। सीटीआई महासचिव विष्णु भार्गव और गुरमीत अरोड़ा ने बताया कि पेट्रोलियम कंपनियों ने 6 अप्रैल 2022 के बाद से कटौती नहीं की है। 116 डॉलर प्रति बैरल से कच्चा तेल 65 डॉलर तक पहुंच गया है। सीटीआई वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक गर्ग और उपाध्यक्ष राहुल अदलखा ने बताया कि सरकार कहती है कि तेल कंपनियों को अधिकार है।

### कर्मचारियों के लिए दो स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से उप क्षेत्रीय कार्यालय, ओखला एवं कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल ओखला के सयुंक्त प्रयास से बुधवार को एयर इंडिया सेट्स एयर पोर्ट सर्विसेस प्रा लि, इंदिरगांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और ए टू जेड इंफ्रा सॉल्यूशन्स प्रा लि, ईस्ट किदवई नगर, दिल्ली में दो स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। हवाई अड्डे पर आयोजित शिविर में डॉ. अफजल अंसारी, श्रवण कुमार एवं राज कुमार और ए टू जेड इंफ्रा सॉल्यूशन्स प्रा लि, ईस्ट किदवई नगर, दिल्ली में डॉ शिखा, श्याम लाल मीना व जितेंद्र सिंह द्वारा सेकड़ों कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच की। इस अवसर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय ओखला के चंद्रभानू झा (उप निदेशक प्रभारी), संत सिंह (सहायक निदेशक) एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कामता प्रसाद मौजूद थे।

### महापौर से मिले रामलीला समिति के लोग



**नई दिल्ली।** रामलीला कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की मेयर डॉ शैली ओबेरॉय से बैठक कर रामलीला के दौरान रामलीला ग्राउंड में आवश्यक प्रबंध करने का आग्रह किया। मेयर ने 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न निगम सुविधाएं प्रदान करने के लिए संबंधी विभागों को आदेश भी जारी किए। इस मौके पर सिटीएसपी जोन के बार्ड अध्यक्ष मोहम्मद सादिक और चांदनी चौक से पार्षद श्री पुनरदीप सिंह साहनी और वार्ड कमेटी डिप्टी चेयरमैन पार्षद किरण बाला भी उपस्थित रही।

## बारिश के बाद कई हिस्सों में यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** बुधवार को बारिश के बाद कई हिस्सों में यातायात बाधित होने से यात्रियों को असुविधा हुई। पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि क्षतिग्रस्त सड़का गड्ढों के कारण बाहरी रिंग रोड पर मधुबन चौक से पीरागढ़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ।

पुलिस ने एक अन्य पोस्ट में कहा, रोहतक रोड पर नांगलोई से टीकरी बॉर्डर की ओर जाने वाले मार्ग पर और इसके दूसरी ओर गड्ढों व जल जमाव के कारण यातायात प्रभावित हुआ है। कृपया मुंडका जाने से बचें और वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें। एक्सप्रेसवे पर अक्षरधाम से सराय काले खां की ओर भी यातायात जाम की स्थिति रही।

# त्रिलोकपुरी में पड़ोसन की चाकू मारकर हत्या

● आरोपी ने थाने जाकर खुद किया सरेंडर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कल्याणपुरी इलाके में एक पड़ोसी ने अपने घर के सामने रहने वाली महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या के पीछे पड़ोसी से छोटी छोटी बातों पर होने वाले झगड़े बताया जा रहा है। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर खुद को सरेंडर कर दिया।

मृतक महिला की पहचान रेखा (42) के रूप में हुई है वह अपने पति अशोक ओर दो बेटों के साथ 8/79, त्रिलोकपुरी में रहती थी। महिला का एक बेटा 20 वर्ष का ओर दूसरा 12 साल का है। बुधवार सुबह महिला का पति काम पर चला गया था। बड़ा बेटा जिम गया था, छोटा बेटा जो अपनी ताई के पास ग्राउंड फ्लोर पर सोया हुआ था, करीब छह बजे छोटा बेटा पहली मंजिल पर अपनी मम्मी के पास पहुंचा तो उसने देखा उसकी मम्मी फर्श पर लहूलुहान अवस्था में पड़ी हुई थी। उसने मामले की जानकारी अपनी ताई को दी, जिसके बाद महिला को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के पति अशोक ने बताया आरोपी को उनके छोटे बेटे ने भागते हुए देखा था जिसके हाथ में चाकू था, आरोपी ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे की तस्वीरों की जांच की तो पाया कि कुमार ने घर में प्रवेश किया था और बाहर निकला। पुलिस ने बताया कि महिला गृहिणी थी और आरोपी टैक्सी चालक था। अधिकारी ने कहा, हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए रख लिया है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।



मृतका की फाइल फोटो

# दिव्यांगों के लिए बुनियादी ढांचे की कमी पर कई अस्पतालों को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मुख्य आयुक्त कार्यालय ने शिकायत पर मांगा जवाब

दिव्यांगजनों के लिए मुख्य आयुक्त कार्यालय ने दिव्यांगों को पर्याप्त सुलभ बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने में विफल रहने के लिए दिल्ली के कुछ प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया है।

दिव्यांग जनों के लिए मुख्य आयुक्त की अदालत ने 70 फीसदी लोकोमोटर दिव्यांगता के शिकार प्रोफेसर सतेंद्र सिंह की ओर से दायर शिकायत पर केंद्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, सफदरजंग अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और सुचेता कृपलानी अस्पताल, राम मनोहर लोहिय अस्पताल और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद से जवाब मांगा।

लोकोमोटर दिव्यांगता का मतलब सेरेब्रल पाल्सी के किसी भी स्वरूप या हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों की स्थिति से है, जिससे व्यक्ति चलने-फिरने में असमर्थ हो जाता है। नोटिस और शिकायत की एक-एक प्रति पीटीआई से साझा की गई।

# मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग में बढ़ेगी 100 सीटें

● बच्चों का डॉक्टर-इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर रही दिल्ली सरकार: शिक्षा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग योजना में छात्राओं के लिए 100 सीटें बढ़ाने का फैसला किया है। इस स्कीम का लाभ ले रहे बच्चों से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसकी घोषणा की।

मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग योजना के जरिए दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का डॉक्टर-इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर रही है। इस स्कीम के जरिए हर साल कक्षा 9वीं और 11वीं के 300 बच्चों की टॉप कोचिंग संस्थानों में जेईई-नीट की फ्री कोचिंग के लिए चुना जाता है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने नीट-जेईई की फ्री कोचिंग पा रहे छात्रों से बातचीत की, कोचिंग के उनके अनुभवों को जाना और उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा आगे सत्र से मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग योजना में छात्राओं के लिए 100 अतिरिक्त सीटें बढ़ाई जाएंगी। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, इस स्कीम में एनरोल बच्चे दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों के लिए रोल मॉडल है। उन्होंने कहा कि, हमनें अपनी जिम्मेदारी निभाई है, अब स्टूडेंट्स की बारी है। वो अपना सपना पूरा करें और दुनिया को दिखाये कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे किसी से कम नहीं है। एसकेवी मंडवाली में ग्यारहवी की छात्रा स्वीटी झा ने साझा किया कि वो कृषि इंजीनियर बनना चाहती है। नवीं में ही इस स्कीम के तहत उन्हें फ्री कोचिंग सुविधा मिलने लगी जिससे उन्हें अपने इस सपने को पूरा करने में मदद मिली है।

एएसओएसई सेक्टर-11 रोहिणी की छात्रा आरना जायसवाल ने कहा कि मुझे कोचिंग के जरिए अपनी स्किल्स को बढ़ाने और अकेडमिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली है। यहां मेरा आत्मविश्वास बढ़ा जिसकी बदौलत पिछल दिनों मैं एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पेरिस भी गई।

एक अन्य छात्र ने साझा किया, मैंने 10वीं तक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई की और 11वीं में सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया। उस दौरान जेईई की परीक्षा की तैयारी के लिए एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में भी एडमिशन लेना चाहा लेकिन उसकी फीस 3 लाख रुपये थी। जिस कारण कोचिंग में एडमिशन नहीं ले पाया।



मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थी कोचिंग योजना के चयन छात्रों के साथ शिक्षा मंत्री आतिशी।

## सड़कों पर कूड़े का ढेर, मेयर दें इस्तीफा: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने महापौर शैली ओबराय से इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में सफाई का झांसा देते हुए 2022 का निगम चुनाव जीता था लेकिन दिल्ली में हर तरफ कूड़ा ही कूड़ा फैल गया है। राजधानी की ऐसी भयंकर स्थिति कभी नहीं बनी और इस कूड़े से कभी भी महामारी फैल सकती है। ऐसी हालत में महापौर को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी दिल्ली की स्थिति पर जिस प्रकार क्षोभ व्यक्त करते हुए कड़ी टिप्पणी की है, उसे देखते हुए स्पष्ट है कि नगर निगम में आम आदमी पार्टी पूरी तरह निष्क्रिय होकर बैठी हुई है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि नगर निगम ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा।

पायनियर
नई दिल्ली, गुरुवार, 12 सितंबर, 2024



# गुरुग्राम से दाखिल हुए 9 नामांकन

## पटौदी से एक, बादशाहपुर से छह व सोहना से सात उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पत्र

● नोमिनेशन फाइल करने का आज 12 सितंबर को आखिरी दिन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है जो कि 12 सितंबर तक जारी रहेगी। नामांकन प्रक्रिया के चलते बुधवार को जिला में 23 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए।

इनमें से पटौदी विधानसभा से एक, बादशाहपुर विधानसभा से छह, गुड़गांव विधानसभा से नौ व सोहना विधानसभा से सात प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि बुधवार को पटौदी विधानसभा से बिमला चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पटौदी दिनेश लुहाच ने इनका नामांकन प्राप्त किया। इसी प्रकार बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से छह उम्मीदवारों ने नामांकन किये। जिनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से वर्धन यादव, आम आदमी पार्टी से बीर सिंह व पिंकी ने बतौर कवरिंग कैंडिडेट, कुमुदनी जांघू, रोशनी देवी व रविंद्र यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बादशाहपुर अंकित चोकसी ने नामांकन प्राप्त किए।



गुरुग्राम से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करते नवीन गोयल।

इसी प्रकार गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मोहित ग्रोवर, शिवानी डांग ने उनके कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन किया है। इसके साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी की कवरिंग कैंडिडेट अरुणा शर्मा, निर्दलीय उम्मीदवार नवीन गोयल, मोनिका गोयल, नरेश कुमार बत्रा, संजय लाल, महाबीर सिंह व देवी प्रसन्न गोयल ने अपना नामांकन पत्र भरा है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गुरुग्राम रविन्द्र कुमार ने नामांकन प्राप्त किए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सोहना विधानसभा क्षेत्र से बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से तेजपाल तंवर व उनके कवरिंग कैंडिडेट विजय कुमार, आम आदमी पार्टी से धर्मेंद्र खटाना, बहुजन समाज पार्टी व इण्डियन नेशनल लोकदल के संयुक्त प्रत्याशी सुंदर भड़ाना, आजाद समाज पार्टी से विनेश गुज्जर घाटा, निर्दलीय उम्मीदवार मनीता गर्ग, भारतीय किसान पार्टी से दान सिंह चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सोहना होशियार सिंह ने नामांकन प्राप्त किये।

# सुरेंद्र वशिष्ठ ने पृथला सीट से भरा पर्चा

● भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बढ़ती गरीबी पर गठबंधन प्रत्याशी ने भाजपा-कांग्रेस को घेरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा में विधानसभा चुनाव नजदीक होने के साथ ही सियासत पूरी तरह से गर्मा गई है। प्रदेश की हॉट सीट बनी पृथला सीट पर बुधवार को यहां बसपा इनेलो गठबंधन के प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ ने सेक्टर 12 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय में अपना नामांकन किया। नामांकन के बाद बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ ने पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी व भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए पूर्व में रही कांग्रेस व भाजपा सरकार को घेरा। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, भ्रष्टाचार चरम पर है, परिवार पहचान पत्र में खामियों के चलते गरीबी के नाम पर अमीरों को फायदा पहुंचाने का काम किया जा रहा है।




फतेहपुर बिल्लौच में आयोजित जनसभा में मंचासीन इनेलो व बसपा के पदाधिकारी।

उन्होंने आजाद समाज पार्टी और जेजेपी के बीच हुए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी से प्रदेश की सभी 90 सीटों को जेजेपी के दुष्यंत चौटाला ने खरीद लिया है, यही कारण है कि जेजेपी पार्टी में मेहनत व ईमानदारी से काम करने वाले अरविंद शर्मा जैसे कार्यकर्ताओं को टिकट न देकर उनके भविष्य को चौपट करने का काम किया है।

नामांकन के दौरान बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ के साथ बसपा कार्यकर्ताओं के अलावा बसपा के वरिष्ठ एवं ब्राह्मण नेता संदीप शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बसपा नेता एवं ब्राह्मण नेता संदीप शर्मा ने दावा किया कि इस बार प्रदेश की जनता भाजपा से दुखी है। इसलिए प्रदेश में बसपा इनेलो गठबंधन की सरकार बनेगी और पृथला विधानसभा की जनता बसपा नेता सुरेंद्र वशिष्ठ भारी मतों से चुनाव जिताएगी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, बसपा के जिलाअध्यक्ष सरदार उपकार सिंह, जिला सचिव कर्ण सिंह भी मौजूद रहे।

# फरीदाबाद से 14 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे: विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पृथला विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अबदुत नाथ, दीपक डागर, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर समय सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर रघुवीर तेवतिया और कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर कांग्रेस से प्रेमवती तेवतिया ने रिटर्निंग अधिकारी डा. सिद्धार्थ दहिया के समक्ष, अपना नामांकन भरा। बल्लभगढ़ विधान सभा के नामांकन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राम कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी मयंक भारद्वाज के समक्ष, फरीदाबाद से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर विजय कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर आदर्श बाल्याण, भाजपा से विपुल गोयल और भारतीय जनता पार्टी से कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर पल्लवी गोयल ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी शिखा अंतिल के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए।

# गोयल ने नामांकन रैली से दिखाई ताकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

● 36 बिरादरी ने नामांकन सभा के मंच से दिया आशीर्वाद, अबकी बार नवीन करेंगे राज

● सदर बाजार के दुकानदारों ने दिल से किया स्वागत

निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल की नामांकन रैली और फिर जुलूस ने गुरुग्राम ही नहीं, पूरे हरियाणा में रिकॉर्ड बना दिया। शायद ही पहले किसी क्षेत्र में किसी प्रत्याशी की ऐसी नामांकन रैली हुई हो। नवीन गोयल की रैली व नामांकन जुलूस की दिल्ली, चंडीगढ़ तक गूंज रही। इस रैली ने उनके राजनीतिक विरोधियों व राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी है। नवीन गोयल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के साथ ही वे और मजबूत निर्दलीय उम्मीदवार बन गए हैं। गुरुग्राम की जनता में और ज्यादा लोकप्रिय हो गए हैं।

नवीन गोयल का समारोह गुड़गांव के इतिहास में दर्ज हो गया है। 20 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति ने जता दिया कि उन्होंने अपना नेता चुन लिया है। उनके भावी विधायक नवीन गोयल ही हैं। लोग नाचते-गाते हुए इस समारोह में शामिल हुए। गुरुग्राम के सदर बाजार ने तो कमाल ही कर दिया। एक-एक दुकानदार ने नवीन गोयल का भव्यता से स्वागत करते हुए विजयश्री दिलाने का आशीर्वाद दिया। राधा अष्टमी के दिन बुधवार की सुबह नवीन गोयल ने पत्नी के साथ शहर के धार्मिक स्थलों के दर्शन, पूजन करके आशीर्वाद लेकर मनोकामना पूर्ण करने के लिए अर्जी लगाई। सोहना अड्डा के सामने स्थित जेल कॉम्पलेक्स में आयोजित नामांकन जनसभा ब्राह्मण समाज के समर्थन के साथ शंखनाथ से शुरू हुई।

**गुरुग्राम के सहयोग का कर्ज ब्याज समेत उतारूंगा: नवीन गोयल:** नामांकन सभा में बड़े भाई डा. डी.पी. गोयल व नवीन गोयल ने मंचासीन 36 बिरादरी के बड़े-बुजुर्गों के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। जनसभा में नवीन गोयल गुरुग्राम की जनता से भावनात्मक रूप से जुड़े। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम के सहयोग का कर्ज ब्याज समेत उतारूंगा। उन्होंने कहा कि मैं कभी किसी व्यक्ति को तकलीफ नहीं दूंगा। किसी का दिल नहीं दुखाऊंगा। किसी की आत्मा नहीं दिखाऊंगा। सबको साथ लेकर चलूंगा। जनता के भरोसे पर ही वे चुनाव मैदान में हैं। पूर्व पार्षद बंटी पाहुजा, सुनीता कटारिया ने उन्हें समर्थन दिया। नवीन गोयल के समर्थन में ब्राह्मण समाज भी खुलकर आ गया है।

# बल्क एसएमएस का खर्च भी जुड़ेगा उम्मीदवार के खाते में

● अधिक एसएमएस सेवा के लिए मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी से लेनी होगी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान प्रत्याशी की ओर से बल्क में भेजे गए एसएमएस का खर्च उसी के चुनाव खर्चे में जोड़ा जाएगा। ये एसएमएस आडियो, वीडियो, टेक्स्ट आदि किसी भी प्रकार के हो सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार जिला में मीडिया मानिटरिंग कमेटी गठित कर दी गई है। जो कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी निगरानी रख रही है। जो उम्मीदवार चुनाव के दौरान बल्क एसएमएस की सुविधा इस्तेमाल करने का इच्छुक है। उसे इसके लिए एमसीएमसी कमेटी से सर्टिफाइड रूप में अनुमति लेनी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि संबंधित उम्मीदवार इसके लिए लघु सचिवालय के छठे तल पर स्थित डीआईपीआरओ कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। आयोग की ओर से सोशल मीडिया के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मतदान की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के बल्क में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों को ऐसे बल्क एसएमएस की जानकारी मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं।

# गुरुग्राम में 1137 वोटर्स घर से करेंगे मतदान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

● 85 वर्ष से ज्यादा आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगों को घर से वोट देने का है विकल्प

● 5 सितंबर से बीएलओ ने घर-घर जाकर उपलब्ध कराए थे फार्म 12डी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों के तहत विभिन्न प्रकार की अनूठी पहल की जा रही है। जिसके तहत जिला के चारों विधानसभा में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले 1137 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला में शत प्रतिशत मतदान के निर्धारित लक्ष्य के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा के अंतर्गत संबंधित बूथ के बीएलओ द्वारा घर घर जाकर फार्म 12 डी उपलब्ध कराए गए थे। जिसके माध्यम से उन्हें 10 सितंबर तक अपनी सहमति भेजनी थी। जिसमें से पटौदी विधानसभा में 227, बादशाहपुर विधानसभा में 326, गुड़गांव विधानसभा में 284 व सोहना विधानसभा में 300 मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर पहुंचने में असमर्थता जताते हुए घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। उन्होंने बताया कि जिला में इस सुविधा की शुरुआत पहली बार इसी वर्ष लोकसभा चुनाव में की गई थी। जिसकी नागरिको ने काफी सराहना की थी। उन्होंने बताया कि फार्म-12 डी भरने वाले अशक्त वोटरों को घर बैठे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा निर्वाचन आयोग की ओर से दी गई है। ऐसे अशक्त मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए जिले में मतदान कार्मिकों की विशेष टीमें बनाई जाएंगी। पोस्टल बैलेट से मतदान सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे होगा। उन्होंने बताया कि दृष्टिबाधित व अशक्त मतदाता के परिवार के सदस्य द्वारा घोषणा पत्र भी लिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। इसके लिए जिला की चारों विधानसभा का पोलिंग शेड्यूल तैयार कर इसकी सूचना सभी प्रत्याशियों के साथ सांझा की जाएगी। ताकि वे निर्धारित तिथि को स्वयं अथवा अपने एजेंट के माध्यम से इस पूरी प्रक्रिया के साक्षी बन सके।

# टिकट आवंटन प्रक्रिया में मुख्यमंत्री को ज्यादा अधिकार नहीं दिए गए: कंबोज

● पार्टी में टिकट पाने के हकदार कई नेताओं को नजर अंदाज किया गया: भाजपा नेता

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर सत्तारूढ़ दल भाजपा के कुछ नेताओं के खुले तौर पर नाराजगी जताने के बीच पार्टी के नेता करण देव कंबोज ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी को टिकट आवंटन प्रक्रिया में ज्यादा अधिकार नहीं दिए गए पूर्व मंत्री कंबोज ने पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद पिछले सप्ताह प्रदेश इकाई के ओबीसी मोर्चा प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने दावा किया कि पार्टी टिकट पाने के हकदार कई नेताओं को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने दावा किया, जब भाजपा ने नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाया तो जमीनी स्तर पर पार्टी की पैठ बढ़ने लगी। लेकिन उम्मीदवारों का चयन करते समय मुख्यमंत्री को टिकट आवंटन में ज्यादा अधिकार नहीं दिए गए।

सैनी की तरह अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले कंबोज ने कहा कि उन्होंने अभी तक भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है और उनके समर्थक उनके अगले कदम पर फैसला लेंगे। वह इंद्री और रादौर विधानसभा क्षेत्रों से टिकट की उम्मीद कर रहे थे। भाजपा नेता ने दावा किया कि पार्टी ने कई नए लोगों और दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देकर पुरस्कृत किया।

# मेरा टिकट नहीं कटा, दायित्व बदला: सीमा त्रिखा

● पत्रकार वार्ता में बोलीं शिक्षा मंत्री, दस साल बड़खल के विकास को रहे समर्पित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा की शिक्षा मंत्री एवं बड़खल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में पिछले दस वर्ष के भाजपा कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बड़खल क्षेत्र के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का भी धन्यवाद किया। उन्होंने बड़खल क्षेत्र से टिकट कटने के सवाल पर कहा कि उन्हें भाजपा ने बहुत कुछ दिया है, उनकी टिकट कटी नहीं है बल्कि दायित्व बदला है इसके लिए न कोई शिकन है और न ही कोई दुखः। बल्कि भाजपा हाईकमान उनकी जहां भी डयूटी लगाएगी वह उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार बडखल से विधायक बनीं तो यहां क्षेत्र की न तो अपनी तहसील थी और न ही उपमंडल और समूचा क्षेत्र अपनी बदहाली पर आंसू बहाता था। विधायक बनते ही सबसे पहले बडखल को तहसील बनवाया फिर अलग से उपमंडल का दर्जा भी दिलवाया।



सीमा त्रिखा, शिक्षा मंत्री।

सीमा त्रिखा ने फरीदाबाद और पलवल जिले की जनता का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों ही जिलों के लोगों का आर्शीवाद है कि वह पार्षद से लेकर 2 बार विधायक, मुख्य संसदीय सचिव और हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री जैसे गौरवशाली पदों पर विराजमान रहीं और यह सब भारतीय जनता पार्टी की ही दैन है। उन्होंने पत्रकारों के समक्ष दावा किया कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

# सेहत व मतदान का महत्व समझा रहे डॉक्टर

● एनसीडी जागरुकता अभियान में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

स्वास्थ्य विभाग लोगों को सेहत की रक्षा के लिए एनसीडी जागरुकता पखवाड़ा मना रहा है। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी लोगों को मतदान का महत्व भी समझा रहे हैं।

सीएमओ डा. वीरेंद्र यादव ने बताया कि संक्रमण से न होने वाली बीमारियों को एनसीडी कहा जाता है। जिनमें कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, लकवा, मधुमेह आदि शामिल हैं। केवल बड़ों को ही नहीं, बच्चों को भी इन बीमारियों से सावधान किया जा रहा है। बीस सितंबर तक मनाए जाने वाले इस पखवाड़ा के तहत आज हेलीमंडी में सफाई अभियान चलाया गया। लोगों को अपने आसपास सफाई का वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि राजकीय विद्यालय कादीपुर में छात्राओं को सर्वाइकल व स्तन कैंसर के प्रति जागरूक किया गया।



एनसीडी जागरुकता पखवाड़ा के तहत शिविर में जांच कराते लोग।

# 'कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा उजागर'

● पत्रकार वार्ता में बोले पटौदी के विधायक सत्य प्रकाश जरावता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

राहुल गांधी द्वारा दिए गए आरक्षण खत्म करने के बयान पर बुधवार को एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पटौदी से विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने कहा कि आरक्षण को खत्म करने की बात कहकर राहुल गांधी ने कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। यह बात उन्होंने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही।




पत्रकारों से बात करते एससी मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता।

जरावता ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मन के विचार और सोच किसी न किसी जरिए बाहर आ रही है। उन्होंने कहा कि जब तक बीजेपी है, आरक्षण को कोई छू नहीं सकता। राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन मित्तल, जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश राणा, कार्यालय सचिव यादराम जोया भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राहुल के आरक्षण विरोधी बयानों पर कांग्रेस नेता चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

# गुरुग्राम विवि व आर्टेमिस अस्पताल के बीच इंटर्नशिप के लिए एमओयू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने आर्टेमिस हॉस्पिटल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मुताबिक यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच प्रगति के नए द्वार खोलेगा। फिजिक्स विभाग के छात्र इसका लाभ उठा पाएंगे। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के फिजिक्स विभाग के छात्र आर्टेमिस हॉस्पिटल में इंटर्नशिप कर पाएंगे। कुलपति ने बताया कि इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष की होगी। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षक छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। इंटर्नशिप के लिए छात्रों का चयन तय मानकों पर किया जाएगा। इस समझौते के तहत जीयू के छात्रों को एईआरबी के नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुरूप आर्टेमिस हॉस्पिटल एक वर्ष के अनिवार्य इंटर्नशिप कार्यम के सुचारू संचालन के लिए अनुभवी चिकित्सा भौतिक विज्ञानी के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित रेडियो थेरेपी उपकरण प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन, सेमिनार और विद्वानों की बैठकों का समय समय पर आयोजन करेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पलवल से भाजपा प्रत्याशी गौरव गौतम ने अपने समर्थकों के साथ बुधवार को नामांकन रोड शो निकाला। इस रोड शो में उमड़ी हजारों समर्थकों की भीड़ से पलवल के हुड्डा चौक से आगरा चौक तक का क्षेत्र भाजपामय नजर आया।

सुबह दस बजे भाजपा प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन रोड शो के लिए हुड्डा चौक से निकले। रोड शो शुरू होने के कुछ देर बाद ही सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों की ओर से मिले इस समर्थन को देख प्रत्याशी व समर्थकों के अलावा रोड शो में शामिल भाजपा नेताओं के चेहरे खिल उठे।



भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ी हजारों समर्थकों की भीड़।

भीड़ को देखकर भाजपाइयों का दावा था कि इस बार पलवल की जानता गौरव को भारी मतों से जिताकर विधानसभा भेजेगी। रोड शो का यह काफिला आगरा चौक तक चलता रहा। इस दौरान पलवल मे भारी जाम लगा। केवल आगरा चौक पार करने में ट्रैफिक व्यवस्था संभालना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बना रहा।

# संक्षिप्त समाचार



यज्ञ में आहुति डालते कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू।

## जीवन में हमेशा सर्वश्रेष्ठ करें: डॉ. राज नेहरू

**फरीदाबाद।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में बुधवार को नए सत्र उपलक्ष्य में यज्ञ किया गया। कंप्यूटर साइंस एंड आईटी विभाग द्वारा वल्लभी भवन में आयोजित इस यज्ञ में कुलपति डॉ. राज नेहरू ने मुख्य यजमान के रूप में आहुति डाली और नए सत्र में विद्यार्थियों के मंगल कामनाएं की। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा सर्वश्रेष्ठ करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए परिश्रम करने और अवसर को पहचानने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ऊषा बत्रा ने सब विद्यार्थियों को शुभाशीष दिए और शिक्षकों व स्टाफ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर डॉ. संजय सिंह राठौर, डॉ. मनी कंवर सिंह, उप निदेशक अमीष अमैय, डॉ. वैशाली माहेश्वरी, डॉ. विकास भदौरिया और डॉ. ऋतु राणा सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। दूसरी ओर विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को हिंदी माह के अंतर्गत काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिन्दी अधिकारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि काव्य पाठ प्रतियोगिता स्टाफ एवं विद्यार्थियों के दो वर्गों के लिए आयोजित की गई। इस अवसर पर होस्टल सुपरवाइजर सतीश बुधवार एवं डॉ. सोनिया शर्मा के अलावा स्टाफ नर्स ज्योति एवं काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गणपति पंडाल में गूंजे जय श्री राम के उद्घोष

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा सार्वजानिक श्री गणेश उत्सव गाँधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में 06 सितम्बर से 16 सितम्बर तक ब? धूम धाम से मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा 10 सितम्बर को सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदर कांड पाठ की शुरुआत गणेश वंदना द्वारा की गई। गणेश वन्दना के बाद लाल चन्द्र झा द्वारा भोजपुरी भजन जय जय बजरंगी की सुंदर प्रस्तुति दी गई। भोजपुरी भजन के बाद सभी उपस्थित कलाकारों ने सुंदर कांड पाठ का शुभारम्भ किया। सुंदर कांड पाठ 8 बजे से 11 बजे तक चला एवं करताल और ढोलक की ताल पर गूंज उठा भवन। सुंदर कांड पाठ के बाद हनुमान चालीसा संकटमोचन हनुमानाष्टक के साथ साथ श्री रामायण जी की आरती के बाद कार्यक्रम को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बाद मंडली को मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल, प्रवीन राठोड, उत्तम कुमार, चिंतामणि, रवि गोसावी, सचिन उत्तरवार एवं कर्ण शर्मा द्वारा फेंटा एवं फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लाल चन्द्र, बलराम गिरी , कृष्ण कुमार उपाध्याय, चन्द्र प्रकाश कुमार मिश्रा, मिथिलेश गिरी, पिंकी शर्मा, विनय पाण्डेय, सुरेश एवं वीरेंद्र सिंह ने इस शाम को भक्तिमय बनाया।

## राजनीतिक दलों को जारी किए जाएंगे रंगीन पास

**गुरुग्राम।** चुनाव के दौरान स्टार कैंपेनर, पार्टी ऑफिस बेरियर, प्रचार वाहनों को रंगीन पास जारी किए जाएंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि चुनाव प्रचार में लगे वाहनों की आसानी से पहचान करने के लिए उनको अलग-अलग रंग के पास दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजनीतिक पार्टी के स्टार कैंपेनर व पार्टी ऑफिस बेरियर के लिए लाल, प्रचार सामग्री वाहन को हरा तथा प्रचार वाहन के लिए पीले रंग का पास जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से ये पास जारी किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पालना करने के निर्देश दिए हैं।

# हवन कर नामांकन भरने पहुंचे हुड्डा

## विस अध्यक्ष ज्ञान चंद के नामांकन में पहुंचे बिप्लब कुमार, शक्ति रानी ने दिखाई ताकत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता उन उम्मीदवारों में शामिल हैं जिन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

हरियाणा की 90 विधानसभा सीट के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के साथ उनकी पत्नी आशा हुड्डा, पुत्र दीपेंद्र हुड्डा और पुत्रवधू श्वेता हुड्डा भी मौजूद थीं। हुड्डा ने रोहतक जिले के गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।


जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले हवन किया गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ भाजपा नेता और हरियाणा मामलों के सह-प्रभारी बिप्लब कुमार देब मौजूद थे।

गुप्ता पंचकूला से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। अन्य उम्मीदवारों में भाजपा उम्मीदवार शक्ति रानी शर्मा ने कालका सीट से अपना नामांकन दाखिल किया।

बाद में शर्मा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो भी किया। उनके साथ उनके पति और पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा और उनके बेटे और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी थे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितंबर को की जाएगी और 16 सितंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।

## मोदी 14 को कुरुक्षेत्र से करेंगे चुनावी अभियान का शंखनाद: बड़ौली

**कुरूक्षेत्र।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को कुरुक्षेत्र से चुनावी अभियान का औचारिक शंखनाथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा ही हरियाणा को अपने दिल से लगा कर रखा है। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण हमेशा से ही हरियाणा के उज्जवल भविष्य पर केन्द्रित रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली मंगलवार को कुरूक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां बड़ौली ने कांग्रेस को भी घेरा और कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐसे लोगों को मैदान में उतारा है जो या तो जेल में हैं या फिर जेल में जाने की तैयारी में हैं। हुड्डा के सार्वजनिक रूप से सिर में कंघी कराने पर चुटकी लेते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हुडा जी की कंघी नीति यह दर्शाती है कि उनका ध्यान और प्रयास राज्य के विकास की बजाए व्यक्तिगत शाही जीवन शैली पर है।

# विनेश का मुकाबला करेंगी आप की कविता

- आम आदमी पार्टी ने जारी की 32 प्रत्याशियों की सूची

**शिखा शर्मा।** चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी ने 32 और सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी की है। आम आदमी पार्टी ने जींद के जुलाना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फोगाट के सामने पूर्व वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट रेसलर कविता दलाल को उतारा है।

कविता जुलाना के गांव मालवी की रहने वाली हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों के आंदोलन को समर्थन करने वाली कविता दलाल अब विनेश फोगाट से ही चुनाव में आमना-सामना करेंगी। आंदोलन के वक्त कविता ने विनेश को लड़कियों की रोल मॉडल भी बताया था। बुधवार को जारी की गई तीसरी सूची में पार्टी ने रादौर से भीम सिंह राठी को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह नीलाखेड़ी से अमर सिंह, इसराना से अमित कुमार, राई से राजेश सरोहा, खरखौदा से मनजीत फरमाणा, गढ़ी-सांपला-किलोई से प्रवीन गोसाई, कलानौर से नरेश बैरागी, झज्जर से महेंद्र दहिया, अटेली से सुनील राव, रेवाड़ी से सतीश यादव और हथीन से कर्नल राजेंद्र रावत समेत 11 को प्रत्याशी बनाया है।

पार्टी ने चौथी सूची जारी करके 21 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतार दिया। जिसके अनुसार अंबाला कंटोनमेंट से राज कौर गिल, यमुनानगर से ललित त्यागी, लाडवा से जोगा सिंह, कैथल से सतबीर गोयत, करनाल से सुनील बिंदल, पानीपत ग्रामीण से सुखबीर मलिक, गन्नौर से सरोज बाला राठी, सोनीपत से देवेंद्र गौतम, गोहाना से शिव कुमार रंगीला, बरोदा से संदीप मलिक, जुलाना से कविता दलाल, सफीदों से निशा देशवाल, टोहाना से सुखविंदर सिंह गिल, कलांवाली से जसदेव निक्का, सिरसा से श्याम मेहता, उकलाना से नरेंद्र उकलाना, नारनौंद से राजीव पाली, हांसी से राजिंदर सोरखी, हिसार से संजय सातरोड़िया, बादली से हैप्पी लोहचब तथा गुरुग्राम से निशांत आनंद को चुनाव मैदान में उतारा गया है।

# जेजेपी-एएसपी गठबंधन ने 18 प्रत्याशी उतारे

- अब तक गठबंधन उतार चुका है 48 प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) ने 18 और प्रत्याशियों की सूची जारी की है। गठबंधन ने सिरसा के रानियां विधानसभा क्षेत्र से पूर्व बिजली व जेल मंत्री और निर्दलीय उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह का समर्थन करने का ऐलान किया है। गठबंधन रानियां में अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगा। इनेलो ने यहां से अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा ने शीशपाल काम्बोज को टिकट दिया है।

जजपा-एएसपी गठबंधन तीसरी सूची को मिलाकर अभी तक 48 विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुका है। तीसरी सूची में घोषित किए गए 18 उम्मीदवारों में से 15 जजपा और तीन एएसपी सिम्बल पर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन ने यमुनानगर से इंतजार अली गुर्जर, थानेसर से सूर्य प्रताप सिंह राठौड़, इंद्री से कुलदीप मदान, पानीपत ग्रामीण से रघुनाथ कश्यप, टोहाना से हवा सिंह खोबड़ा, रतिया से रमेश कुमार ओड व कालांवाली से गुरजंट तिगड़ी पार्षद को टिकट दिया है।

इसी तरह आदमपुर से कृष्ण गंगवा, हिसार से रवि आहुजा, रोहतक से जितेंद्र बल्हारा, कलानौर से महेंद्र सुडाना, बादली से कृष्ण सिलाना और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित झज्जर हलके से जजपा के नसीब सोनू वाल्मीकि चुनाव लड़ेंगे। सोनू वाल्मीकि ने 2019 का चुनाव भी जजपा टिकट पर लड़ा था और वे 28 हजार के करीब वोट लेने में कामयाब रहे थे। हथीन से रविंद्र सहरावत और फरीदाबाद एनआईटी से हाजी करामत अली जजपा उम्मीदवार होंगे। वहीं एएसपी ने रादौर से मंदीप टोपरा, रेवाड़ी से मोती यादव व फरीदाबाद से निशा वाल्मीकि को उम्मीदवार घोषित किया है।

## हरियाणा कैबिनेट के फैसला, विधानसभा भंग करने की सिफारिश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बुधवार की रात हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने 14वी विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इस सबंध में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को एक पत्र भेजकर विधानसभा भंग करने की सिफारिश की जाएगी। राज्यपाल द्वारा सरकार का प्रस्ताव स्वीकार किये जाने के बाद मौजूदा विधायको का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और नई सरकार के गठन तक नायब सैनी कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करते रहेगे। राज्य में इस समय 14वीं विधानसभा चल रही है। जिसका कार्यकाल तीन नवंबर तक है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नेतृत्व परिवर्तन करने के बाद बीती 12 मार्च को नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया था। हरियाणा सरकार को ऐसा उदाहरण नहीं मिला जिससे वह कार्यकाल पूरा कर पाती। एक माह से संविधान विशेषज्ञों की एक टीम इस बारे में बकायदा मंथन कर रही थी।

# राजस्थान को हरा-भरा बनाएगा सरस्वती का पानी

- हरियाणा के साथ मिलकर अनूपगढ़ में डैम बनाएगा पड़ोसी राज्य
- सरस्वती की उपयोगिता बढ़ाने को नीति आयोग तैयार करेगा योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



सरस्वती नदी का पानी अब राजस्थान की धरती को हरा-भरा बनाएगा। राजस्थान सरकार की ओर से हरियाणा के साथ मिलकर अनूपगढ़ में डैम बनाने की योजना बनाई गई है। केंद्रीय स्तर पर नीति आयोग भू-गर्भ में बह रही सरस्वती नदी के पानी की उपयोगिता बढ़ाने को लेकर योजना तैयार करेगा।

देश की सबसे प्राचीनतम नदी उद्गम स्थल सरस्वती आदिबद्री से लेकर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व गुजरात के कच्छ से होते हुए पाकिस्तान तक बहती है। मानसून सीजन के दौरान सरस्वती नदी में जल स्तर बढ़ जाता है, जिससे हरियाणा के कई क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आते हैं। लिहाजा हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, राजस्थान सरकार के सहयोग से सरस्वती के निरंतर जल प्रवाह को लेकर राजस्थान में सरस्वती सरोवर के साथ उच्च भंडारण क्षमता वाले जलाशय भी बनाए जाएंगे। अनूपगढ़ डैम के प्रोजेक्ट को सिरे चढ़ाने में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल अहम भूमिका निभाएंगे। यही नहीं केंद्र स्तर पर नीति आयोग के साथ समन्वय बनाकर सरस्वती नदी के भू-गर्भ में बह रहे पानी की उपयोगिता को बढ़ाने को लेकर भी कार्य योजना तैयार की जाएगी। राजस्थान सरकार और केंद्रीय नीति आयोग के साथ हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड समन्वय बनाकर पूरा प्रोजेक्ट तैयार करेगी। सरस्वती विकास बोर्ड के चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच ने बताया कि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सरस्वती उद्गम स्थल आदि बद्री का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि बाड़मेर, जैसलमेर में कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर जमीन खोदते ही ऐसा महसूस होता है कि नीचे नदी बहती है।

## श्यामल मिश्रा होंगे व्यापार मेला प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक

**चंडीगढ़।** नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे आईएएस श्यामल मिश्रा को व्यापार मेला प्राधिकरण का मुख्य प्रशासक नियुक्त किया गया है। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की ओर से नई नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। 1996 बैच के आईएएस श्यामल मिश्रा लंबे समय से नियुक्त की प्रतीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव की ओर से श्यामल मिश्रा को नई दिल्ली में व्यापार मेला प्राधिकरण का मुख्य प्रशासक लगाया है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिवर्तन

**मैं, नरेश कुमार झाम्ब पुत्र श्री बाल मुकुंद मकान नं.-403, एसजी-1, चौथा फ्लोर साया गोल्ड एवेन्यू, वैभव खण्ड, इंदरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी.-201014 ने अपना नाम नरेश कुमार से बदलकर नरेश कुमार झाम्ब कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्य के लिए नरेश कुमार झाम्ब के नाम से जाना जाएगा।**

PD(741)C

CHANGE OF NAME

**I, Pooja D/o Nand Kishore** R/o H.No.-2976, 4th Floor, Gali No.-3, Chuna Mandi, Pahar Ganj, Delhi-110055 have changed my name from Pooja to Pooja Harsoliya for all future purposes.

PD(739)C

**I, Ritu Rani W/o Vipul Bansal** R/o A-1/252 Sector-4 Rohini Delhi-85 have changed my name from Ritu Rani Bansal to Ritu Bansal for all purposes.

PD(742)C

**I hitherto known as Deepak** Kumar alias Deepak S/o Ganga Ram R/o H No67 G/F , KH No 867/227, NR Rasion Shpo, Gujjar Basti Gharoli, East Delhi, Delhi-110096, have changed my name and shall hereafter be known as Deepak Kumar.

PD(743)C

**I, Sonitya Kumar S/o Tikam Chand,** R/o 88, 2nd Floor, Jay Puriya, Ghaziabad, I.E. Sahibabad, PO: I.e. Sahibabad, Dist: Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010, have changed the name of my minor daughter Saesha alias Manya, aged 15 years and she shall hereafter be known as Saesha.

PD(744)C

**I, Aanchal Chadha, D/o Sh.** Pawan Chadha, R/o R-11, Block-R, Greater Kailash-1, New Delhi-110048. I hereby declare that after my divorce, I am changing my name from Aanchal Gupta, back to my maiden name Aanchal Chadha. I declares and undertake that Aanchal Gupta and Aanchal Chadha are one and the same person.

PD(738)C

**I, hitherto known as Ojjasv** Kumar, S/o. Dinesh Kumar, 113, Gujrati Lane, Moolchand Colony, Adarsh Nagar Delhi-110033 have changed my name and shall hereafter be known as Ojjasv Singh (After Change of Religion from Hindu to Sikh Community) permanently.

PD(745)C

# पवन फौजी ने निकाला रोड शो, राघव चड्ढा रहे मौजूद



**पायनियर समाचार सेवा।** जींद

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की उपस्थिति में उचाना विधानसभा से उम्मीदवार पवन फौजी ने नामांकन किया। इससे पूर्व, पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और शहर में रोड शो निकाला।

रोड शो के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता ने फूलों की बारिश की। जगह जगह लोगों ने उनका स्वागत किया द्य सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि जेजेपी पार्टी विधानसभा चुनावों के बाद जमानत जब्त पार्टी के नाम से जानी जाएगी। भाजपा हो, जजपा और दूसरी तरफ कांग्रेस हो। आप लोगों सभी पार्टियों को देख चुके। कभी भाजपा को वोट दिया, कभी जजपा को वोट दिया। कभी कांग्रेस को वोट देने का काम किया। इस बार आपका अपना पवन फौजी आपकी सेवा करने काम करेगा।

हरियाणा में अगली सरकार आम आदमी पार्टी के सहारे ही बनेगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की 20 सीटें भी नहीं आ रही हैं। इस बार हरियाणा में जो भी सरकार बनेगी वो आपकी वोट और आम आदमी पार्टी के सहारे बनेगी। आम आदमी पार्टी सरकार में आकर दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में बदलाव करने का काम करेगी।

## चण्डीगढ़ में पूर्व पुलिस अधिकारी के घर पर ग्रेनेड हमला

**चण्डीगढ़।** चंडीगढ़ में सेक्टर 10 में बुधवार को एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के आवास पर ग्रेनेड हमला हुआ। जिससे घर में 7 से 8 इंच का गड्ढा पड़ गया। खिड़कियों के शीशे टूट गए। पुलिस व एनआईए की टीम ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार तीन हमलावर ऑटो से आए थे और वारदात के बाद उसी ऑटो से भाग निकले। धमाके की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ के डीजीपी सुरेंद्र सिंह यादव की अगुआई में आईजी राजकुमार, एसएसपी कंवरदीप कौर समेत भारी पुलिस फोर्स घर में पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें ने आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया वही फॉरेंसिक टीम ने भी सैंपल एकत्र किए। मकान नंबर 575 में जब यह हमला हुआ तो परिवार घर के अंदर था। पुलिस टेरर और गैंगस्टर एंगल पर जांच कर रही है। जिस जगह यह हमला हुआ है उस क्षेत्र में पुलिस के आला अधिकारी, वकील व कई आला अधिकारी रहते हैं। घटना के बाद आरोपी ऑटो में भागते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं।

# चुनावी दौर में करीब आने लगा चौटाला परिवार

- रणजीत चौटाला व दुष्यंत करेंगे एक-दूसरे की सहायता
- अभय चौटाला व आदित्य भी हुए एक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के दौरान सिरसा जिले में देवीलाल परिवार के बीच दिलचस्प समीकरण बन गए हैं। यहां परिवार के कुछ सदस्य एकजुट हुए तो कुछ में दूरियां बरकरार हैं। यह इस बात का संकेत है कि निकट भविष्य में देवीलाल परिवार फिर से एक हो सकता है।

चार दिन पहले आदित्य देवीलाल भाजपा छोड़कर इनेलो में शामिल हुए थे। अब डबवाली से जजपा के उम्मीदवार दिग्विजय सिंह चौटाला ने रानियां से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे दादा रणजीत सिंह चौटाला से मदद मांगी है। रणजीत चौटाला डबवाली में दिग्विजय और उचाना में दुष्यंत चौटाला की मदद करेंगे। बदले में जेजेपी रानियां से अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। साथ ही पार्टी रणजीत सिंह की मदद भी करेगी। इससे पहले, लोकसभा चुनाव में चौटाला परिवार हिसार सीट पर आमने-सामने था। यहां भाजपा ने रणजीत चौटाला, इनेलो ने सुनैना चौटाला और जेजेपी ने नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, चौटाला परिवार का कोई सदस्य यह चुनाव नहीं जीत पाया। रणजीत चौटाला लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने रणजीत सिंह को रानियां से टिकट नहीं दिया तो उन्होंने भाजपा छोड़ते हुए निर्दलीय चुनाव लडने् का ऐलान किया। इसी सीट पर इनेलो के प्रधान महासचिव के बेटे और रणजीत चौटाला के पोते अर्जुन चौटाला भी चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में इस सीट पर दादा पोते के बीच टक्कर है। डबवाली सीट पर चाचा-भतीजे में मुकाबला है। यहां भाजपा से टिकट कटने से नाराज आदित्य देवीलाल इनेलो के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। आदित्य देवीलाल, जगदीश चौटाला के बेटे हैं। वहीं जेजेपी के दिग्विजय चौटाला भी इसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। आदित्य ने पिछला चुनाव भी इसी सीट से लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। एक तरफ आदित्य व अभय चौटाला चौटाला एक मंच पर होंगे तो दूसरी तरफ दुष्यंत और रणजीत चौटाला एक मंच पर होंगे।

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल श्रीमती अंजना त्यागी पत्नी श्री दीपक त्यागी एक आवासीय दो मंजिला निजी मकान संख्या 60 की मालिक हैं, जो खसरा नंबर 360 में से क्षेत्रफल 380.5 वर्ग गज यानी 318.13 वर्ग मीटर है। और यह गांव प्रहलाद गढ़ी, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद में स्थित है। पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 11.09.2024 के माध्यम से श्री दीपक पुत्र श्री ब्रह्मानंद और श्रीमती कुंती पत्नी श्री ब्रह्मानंद द्वारा श्रीमती अंजना त्यागी पत्नी श्री दीपक त्यागी के पक्ष में निष्पादित किया गया है। पंजीकरण संख्या 11756, SR-IV GZB यूपी के माध्यम से है। उपरोक्त संपत्ति को फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के पास गिरवी होने जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्थान के पास उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/अधिकार, ग्रहणाधिकार, कोई आपत्ति है, तो उसे अधोहस्ताक्षरी/अधिवक्ता विशाल मेहन, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092 को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिनों के भीतर पंजीकृत पते के तहत दस्तावेजी साक्ष्य के साथ सूचित किया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर किसी भी दावे, ग्रहणाधिकार या आपत्ति को माफ कर दिया गया माना जाएगा। **विशाल मेहन, अधिवक्ता ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली-110092, मोबाइल नंबर 9811215181**

PUBLIC NOTICE

"It is to inform to the public at large that Mrs. Radhika Khawal had acquired Ground Floor without roof rights, measuring 32.604 sq. mtrs., and Pvt. Shop on Ground Floor without roof rights, measuring 7.194 sq. mtrs. Property No. WZ-G-1/37-38, Khasra No. 25/1 & 5/1, situated in Village Hastsal Delhi, colony Block-G-1, Uttam Nagar, New Delhi vide two Sale Deed dated 20.06.2023 & 17.07.2023 executed by Mrs. Meera Kanojia alais Meera, Now Mrs. Radhika Khawal is the undisputed owner of the above said property.

OR

Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
**Ajay Kumar Giri (Advocate) H No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi -110024**

PUBLIC NOTICE

"It is to inform to the public at large that Mr. Manoj Kumar had acquired Third Floor with roof rights, area measuring 50 sq. yrds., Right Hand Side Portion, out of Khasra No. 850/443, bearing property no. K-6/21, situated at Village Ghonda Gujran Khadar, in the abadi of Gali No. 24, West Ghonda, Illaqa Shahdara, Delhi. vide Regd. GPA dt. 10.11.2022 executed by Mr. Jagdish, Now Mr. Manoj Kumar is the undisputed owner of the above said property.

OR

Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
**Ajay Kumar Giri (Advocate) H No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi -110024**

PUBLIC NOTICE

"It is to inform to the public at large that Mrs. Rashmi had acquired House No. 183 and 184, measuring 66.66 sq. yds., Khasra No. 203/11, situated at Sunita Vihar Village Gharauti Khurd, Pargana & Tehsil Loni, Distt. Ghaziabad, U.P vide Sale Deed dated 15.12.2023 executed by Mr. Mahinder Pal, Mr. Surinder Pal and Mr. Susheel Kumar, Now Mrs. Rashmi is the undisputed owner of the above said property.

OR

Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 14 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
**Ajay Kumar Giri (Advocate) H No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi -110024**

# हरियाणा में प्रचार से पहले ही दिलचस्प बने कुछ चुनावी मुकाबले

- तोशाम में आमने-सामने होगी बंसीलाल की तीसरी पीढ़ी
- डबवाली में भिड़ेंगे देवीलाल के वंशज
- उचाना में भाजपा को कैसे कोसेंगे दुष्यंत-बृजेंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़


बृजेंद्र सिंह


दुष्यंत चौटाला


दिग्विजय चौटाला


आदित्य देवीलाल


श्रुति चौधरी


अनिरुद्ध चौधरी


रामकरण काला


धर्मपाल गोंदर

हरियाणा में भले ही अभी तक सभी राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया है लेकिन प्रदेश में कई सीटें ऐसी है जहां न केवल मुकाबला दिलचस्प हो गया है बल्कि अभी से वह हॉट सीट बन गई हैं। कांग्रेस ने अभी तक 41 सीटों पर तो बीजेपी ने 67 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। जजपा व आजाद समाज पार्टी ने 19 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। उधर इंडियन नेशनल लोकदल तथा बहुजन समाज पार्टी गठबंधन की तरफ से अभी तक 14 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है।

हरियाणा में उचाना विधानसभा सीट पर बेहद दिलचस्प समीकरण बन गए हैं। यहां कांग्रेस की तरफ से तो पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं तो जजपा की तरफ से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ताल ठोक रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों प्रत्याशी साढ़े चार साल तक भाजपा के साथ सत्ता में हिस्सेदार रहे हैं। ऐसे में इनके सामने बड़ी चुनौती वर्तमान सरकार को घेरानद्य होगी।

ऐसी ही स्थिति सिरसा जिला की डबवाली सीट पर बन गई है। यहां पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल का परिवार आमने सामने हो गया है। जेजेपी ने दिग्विजय चौटाला को चुनाव मैदान में उतारा है तो टिकट नहीं मिलने की संभावना के चलते आदित्य देवीलाल चौटाला भाजपा से बागी होकर इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। आदित्य देवीलाल भाजपा में कई पदों पर रहते हुए मनोहर सरकार में चेयरमैन भी थे। इस पद पर रहते हुए उन्होंने भाजपा सरकार की जमकर तारीफें की और अब विरोध में आकर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसी ही स्थिति तोशाम विधानसभा हलके की है। जहां पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बंसीलाल की विरासत की जंग शुरू हो गई है। भाजपा ने इस सीट पर श्रुति चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। श्रुति चौधरी बंसीलाल के बेटे स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की बेटी हैं और कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने भाजपा के खिलाफ जमकर लड़ाई लड़ी। अब वह भाजपा की नीतियों का प्रचार कर रही हैं।

कांग्रेस ने इस सीट से अनिरुद्ध चौधरी को उतार दिया है। अनिरुद्ध चौधरी बंसीलाल के दूसरे बेटे रणबीर महेंद्रा के बेटे हैं। इस सीट पर चचेरे भाई-बहन में यह तय होगा कि बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को कौन आगे बढ़ाएगा। शाहबाद से कांग्रेस प्रत्याशी रामकरण काला और नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर भी दुविधा में हैं। काला जेजेपी के विधायक थे तो गोंदर ने लंबे समय तक भाजपा को समर्थन दिया। दोनो विधायक बीजेपी की सत्ता में भागीदार रहने के बाद अब इस चुनाव में बीजेपी के खिलाफ बोल रहे हैं।

## जेल में बंद केजरीवाल होंगे आप के स्टार प्रचारक

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में सबसे पहला नाम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का है। हालांकि केजरीवाल इस समय जेल में बंद हैं लेकिन पार्टी को उम्मीद है कि वह जल्द ही बाहर आ सकते हैं। सूची के अनुसार केजरीवाल के अलावा हरियाणा में सुनीता केजरीवाल, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पार्टी ने हरियाणा में मुख्य स्टार प्रचारक बनाया है। इसके अलावा राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता, आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी, राखी बिडलान तथा पंजाब के कैबिनेट मंत्री चेतन सिंह जोड़ा माजरा, हरजोत बैंस, अनमोल गगन मान, हरभजन ईटीओ, डॉ. बलजिंदर कौर, सांसद गुरमीत मीत हेयर,अनु कादयान और कुलबीर दनौदा (केडी) भी स्टार प्रचारकों में शामिल है।

## भारत-यूएई संबंध

### मोदी–नाहियान वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** तथा संयुक्त अरब अमीरात– यूएई के राजकुमार अल नाहियान के बीच वार्ता के बाद हुए उल्लेखनीय समझौतों से भारत–यूएई संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। भारतीय राजनय नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। दुनिया भर के देश उत्साह से भारतीय बिजनेसों का स्वागत कर रणनीतिक गठबंधन बना रहे हैं। इससे भारत को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व रूप से सद्भावना प्राप्त हो रही है तथा पिछले वर्षों में उसका प्रभाव बढ़ा है। हालिया यूएई–भारत ऊर्जा समझौता इस दृष्टिकोण से एक और महत्वपूर्ण कदम है। यूएई के राजकुमार शेख खालिद बिन मुहम्मद बिन जायद अल नाहियान वर्तमान समय में भारत में हैं और उनका प्रधानमंत्री मोदी के साथ सार्थक संवाद हुआ है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात–यूएई लगातार अपनी रणनीतिक साझीदारी को मजबूत कर रहे हैं जिससे ऊर्जा क्षेत्र को काफी प्रगति मिली है। दोनों देशों ने सहयोग और बढ़ाने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों का विस्तार प्रमुख क्षेत्रों तक है जिनमें द्रव प्राकृतिक गैस–एलएनजी व्यापार, पेट्रोलियम सप्लाई, नाभिकीय प्लांटों का संचालन तथा उत्पादन में रियायतें शामिल हैं। इस प्रकार यह द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण अवसर है। दोनों नेताओं ने जोर दिया है कि इन समझौतों से, खासकर नाभिकीय ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, ग्रीन हाइड्रोजन, 'आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस' तथा उत्कृष्ट तकनीकों जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग व्यापक होगा।

एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में अबू धाबी नेशनल आयल कंपनी–एडनोक तथा इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड–आईओसीएल के बीच हर वर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन एलएनजी सप्लाई का समझौता हुआ




है। यह एक साल के भीतर ऐसा तीसरा समझौता है। इससे दुनिया के एक प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देश के साथ सहयोग से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और मजबूत हुई है। इसके साथ ही 'ऊर्जा भारत' तथा एडनोक के साथ अबू धाबी के समुद्री ब्लाक वन में उल्लेखनीय 'उत्पादन रियायत समझौते' पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह किसी भारतीय कंपनी द्वारा यूएई में ऊर्जा उत्पादन रियायत प्राप्त करने का पहला मामला है। समान रूप से महत्वपूर्ण 'इमीराट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी'–ईएनईसी और 'न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन आफ इंडिया'–एनपीसीआईएल के बीच हुआ समझौता है। इस समझौते का उद्देश्य नाभिकीय बिजली घरों के संचालन एवं रखरखाव में सहयोग तथा सिविल नाभिकीय क्षेत्र में परस्पर निवेश बढ़ाना है। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी तथा राजकुमार अल नाहियान ने भारत–यूएई समग्र रणनीतिक साझेदारी में हुई तेज प्रगति को स्वीकार किया जिसकी स्थापना 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान हुई थी। इस समय यूएई में सबसे ज्यादा संख्या 3.5 मिलियन अनिवासी भारतीयों की है। ऊर्जा, नाभिकीय सहयोग तथा व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों में मील का पत्थर है। राजकुमार नाहियान राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर भी गए जहां उन्होंने एक पौधा रोपा। इस परंपरा की शुरुआत उनके बाबा ने 1992 में की थी। यूएई के राजकुमार शेख खालिद बिन मुहम्मद बिन जायद अल नाहियान की भारत यात्रा इस दौरान हुए समझौतों से आगे जाती है। इससे दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को मजबूती मिली है। 'लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम'–एलसीएस के क्रियान्वयन से भारतीय रुपयों और यूएई दिरहम में सीमापार लेनदेन संभव हुआ है। यह भारत और संयुक्त अरब अमीरात–यूएई के बीच निरंतर प्रगाढ़ होते संबंधों का एक और उल्लेखनीय उदाहरण है।

# भारत में कौशल विकास जरूरी

**हमें विशेष कौशल संभावनायें खोजने की जरूरत है। इससे मानकीकृत प्रतियोगिता परिवेश का विकास होगा जो विश्व स्तरीय कौशल प्रतियोगिताओं में सभी भारतीय प्रतियोगियों के लिए समान आधार की गारंटी देगा।**

**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास से संबद्ध हैं)





फ्रांस के लियोन में द्वैवार्षिक 'वर्डस्किल्स कंपटीशन – 2024' के 47वें संस्करण का प्रारंभ हुआ है। इस प्रतियोगिता में वर्डस्किल्स इंडिया टीम की 60 सदस्यों वाली युवा टीम भाग ले रही है। यह दुनिया भर के 70 से अधिक देशों के सहभागियों के साथ 52 कौशल श्रेणियों में प्रतियोगिता करेगी। अक्सर 'ओलम्पिक्स आफ स्किलिंग' कही जाने वाली इस अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में 10 से 15 सितंबर तक 2.5 लाख से अधिक प्रतियोगी शामिल होंगे। इसमें 1,400 से अधिक प्रतियोगियों के साथ 1,300 विशेषज्ञ भी होंगे। वर्डस्किल्स प्रतियोगिता एक ऐसा मंच है जहां हम व्यापक प्रकार के कौशलों में उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हैं जिनमें निर्माण से लेकर विनिर्माण तथा सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर सृजनात्मक कलायें शामिल हैं। इसमें भाग लेने वाली 60 सदस्यीय भारतीय टीम में 20 प्रतिशत महिलायें हैं।

यह संस्करण अपने आप में इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि इसमें परंपरागत रूप से पुरुष–प्रभुत्व वाले क्षेत्रों, जैसे वेल्डिंग, प्लंबरिंग व हीटिंग में भी प्रतियोगितायें होंगी। उनको विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख निगमों द्वारा कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही देश भर की उद्योग संस्थाओं तथा संस्थानों के प्रमुख लोगों ने उनकी सहायता की है। लेकिन दुर्भाग्य से महिला–प्रभुत्व वाले सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र द्वारा इस प्रतियोगिता में ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया गया है, जबकि इन क्षेत्रों में 67 प्रतिशत महिलायें काम करती हैं। विडंबना है कि इस क्षेत्र में उपलब्ध कौशल क्षमताओं को अभी विश्व स्तर पर समुचित स्वीकार्यता नहीं मिली है।

इसी कारण वर्डस्किल प्रतियोगिता की वर्तमान टीम में इनको समुचित स्थान नहीं मिला है। यदि 'नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन'–एनएसडीसी तथा सीएसआर फंड इन कौशलों को भारत में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता के माध्यम से सहायता दें तो यह बहुत महत्वपूर्ण कदम होगा। देश की इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में अभी सर्वोच्च कौशल मानकों का प्रदर्शन होना बाकी है, लेकिन यह एक मंच के रूप में अनेक युवाओं को ऐसा स्थान प्रदान करता है जहां वे अनेक कौशलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–एनईपी 2020 में कौशल विकास का महत्व स्वीकार करते हुए इसके लिए इस क्षेत्र में 40 प्रतिशत 'क्रेडिट' दिए गए हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कौशल विकास तक पहुंच में वित्तीय सीमायें बाधा नहीं बनें। वित्तीय सहायता, स्कालरशिप तथा कम ब्याज पर कर्ज वाले माडलों की खोज कर कौशल कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले नौजवानों को समर्थन दिया जाना चाहिए। यह बात खासकर सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है जो भारत का भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। कौशल विकास क्षेत्र के तेजी से विकास के लिए नियामक ढांचा मजबूत करने और इसमें सुधार करने की आवश्यकता है।

यह उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं तथा तकनीकों में प्रगति को देखते हुए बहुत जरूरी है। हालांकि, इन क्षेत्रों में मान्यता व प्रमाणन प्रक्रियाओं को सहज, सरल और गतिशील बनाने की भी आवश्यकता है और इस पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए, लेकिन कौशल विकास की मुख्य शक्ति उसकी प्रतियोगिता क्षमता में है। कौशल विकास के लक्ष्य पूरे करने के लिए अकादमिक क्षेत्र, उद्योगों तथा प्रशिक्षकों को एकसाथ लाना जरूरी है। भारत के कौशल विकास लक्ष्य पूरा करने के लिए यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। भारत को वैश्विक कौशल राजधानी बनाने के लिए हमें 11 प्रमुख पैराडाइमों और सक्षमीकरणों पर ध्यान देना चाहिए। इनमें महत्वाकांक्षा एवं पैरोकारी, क्षमता, गुणवत्ता, सिनर्जी, लामबंदी व सहभागिता तथा अंतरराष्ट्रीय साझेदारी शामिल हैं।

इस सहभागी प्रयास में सभी पक्षों की अपनी विशिष्ट भूमिका है और उनको इसका पालन करना चाहिए। इन सबको साथ लाकर हम वैश्विक स्तर पर एक कुशल कामगार बल तैयार कर सकते हैं जो देश की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही भारत के लिए 'गेमचेंजर' साबित हो सकता है। वर्तमान समय में सौंदर्य एवं वेलनेस क्षेत्र में वैश्विक कौशलों के मामले में भारत का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं है और इस मामले में हम अनेक देशों से पीछे हैं। हमें अपने लड़के लड़कियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण देने के साथ उनको ज्यादा प्रतियोगिताओं के अवसर देने चाहिए। इससे वे विश्व कौशल प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ने में सफल होंगे। 'मिस वर्ड' व 'मिस युनीवर्स' जैसी सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने इस क्षेत्र के प्रति व्यापक आकर्षण पैदा किया है। इससे फैशन उद्योग के बारे में पुरानी भ्रांत धारणायें काफी सीमा तक टूटी हैं तथा इसे एक विशिष्ट पहचान मिली है। इसी प्रकार सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र की असीम संभावनायें हैं और यह विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकता है। लेकिन सौंदर्य व वेलनेस क्षेत्र में हमारा कौशल दृष्टिकोण व्यक्तियों में ऐसे केन्द्रित सुधार का होना चाहिए जिससे वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी अमिट छाप छोड़ सकें।

वर्डस्किल्स प्रतियोगिता हर दो साल पर कौशलों की वैश्विक चैंपियनशिप का आयोजन करता है। इसमें दुनिया भर के युवा प्रतियोगिता कर अपने विशिष्ट कौशल में मैडल जीतते हैं। ये प्रतियोगितायें विभिन्न क्षेत्रों तक फैली हैं जिनमें ज्वाइनरी से फ्लोरिस्ट्री, हेयरड्रेसिंग से एलेक्ट्रानिक्स, आटो–बाडी रिपेयर से बेकरी, सौंदर्य व वेलनेस तथा अनेक अन्य क्षेत्र शामिल हैं। वर्डस्किल सदस्य देशों तथा क्षेत्रों से प्रतियोगियों का चयन किया जाता है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपने साथियों में सर्वश्रेष्ठ होते हैं। इस प्रकार पेशेवर शिक्षा में कुशल पेशेवरों की पहचान बनती है जो वर्डस्किल्स प्रतियोगिताओं का एक प्रमुख लक्ष्य है। यइ परिवर्तनकारी सामाजिक और आर्थिक औजार का काम करता है। विश्व स्तर पर भारत का प्रभुत्व स्थापित करने के लिए वैश्विक कौशल प्रतियोगितायें समय की आवश्यकता हैं। इसके लिए हमें विभिन्न प्रकार के कौशलों के लिए अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इस महत्वपूर्ण आयाम पर फौरन ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही समुचित जमीनी कार्रवाई भी जरूरी है क्योंकि इससे विश्व कौशल विकास के क्षेत्र में भारत की स्थिति काफी मजबूत होगी। 'वर्डस्किल्स कंपटीशन–2022' में 50 सदस्यों वाली भारतीय टीम को केवल 13 मैडल एप्रीसियेशन श्रेणी में मिले थे और इसे सभी प्रतियोगियों में 11वां स्थान मिला था।

इसके उलट चीन का प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान था जिसे 11 स्वर्ण, 8 रजत और 9 कांस्य मैडल मिले थे। हालांकि भारत को कभी इन प्रतियोगिताओं में स्वर्ण मैडल नहीं मिले, पर इनसे स्पष्ट हुआ कि विभिन्न प्रकार के कौशलों में भारतीय युवा पेशेवरों की असीम संभावनायें हैं ओर वे विश्व प्रतियोगिताओं में मैडल भी जीत सकते हैं। भारतीय प्रतियोगियों को विश्व स्तर पर विभिन्न कौशलों में विकास से परिचित करना तथा उनमें उत्साह पैदा करना भारत में कौशल विकास के भविष्य के लिए जरूरी है।

इस दृष्टिकोण से हमें नई रणनीति की आवश्यकता है। विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं में इसके लिए एक सक्षम परिवेश बनाने की जरूरत है। इन संस्थाओं में उद्योगों तथा पेशेवर शिक्षा के बारे में सूचनाओं तथा सर्वोत्तम व्यवहारों का अबाध संप्रेषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भारत में नए विचारों और प्रक्रियाओं की शुरुआत स्कूली शिक्षा से ही होनी चाहिए ताकि नौजवान स्वयं को तकनीकी व रचनात्मक कॅरियरों के प्रति प्रतिबद्ध रूप से विकसित कर सकें। इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा। यदि हमारे कुशल सहभागी 'ओलम्पिक्स आफ स्किल्स' में मैडल नहीं जीत पा रहे हैं तो यह स्पष्ट संकेत है कि हमें अपनी रणनीतियों पर पुन: विचार करना चाहिए। हमें उत्कृष्टता के लिए विशिष्ट कौशलों के विकास पर ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही मानक प्रतियोगिता परिवेश की भी गारंटी की जानी चाहिए ताकि हम दुनिया भर के प्रतियोगियों के साथ समान स्तर पर प्रतियोगिता कर सकें। लगातार सुधार और नई चीजों व विचारों की स्वीकार्यता बढ़ाने से हम लोगों को कौशल विकास के क्षेत्र में इन आयामों का महत्व बता सकते हैं। कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देना जरूरी है।

# चिंताजनक हैं आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं

**विवेक शुक्ला**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत में आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या, विशेष रूप से युवा लोगों और व्यापारियों के बीच, एक चिंताजनक और दिल दहला देने वाला मुद्दा है जिस पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। छात्रों और उद्यमियों द्वारा असफलता या संकट का सामना करने के बाद अपने जीवन को समाप्त करने की खबरें बहुत आम हो गई हैं। यह सही समय है कि समाज, जिसमें शिक्षक, मनोचिकित्सक और जिम्मेदार नागरिक शामिल हैं, इस बात पर विचार करें कि निराशा के क्षणों में ये व्यक्ति ऐसे चरम उपाय क्यों करते हैं।

हाल के वर्षों में, आत्महत्या की महामारी ने प्रमुखता हासिल की है, विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के बीच। सफल होने का दबाव, सामाजिक अपेक्षाओं और असफलता के डर से बढ़ जाता है, जिससे युवा व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम होते हैं। राजस्थान का कोटा शहर, जो अपने कोचिंग संस्थानों के लिए प्रसिद्ध है, छात्रों की आत्महत्याओं का केंद्र बन गया है। शीर्ष मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की प्रवेश परीक्षाओं को पास करने के एकमात्र लक्ष्य के साथ हर साल हजारों छात्र शहर में आते हैं।

फिर भी, शैक्षणिक अपेक्षाओं के भारी बोझ के नीचे, कई टूट जाते हैं। लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 2019 से 2021 के बीच भारत में 35,000 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की। 2019 में, छात्रों की आत्महत्या की संख्या 10,335 थी, जो 2020 में बढ़कर 12,526 और 2021 में 13,089 हो गई। ये आंकड़े छात्रों के सामने आने वाले दबावों की एक गंभीर तस्वीर पेश करते हैं। साथियों से लगातार तुलना, अथक प्रतिस्पर्धा और माता–पिता, शिक्षकों और समाज की उच्च अपेक्षाओं को पूरा करने की इच्छा अक्सर युवा व्यक्तियों को फंसा हुआ, निराश और असफलता का सामना करने में असमर्थ महसूस कराती है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल इस बात पर जोर देते हैं कि आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या पर केवल चिंता व्यक्त करना पर्याप्त नहीं है। उनका तर्क है कि इस



संकट के समाधान की पहचान करने की तत्काल आवश्यकता है। 10 सितंबर को पड़ने वाले विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर, युवा, व्यवसायी और अन्य आत्महत्याओं के पीछे के कारणों पर चर्चा करने के लिए नई दिल्ली में एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मनोचिकित्सक, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे जो अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। इसके बाद बढ़ती आत्महत्या दरों पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति विकसित की जाएगी। छात्रों की आत्महत्या के मामले में, कुछ कोचिंग सेंटर छात्रों पर दबाव कम करने के प्रयास कर रहे हैं। काउंसलिंग सेवाएँ शुरू की गई हैं, और छात्रों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए माता–पिता को इस प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। इन पहलों का उद्देश्य उच्च–दांव वाली परीक्षाओं से जुड़े तीव्र तनाव को कम करना है। हालाँकि, छात्रों पर पड़ने वाले भारी बोझ को कम करने के लिए संस्थागत और सामाजिक दोनों स्तरों पर अधिक व्यापक उपायों की आवश्यकता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट है कि 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने आत्महत्या की। यह आँकड़ा चौंकाने वाला है और युवाओं के सामने आने वाले मानसिक स्वास्थ्य संकट का संकेत देता है। यह माता–पिता, शिक्षकों और समाज के लिए एक ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है जो छात्रों को बिना किसी दबाव के अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की अनुमति देता है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी (ष्ठक्क्र) के सामाजिक कार्यकर्ता भाई सोलोमन जॉर्ज भी इसी भावना को दोहराते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, आय या जाति के बारे में अनावश्यक तुलना या पूछताछ का सामना नहीं करना चाहिए।

इस तरह की हरकतें, अक्सर अनजाने में, बच्चे के आत्मसम्मान को कमज़ोर कर सकती हैं और निराशा की ओर ले जा सकती हैं। जॉर्ज शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की वकालत करते हैं जो शैक्षणिक सफलता के साथ–साथ बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य का पोषण करता है। वह इस बात पर भी ज़ोर देते हैं कि बच्चों को सफलता के पूर्वनिर्धारित ढाँचों में मजबूर होने के बजाय अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप करियर चुनने की आज़ादी होनी चाहिए। आत्महत्या की महामारी सिर्फ़ छात्रों तक ही सीमित नहीं है। व्यवसायी भी वित्तीय घाटे के कारण अपनी जान ले रहे हैं। एनसीआरबी ने यह भी खुलासा किया है कि 2020 में, कोविड–19 महामारी के चरम के दौरान, भारत में 11,716 व्यवसायियों ने आत्महत्या की। यह 2019 से 29त्न की वृद्धि को दर्शाता है जब 9,052 व्यवसाय–संबंधी आत्महत्याएँ दर्ज की गई थीं। महामारी के कारण आई आर्थिक उथल–पुथल ने व्यवसायों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों को बहुत बड़ा झटका दिया। पहले से ही वित्तीय झटकों की चपेट में आए ये उद्यम कर्ज और घाटे के बोझ तले दब गए। कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जिसमें 1,772 मौतें हुईं – पिछले वर्ष की तुलना में 103त्न की चौंका देने वाली वृद्धि। महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भी व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जहां क्रमश: 1,610 और 1,447 मामले सामने आए।

मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चाओं में अक्सर भारत के व्यापारिक समुदाय, विशेष रूप से एसएमई की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। छात्रों, व्यापारियों और अन्य लोगों में आत्महत्या के मुद्दे को अब और नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। यह ज़रूरी है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं।

## आप की बात

### जम्मू कश्मीर चुनाव

**जम्मू कश्मीर** में हो रहे विधानसभा चुनाव में विभिन्न दल सक्रिय हो गए हैं। इनमें से नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी व कई अन्य के घोषणापत्र में कश्मीर में धारा 370 फिर से लागू करने, कुछ विशेष स्थानों के नाम बदलने से लेकर कई तरह की विभाजनकारी बातें कही गई है। चुनाव घोषणापत्रों पर चुनाव आयोग को स्वत: संज्ञान लेते हुए चुनावी घोषणापत्र में से राष्ट्र–विरोधी और अवांछित बातों को हटाने, चुनावी सभाओं में भड़काऊ भाषणबाजी करने पर तथा प्रतिबंधित संगठनों के सदस्यों के निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगानी चाहिए। वैसे तो निर्वाचन आयोग स्वयं को मिले अधिकारों के अंतर्गत ऐसी कार्रवाई स्वयं कर सकता है, लेकिन यदि ऐसा न हो तो राजनीतिक दलों व मतदाताओं को उससे अपील करनी चाहिए। यह अलगाववादी बुलेट के बजाय बैलेट के दम पर निर्दलीय रूप से चुनाव जीतकर बाद में नैशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी से हाथ मिलाकर सत्ता में आ जाते हैं तो कश्मीर घाटी एकबार फिर से आतंकवादियों की शरणस्थली बन जाएगी। ऐसी स्थिति से बचाने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है। यह जिम्मेदारी कश्मीरी जनता की भी है कि वह ऐसे राष्ट्र–विरोधी तत्वों की सभाओं और अपीलों को चुनाव अभियान के दौरान ही अस्वीकार कर दे।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### ट्रंप-हैरिस डिबेट

**आखिरकार** डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस के बीच 90 मिनट की जीवंत टीवी डिबेट का सफल आयोजन हुआ। अमेरिका समेत दुनिया में करोड़ों लोगों ने इसे देखा। इस तीखी बातचीत में हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति पर व्यक्तिगत हमले भी किए। इस बहस के अधिकांश हिस्से ने हैरिस द्वारा अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी को उनके पिछले आचरण और टिप्पणियों का विस्तृत बचाव करने के लिए बाध्य कर दिया। गर्भपात के मामले में कमला ने ट्रम्प को बचाव की मुद्रा में ला दिया और वे कई बार निरुत्तर हो गए। ट्रंप का एक मात्र पसंदीदा मुद्दा अवैध आप्रवास था। वे इस पर व्यापक बहस चाहते थे मगर कमला ने बड़ी चालाकी से कहा कि ट्रम्प के कार्यकाल में भी आप्रवासियों का आना जारी था। इससे ट्रम्प को रक्षात्मक रुख अख्तियार करने को बाध्य कर दिया। बहस के खत्म होने के बाद अमेरिका की सबसे लोकप्रिय गायिका टेलर स्विफ्ट ने कमला हैरिस को वोट देने का एलान कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों में से अधिकांश का मानना है कि कमला हैरिस चुनाव प्रचार के मामले में ट्रंप से बहुत आगे निकल गई हैं जिसमें इस टीवी बहस ने भी अपना योगदान दिया है। इसके बाद आने वाले जनमत सर्वेक्षणों पर गौर करना होगा।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कश्मीर का माहौल

**कांग्रेसी** नेता और पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने अपनी किताब राजनीति के पांच दशक के विमोचन पर कहा कि गृहमंत्री रहते हुए भी मैं श्रीनगर के लाल चौक जाता था, वहां घूमता, लोगों से मिलता तो लोग कहते थे कि हमारे गृहमंत्री बहुत निडर हैं, किन्तु अंदर ही अंदर मैं भयभीत रहता था। इस खुलासे से जहाँ कांग्रेस घिरती नजर आ रही है वहीं भाजपा नेता लाल चौक पर राहुल–प्रियंका के घूमने व कश्मीर की वादियों में उनकी मनोरंजक अठखेलियों को लेकर कांग्रेस पर हमला कर रहे हैं। पहले यूपीए सरकार के गृहमंत्री तक वहां जाने से डरते थे, जबकि धारा 370 हटने के बाद कांग्रेसी नेता निर्भय होकर पूरे कश्मीर में आनन्द उठा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्ष के नेता राहुल गांधी जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेस से समझौता कर धारा 370 फिर लाने की बात कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कांग्रेस धारा 370 क्यों पुनः लागू करना चाहती है। कांग्रेस की इस दोमुंही नीति की निन्दा करते हुए गृहमंत्री अमित शाह स्पष्ट कह चुके हैं कि धारा 370 की वापसी राज्य सरकार के लिए संभव नहीं है और राहुल गांधी तथा फारूक व उमर अब्दुल्ला वोट पाने के लिए जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### विपक्ष के दांवपेंच

**मोदी सरकार** का बिना किसी अड़चन के तीसरा कार्यकाल सुचारू रूप से चल रहा है। लेकिन इसमें रोड़े अटकने के लिए विपक्ष तरह–तरह के मुद्दे उछल रहा है। जातिगत जनगणना हो भी जाती है तो गरीबों को इससे कुछ मिलने वाला नहीं है। यह सारी कवायद सिर्फ वोट की राजनीति मात्र है। यदि आरएसएस का जातिगत जनगणना से सहमत होना उसकी विचारधारा है तो बीजेपी को भी इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मगर विपक्ष की असल मंशा जनगणना के परिणाम आने के बाद लोगों में भ्रम फैलाकर असंतोष पैदा करने की है ताकि लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर सके। लेकिन इससे अनेक स्थापित दलित व ओबीसी नेताओं को कठिनाई भी हो सकती है क्योंकि उनकी जातियों ने एससी व ओबीसी के आरक्षण पर दबंगई से कब्जा कर रखा है। ये नेता एससी, एसटी व ओबीसी के उप–वर्गीकरण तथा क्रीमी लेयर लागू करने के घोर विरोधी हैं जिसका सुझाव सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने दिया है। आरएसएस ने जातिगत जनगणना के पक्ष में राय देकर विपक्ष के हाथ से एक मुद्दा छीन लिया है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 सितंबर, 2024



# सेमीकंडक्टर में भारत को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करेगा सेमीकॉन इंडिया: योगी

## पीएम मोदी के साथ इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया-2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

● सीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन के इंजीनियर्स के हब के रूप में हो रहा स्थापित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया- 2024 पीएम मोदी के विजन के अनुरूप सेमीकंडक्टर के उत्पादन, डिजाइन व टेक्नोलॉजी डवलपमेंट में भारत को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करेगा। उत्तर प्रदेश आज देश-दुनिया में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यातक के रूप में उभरा है। पिछले कुछ वर्षों में हुए प्रयास का ही परिणाम है कि देश के मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का 55 प्रतिशत और मोबाइल कंपोनेंट का 50 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सैमसंग इंडिया अपने डिस्प्ले यूनिट के प्लांट की स्थापना उत्तर प्रदेश में कर रहा है। साथ ही उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर का बड़ा हब बन रहा है। सेमीकंडक्टर को अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 लागू की गई है। इस नीति में पूंजीगत सहायता, ब्याज उपादान, भूमि मूल्य, स्टांप, विद्युत शुल्क में छूट के आकर्षक प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया-2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। 11-13 सितंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम की थीम 'शेपिंग द सेमीकंडक्टर फ्यूचर' है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा यह तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतारने वाला साबित होगा। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी कोरोना और भू-राजनीतिक वैश्विक तनाव से ग्लोबल सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ा था। इससे सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री भी प्रभावित हुई थी। उन्होंने कहा कि दुनिया जब कोरोना से पस्त थी, उस समय प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी नेतृत्व में भारत ने कोरोना प्रबंधन के साथ ही सेमी कंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग ईको सिस्टम के विकास के लिए अपनी नोटिफिकेशन जारी किया था। यह आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम था।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने आईटी सेक्टर, डाटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग और सेमीकंडक्टर पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन के इंजीनियर्स के हब के रूप में स्थापित हो रहा है। मीडिया टेक, ईआरएम, क्वॉलकॉम,एनएचपी, सिनॉप्सिस कैंडेंस जैसी प्रमुख कंपनियां यहां स्थापित हैं, जो उत्तर प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा को लाभ उठाने और सेमीकंडक्टर की डिजाइन में नवाचार को बढ़ावा देने में सहायक साबित हो रही हैं। इसी को देखते हुए उत्तर प्रदेश में आईटी इंडस्ट्री को उद्योग का दर्जा दिया गया है, जिससे प्राधिकरणों के अधीन उद्योग भूमि को सस्ते दरों पर आईटी कंपनियों को दिया जा सके।


सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। इसी का परिणाम है कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश ने अचीवर स्टेट का दर्जा हासिल किया है। वर्तमान में प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर की 27 सेक्टोरियल पॉलिसी लागू की गई है।

उत्तर प्रदेश एफडीआई फार्चून ग्लोबल-500 और फार्चून इंडिया-500 कंपनियों के लिए भी हमारी समर्पित नीति है। उद्यमियों की सुविधा के लिए टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए सिंगल विंडो पोर्टल %निवेश मित्र% के माध्यम से 450 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं संचालित की जा रही हैं। एमओयू मॉनिटरिंग हेतु 'निवेश सारथी% पोर्टल विकसित किया गया है। इंसेंटिव वितरण भी आज प्रदेश में ऑनलाइन किया जा रहा है। निवेशकों की सहायता के लिए 100 उद्यमी मित्र तैनात किए गए हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, गौतमबुद्ध नगर के सांसद महेश शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में कार्य कर रहे देश-दुनिया के ग्लोबल लीडर शामिल रहे।






## 2017 के पहले निवेश आता नहीं था, आज लगे हैं ढेर: मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

● योगी बोले, यूपी में निवेश के अनुकूल वातावरण के चलते आज हर कोई उत्तर प्रदेश आना चाहता

**सेमीकॉन** इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर सीएम योगी और केंद्र सरकार के आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मिनिस्टर अश्वनी वैष्णव ने साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के बदले हुए परसेप्शन का जिक्र करते हुए कहा कि 2017 के पहले जहां उत्तर प्रदेश में कोई निवेश नहीं करना चाहता था, वहीं आज उत्तर प्रदेश के बदले हुए परसेप्शन के कारण यहां निवेश के ढेर लगे हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। निवेश के अनुकूल नीतियां हैं। व्यापार के अनुरूप वातावरण है। इसके चलते आज हर कोई उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आना चाहता है।

2017 के पहले और 2017 के बाद के उत्तर प्रदेश में अंतर को स्पष्ट करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब हम इन्वेस्टर्स समिट की प्लानिंग कर रहे थे तो हमें कहा गया कि सिर्फ 20 हजार करोड़ रुपए तक का ही निवेश संभव हो सकेगा। हालांकि, पिछले साल हमें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मिला। इसमें से इसी वर्ष फरवरी माह तक हमने 10 लाख करोड़ रुपए तक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त की है। यह बदले हुए उत्तर प्रदेश के वर्क कल्चर को दिखाता है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश के अनुकूल राज्य बनाने के लिए विगत सात वर्ष में सभी ने काफी मेहनत की है। आज हम निवेशकों की प्रत्येक समस्याओं का निश्चित समय में समाधान करते हैं। ऑनलाइन पोर्टल निवेश मित्र के जरिए निवेश की प्रक्रिया को सबसे आसान बनाया गया है। पहले भी सिंगल विंडो सिस्टम की बात की जाती थी, लेकिन हमने इसे गंभीरता से लागू किया। आज किसी भी निवेशक को अपने इंसेंटिव्स के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। ऑनलाइन ही सारे काम हो जाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में सेमी कंडक्टर पॉलिसी 2024 को हमने लागू किया है। इसके माध्यम से हम निवेशकों की राह को आसान बना रहे हैं।

## 17 से 2 अक्टूबर पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग आगामी 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाने जा रहा है। राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155वें जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त नगरीय निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप सफाई अभियान चलाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। 15 दिवसीय यह अभियान दैनिक आधार पर थीम आधारित आईईसी गतिविधियों के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा।

नगर विकास विभाग को मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए है कि अभियान के दौरान प्रदेश के सभी शहरों को स्वच्छ रखा जाए। इस बार स्वच्छता ही सेवा वर्ष-2024 अभियान की थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता है। स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत मंत्रिगण, जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगणों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं व स्कूल कॉलेजों द्वारा विभिन्न स्थलों पर श्रमदान करते हुए साफ-सफाई का आयोजन किया जाएगा। युवाओं की भागीदारी एवं स्वच्छता की जागरूकता के लिए विभिन्न आईईसी कार्यक्रम कराए जाएंगे। आईईसी कार्यक्रम के तहत प्लॉगरन, मैराथन, साईक्लॉथान, पौधरोपड़, जीरो वेस्ट इवेंट के साथ ही स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों द्वारा वार्डों में जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह भी बताया गया कि वर्तमान में लगभग 5000 स्वच्छ सारथी क्लब प्रदेश में स्थापित किये गये हैं। विभिन्न अभियानों के माध्यम से क्लबों की सहभागिता करायी जायेगी। स्कूल परिसरों को प्लास्टिक मुक्त, शिक्षण संस्थानों के परिसर की साफ-सफाई तथा छात्रों को स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलायी जायेगी। संपूर्ण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर सार्वजनिक स्थान, सरकारी कार्यालय, बाजार, शिक्षण संस्थानों, चिड़ियाघर, गंगा टाउन-घाट, जल निकाय, पर्यटन स्थल, धार्मिक, आध्यात्मिक विरासत स्थल, सभी शौचालयों आदि में स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति का गठन किया गया है, जो प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ घर हेतु सर्वेक्षण में भूमिका निभाएगी व प्रत्येक वार्ड में सर्वश्रेष्ठ 3 घरों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करेगी। साथ ही प्रत्येक वार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया जायेगा। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य बीमा कराया जायेगा तथा उनके लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जायेगा।

# दुनियाभर से आए ग्लोबल लीडर्स ने पीएम मोदी के विजन को सराहा, कहा- यही समय है सही समय

● सप्लाई चेन की समस्याओं को दूर करने और आपसी समन्वय के साथ ही देश में उपस्थिति बढ़ाने पर जताई प्रतिबद्धता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**भारत** अब दुनिया में केवल ग्लोबल लीडर ही नहीं, बल्कि मार्केट की सबसे प्रमुख जरूरत यानी सप्लाई चेन की दिशा में भी दिग्गज बनने की ओर तेजी से बढ़ चला है। आज पूरी दुनिया भारत को न केवल सेमीकंडक्टर विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनते देखना चाहती है बल्कि वैश्विक सप्लाई चेन में उसकी प्रमुख भूमिका को लेकर न केवल आश्वस्त है बल्कि इसके लिए सभी तरह के समन्वय के लिए भी प्रतिबद्ध है। बुधवार को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में आयोजित सेमीकॉन इंडिया 2024 में शिरकत करते हुए सेमीकंडक्टर सेक्टर के ग्लोबल लीडर्स ने इन्हीं विषयों पर सबसे ज्यादा फोकस किया। साथ ही, पूरी दुनिया को ग्रोथ के लिए 'मोदी लॉ' पर फोकस करने की नसीहत दी। ये मोदी लॉ दरअसल पीएम मोदी की नीतियां हैं जो किसी भी इंडस्ट्री के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक्सपोनेंशियल ग्रोथ के अवसर हैं और पीएम मोदी का विजन इस पर ही सबसे ज्यादा फोकस करता है। इसी बात को ग्लोबल लीडर्स ने सबसे ज्यादा सराहा और प्राथमिकता दी।

सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में ग्लोबल कोलैबोरेशन की दिशा में काम करने ग्लोबल एसोसिएशन सेमी के प्रेसीडेंट व सीईओ अजीत मनोचा ने कहा कि यह अकल्पनीय होने के साथ अद्भुत है। सेमीकॉन कई देशों में आयोजित हो चुके हैं मगर भारत में यह पहला संस्करण है और अन्य देशों की तुलना में यह चार से पांच गुना ज्यादा बड़ा आयोजन है। यह भारत की अनप्रेसिडेंटेड कैपेबिलिटीज को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी सीईओ व बिजनेस लीडर्स इस बात पर सहमत हैं कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण व सप्लाई चेन को बढ़ावा मिलना चाहिए। यह भारत की लीडरशिप और विजन के कारण हो सका जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हमें मोदी लॉ की बात करनी होगी। मोदी लॉ एक्सपोनेंशियल ग्रोथ पर फोकस करता है। हमें इस विजन को सच बनाना होगा क्योंकि यह न केवल भारत, न केवल विश्व बल्कि पूरी मानवता की उन्नति का मार्ग है। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में होने वाली उपलब्धि पूरे इंडस्ट्री सेक्टर में उपलब्धियों के द्वार खोलने का आधार बनती हैं।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ डॉ. रणधीर ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के पहले कॉमर्शियल फैब का धोलेरा गुजरात व देश की पहली इंडीजीनियस ओसीइएट इंडस्ट्री का जागीरोड़ असम में फाउंडेशन स्टोन रखा। यह दोनों प्रोजेक्ट भारत सरकार से रिकॉर्ड समय के अंदर स्वीकृत हुए जिसने एक बेंचमार्क स्थापित किया है। यह भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत संभव हुआ। चिप कंडक्टर के निर्माण से हजारों सोफेस्टिकेटेड सेमीकंडक्टर पार्टनर्स की जरूरत होती है जो टीम की तरह काम करती है। कुल 11 महत्वपूर्ण घटकों के जरिए चिप निर्माण पूरा होता है जिसमें डिजाइन, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर्स व लॉजिस्टिक्स महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत सरकार की पहल से ये सभी जरूरी 11 इकोसिस्टम के प्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है। हम सभी पार्टनर्स के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें साथ मिलकर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम की तरह मिलकर कार्य करना होगा। यह पीएम मोदी के ग्लोबल रीच, विजन व सेमीकंडक्टर मिशन के कारण ही संभव हो पाया है। टाटा ही देश में स्टील इंडस्ट्री लेकर आई थी और अब हम देश में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इस प्रक्रिया से हम पचास हजार रोजगार उपलब्ध कराने में सक्षम हो सकेंगे। प्रत्येक सेमीकंडक्टर रिलेटेड जॉब अपने साथ 10 अन्य रोजगार के अवसरों का माध्यम भी बनेगा। यही समय है सही समय है, भारत का अनमोल समय है। एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर व सीईओ कर्ट सीवर्स ने कहा कि एंबीशन,ट्रस्ट व कोलैबोरेशन वह तीन एट्रीब्यूट्स हैं जिनके जरिए सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में सफलता का मार्ग सुनिश्चित होता है। ये स्प्रिंट नहीं मैराथन है। पचास सालों से हमारी भारत में उपस्थिति है और पिछले कुछ वर्षों में हुआ बदलाव अकल्पनीय है। यह भारत को इकॉनमी के लिहाज से बहुत समृद्ध व ताकतवर बना रहा है। इनोवेशन, डेमोक्रेसी और ट्रस्ट वो मैजिक मंत्र है जिसपर चलकर देश के उद्योग प्रगति करते हैं। हम भारत में हैं, भारत के साथ हैं और प्रतिबद्ध हैं। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ऑटोमोटिव सेमीकंडक्टर कंपनी व विश्व की सबसे बड़ी माइक्रोकंट्रोलर सप्लायर के रूप में प्रसिद्ध रेनेसॉ इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन के प्रेसीडेंट व सीईओ हितोशी शिबाता ने कहा कि रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स जापान, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंबेडेड सेमीकंडक्टर सॉल्यूशंस प्रोवाइडर हैं। हमें भारत में पहला प्लांट लगाने में सफलता मिली है। हम बेंगलुरु, दिल्ली, नोएडा व हैदराबाद में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। दुनिया का पहला 300 मिलीमीटर कॉमर्शियल सेमीकंडक्टर पाथ हमने ही बनाया था। हमें सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी की जटिलताओं की अच्छे से जानकारी है। हम भारत के इस सपने को साकार करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मोदी लॉ को वास्तविकता बनाने पर कार्य करेंगे। सेमीकंडक्टर्स के क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े रिसर्च एंड डेवलपमेंट हब के तौर पर प्रसिद्ध आईमैक के प्रेसीडेंट व सीईओ, लूकवॉडन हॉल ने कहा कि हम भारत की सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बूस्ट करने के लिए तैयार है। आईमैक स्ट्रैटिज साझेदारी के लिए तैयार है। यह केवल भारत नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए जरूरी है क्योंकि एक रिलायबल सप्लाई चेन चाहिए जिसकी कमी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के तौर पर भारत के अलावा कौन प्रस्तुत कर सकता है।

# सीएम योगी ने दिया निवेशकों को प्रदेश में हर संभव मदद का भरोसा

● सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स के साथ वन टू वन मुलाकात भी की। इस दौरान सीएम योगी ने इन्वेस्टर्स को प्रदेश में सुरक्षित निवेश के साथ-साथ हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिलाया। वहीं इन्वेस्टर्स ने भी इस इवेंट को महत्वपूर्ण बताया, जबकि उन्होंने उत्तर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य करार दिया। देशी और विदेशी दोनों इन्वेस्टर्स ने माना कि भारत में सेमीकंडक्टर का काफी स्कोप है और पीएम मोदी के नेतृत्व में जल्द ही भारत सेमीकंडक्टर का हब बन सकता है।



### भारत में बढ़ा सेमीकंडक्टर का स्कोप

**हमारी** साउथ कोरिया की कंपनी है। भारत में सेमी कंडक्टर का स्कोप ज्यादा है। भारत की हाल के वर्षों में तरक्की पूरी दुनिया ने देखी है। यहां लोग उन्नत तकनीक अपना रहे हैं, जिसकी वजह से सेमीकंडक्टर का स्कोप लगातार बढ़ता जा रहा है।

**डेहून ली, हानयांग इंजीनियरिंग**

### भारत में तेजी से बढ़ेगा सेमीकंडक्टर उद्योग

भारत में सेमीकंडक्टर का बिजनेस भले ही अभी छोटा है, लेकिन उम्मीद है कि मोदी के विजन से यह बहुत जल्द बहुत बड़ा हो जाएगा। भारत में पहली बार इस तरह का इवेंट हो रहा है। दुनिया के अलग-अलग देशों से कंपनियां आई हैं। यह प्रभावित करने वाला है।

**केन उकावा, सिंगापुर**

### सुधरी कानून व्यवस्था तो बढ़ रहा निवेश

**सीएम** योगी के राज में कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है, जिसके कारण विदेशी कंपनियां भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश आ रही हैं। हमारी कंपनी लगातार साल दर साल यहां निवेश बढ़ा रही है।

**राहुल, जर्मन कंपनी विस्को टेक के प्रतिनिधि**

### यूपी को लेकर निवेशकों में उत्साह

यूपी में निवेश करना अब बहुत अच्छा हो गया है, क्योंकि सरकार यहां जिस तरह सुविधाएं उपलब्ध करा रही है वह निवेश बढ़ाने के लिहाज से बहुत अच्छा कदम है। योगी जी ने जिस तरह सहयोग का भरोसा दिया है, उससे निवेशकों में उत्साह है, जो राज्य में निवेश बढ़ाने को लेकर काफी कारगर साबित होगा।

**अलंकार ढोब्ले, पिनेटिक्स**

# 17 आईपीएस अफसरों के तबादले, 2018 बैच को मिला प्रमोशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश शासन ने बुधवार को फिर 17 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें 2017 बैच के एक और 2018 बैच के एक दर्जन आईपीएस अफसरों को एडीशन एसपी से एसपी पद पर प्रोन्नत कर नई तैनाती प्रदान की गई है। बीते मंगलवार को भी अलीगढ़ रेंज के आईजी व आठ जिलों के पुलिस कप्तानों सहित 17 आईपीएस अफसरों को इधर से उधर किया गया था।

बुधवार को हुए फेरबदल में सेनानायक चौथी वाहिनी पीएसी प्रयागराज प्रताप गोपेंद्र यादव को एसपी पीटीसी मुरादाबाद, एसपी रेलवे गोरखपुर अवधेश सिंह को पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, एडीसीपी कानपुर नगर आरती सिंह को डीसीपी कानपुर नगर, एडीसीपी कानपुर नगर अंकित शर्मा को डीसीपी कानपुर नगर, एडीसीपी कमिश्नरेट वाराणसी चंद्रकांत मीणा को डीसीपी वाराणसी कमिश्नरेट, एडीसीपी कमिश्नरेट वाराणसी चंद्रकांत मीना को डीसीपी वाराणसी कमिश्नरेट, एडीसीपी गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट साद मियां खान को डीसीपी गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट, एडीसीपी कमिश्नरेट आगरा सूरज कुमार राय को डीसीपी आगरा कमिश्नरेट, एडीसीपी कमिश्नरेट वाराणसी मनीष कुमार शांडिल्य को सेनानायक चौथी वाहिनी पीएसी प्रयागराज, अपर पुलिस अधीक्षक नगर बरेली राहुल भाटी को सेनानायक यूपी एसएसएफ लखनऊ, एडीसीपी गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट अनिल कुमार यादव को डीसीपी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट, एडीसीपी कमिश्नरेट प्रयागराज अभिषेक भारती को डीसीपी प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद संदीप कुमार मीना को एसपी रेलवे गोरखपुर, एडीसीपी कमिश्नरेट कानपुर नगर, संतोष कुमार मीना को सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर, एडीसीपी कानपुर कमिश्नरेट लखन सिंह यादव को डीसीपी गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट, सेनानायक यूपीएसएसएफ ओम प्रकाश यादव को एसपी पीटीसी सीतापुर और सेनानायक दूसरी वाहिनी पीएसी सीतापुर दयाराम को एसपी सीबीसीआईडी, लखनऊ के पद पर नई तैनाती प्रदान की गई है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएम योगी को पत्र लिखकर व्यक्त किया खेद

**लखनऊ।** जनपद आजमगढ़ में विगत माह अगस्त में गला-घोंटू बीमारी ने भीषण महामारी का रूप धारण कर लिया है, जिससे जनपद के छोटे बच्चे लगातार प्रभावित हो रहे हैं। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद राकेश राठौर एवं महासचिव संगठन अनिल यादव के नेतृत्व में जनपद आजमगढ़ गया। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ितों से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। लखनऊ लौटने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने सरकार को उक्त प्रकरण की गंभीरता एवं जमीनी हक़ीकत से अवगत कराने हेतु प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का समय मांगा। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की संस्तुति एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह के पत्र के बाद भी प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय नहीं दिया गया।

# राज्यमंत्री ने पीएम आवास की पात्रता के संबंध में जानकारी देकर किया जागरूक



**कानपुर देहात।** उप्र सरकार की राज्यमंत्री व सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने बुधवार को ग्राम भिखारए रास्तपुर व मांडा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आयोजित खुली बैठक के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बैठक को सम्बोधित किया एवं भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के तहत ग्रामवासियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई एबैठक के दौरान ग्राम वासियों की समस्याओं को सुन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित पात्रता की जानकारी दे लोगों को जागरूक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोगों के घर.घर तक पहुंच रही है। यह सब कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और संघर्ष के कारण हो पा रहा है। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता अथक परिश्रम करके भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान को सफल करने कि पूरी कोशिश में लगा हैं। अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र के लोग भाजपा के इस सदस्यता अभियान पर्व में जोश के साथ जुड़कर पार्टी कि सदस्यता ले रहे हैं। ग्रामवासियों कि हर समस्या हाल उनकी और उनकी सरकार कि पहली प्रथमिकता हैं।

हमारी सरकार बिना भेदभाव प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की महत्वकांक्षी, जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रदान करने में प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि दीपेंद्र अवस्थी (लाला), ग्राम प्रधान संजय सिंह चंदेलए बउवन द्विवेदी, बीनू मिश्रा, रणविजय सिंह, अंकित परमार, शिव सिंह चंदेल, अमित मिश्रा, अनूप शुक्ला, अतुल मिश्रा, राजकुमार पाठक, भीमाशंकर मिश्रा, सुधीर द्विवेदी, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, अमरनाथ प्रसाद, गौरव कुशवाहाए सुप्रिया कुमारी, राजेश पाण्डेय, सिंटू सिंह चौहान, पप्पू चंदेल, रामू अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# भारी बारिश पूर्व चेतावनी के अनुसार 11 से 12 सितम्बर के मध्य जनपद में बहुत भारी वर्षा होने की सम्भावना

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने सूचित किया है कि जान.माल की सुरक्षा के दृष्टिगत सचेत होते हुये बचाव के आवश्यक उपायए एवं आवश्यक संसाधन/ व्यवस्था करें, जिससे कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना/जन हानि की संभावित क्षति से बचा जा सके। उन्होंने किसान भाईयों से यह भी अपील है कि इस भारी बारिश, मेघ गर्जन एवं वज्रपात से आपने आप को सुरक्षित करते हुए फसलों/फसल की उपज को भी सुरक्षित स्थान पर रखें, जिससे किसी प्रकार के नुकसान आदि से बचा जा सके। आप सभी निमांकित दिशा.निर्देश का अनुपालन कर प्रशासन का सहयोग करे। तेज हवा, बारिश व बिजली चमकने के समय बड़े पेड़ के नीचे व कच्चे मकानों में शरण लेने से बचे। तेज हवा व बरसात के दौरान पेड़ो के निचे व कच्ची दीवारों के पास खड़े न हो। बिजली के खम्बो के नीचे व पास न खड़े हो ना ही दुपहिया व चार पहिया वाहन खड़ा न करे। बड़े होर्डिंग्स लगे स्थानों से दूर रहे तथा विधुत खम्बोए तारो व् ट्रांसफार्मर आदि से प्राप्त दूरी बनाये रखे एवं नजदीकी सुरक्षित स्थान पर शरण ले। बैटरी से संचालित मोबाइल, इन्वर्टर इत्यादि उपकरणों को फुल चार्ज रखे। पशुओं को बारिश में बचाने हेतु सुरक्षित स्थान पर बांधे। आपात स्थिति में टोर्चए रेन कोट इत्यादि का प्रयोग करे। यह भी अवगत कराना हैं की उत्तर प्रदेश राज्य में वज्रपात की काफी घटनाएं हो रही हैं तथा तथा पूर्व में आकाशीय विद्युत से कानपुर देहात में भी जनहानि घटित हुई हैं। अत: यह महत्वपूर्ण हैं की हम सभी वज्रपात से बचाव के उपायों का अनुपालन करे तथा वज्रपात की पूर्व चेतावनी/अलर्ट प्रेषित करने वाली एप्लीकेशन दामिनी ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर ले।

# आईटीआई में प्रवेश हेतु करें आवेदन

**कानपुर देहात।** डीएम के निर्देशन में नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोगनीपुर ने बताया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार कानपुर देहात के संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोगनीपुर, पुखरायां, अकबरपुर, सिकन्दरा, रसूलाबाद, कानपुर देहात के तृतीय चरण प्रवेश के उपरान्त अवशेष सीटों की सूचना वेवसाइट पर चौथे चरण के लिए राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी द्वारा नवीन विकल्पों के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा चौथे चरण के लिए नवीन अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के लिए उपलब्ध है। उपरोक्त वेबसाइट पर बने हुए लिंक पर आवेदन के लिए उपलब्ध है। पंजीकरण शुल्क 1 सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रू0 250, अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति हेतु शुल्क रू0 150 उपरोक्त प्रक्रिया 11.09.2024 से 15.09.2024 रात्रि 12.00 बजे तक उपलब्ध है।

# अमित बने कानपुर जोन के प्रभारी

**फ रुखाबाद।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में इंडिया फोटो वीडियो एक्सपो में फर्रुखाबाद शहर के लगभग एक सैकड़ा फोटोग्राफर ने एक्सपो जाकर आज के बदलते युग की फोटोग्राफी के विषय में जानकारियां प्राप्त की फर्रुखाबाद के प्रभारी अमित राठौर को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने कानपुर जोन का प्रभारी बनाया जिसमें अब वह फर्रुखाबाद कन्नौज इटावा मैनपुरी एटा कासगंज का भी कार्य देखेंगे, अमित राठौर को कानपुर जोन का प्रभारी बनने पर फोटोग्राफरों ने फूल मालाओं से लाद दिया एवं स्वागत किया ।

जिसमें अनिल श्रीवास्तव नंदकिशोर चौरसिया सोनू वर्मा नीलू कटियार सोनू शुक्ला आदि फोटोग्राफरों ने खुशी व्यक्ति की एवं नई जिम्मेदारियां की बधाई दी।भारी भीड़ ने आयोजकों और प्रदर्शकों के चेहरों पर रौनक दिखाई दी। एक्सपो में उत्तर प्रदेश के साथ साथ मध्यप्रदेश , बिहार,झारखण्ड और उत्तराखंड के भी फोटोग्राफर्स आये और प्रदर्शित विभिन्न उत्पादों में अपनी रुचि दिखाई। आयोजको ने बताया कि आज अनुमानत: लगभग 8 से 9 हजार के मध्य विजिटर्स के आये हैं। एक्सपो की आयोजक संस्था फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा आज भी लकी ड्रा के माध्यम से लगभग 50 हजार रुपये से अधिक के पुरस्कार बांटे गए। नि:शुल्क एंट्री वाले इस लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार 360सेल्फी बूथ अन्य पुरस्कारों में 1स्मार्ट वाच, 1हेड फोन, मोनोपॉड स्टैण्ड,8 डेमो एलबम, 15 पेनड्राइव, 5 बैग पैक भी आगन्तुकों ने जीते। विजेताओं को पुरस्कार वितरण प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, महामंत्री सुरेंदर सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष रूप श्रीवास्तव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास बाबू ने प्रदान किये। मुख्य आयोजक कम्पनी बाय सेल इंटरेक्शन के निदेशक रवि जी ने जीसी जीसी कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी और उनकी मेहनत के लिए शुक्रिया अदा किया।

# पूर्व गृहराज्य मंत्री विशेष सदस्यता अभियान के अन्तर्गत व्यापारियों को सदस्यता दिलाई



**संवाददाता।** लखीमपुर

पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र ष्टेनी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान 2024, विशेष सदस्यता अभियान के अन्तर्गत आज सदर चौराहे पर व्यापारियों को सदस्यता दिलाई। इस विशेष सदस्यता अभियान के अन्तर्गत हर घर सदस्यता अभियान कार्यक्रम शक्ति केन्द्र थरवरनगंज के बूथ संख्या 187 पर आज सदर चौराहे पर महेन्द्रा मेडिकल स्टोर पर संजय महेन्द्राए अनुपम रस्तोगीए अतिन महेन्द्राए मोहित गुप्ताए आराध्य टण्डनए वरूण टण्डनए विनोद जायसवालए आनस सेठएसुभम जायसवाल एराजनरायण को अपने मोबाइल से सदस्यता दिलाकर उनको सदस्यता कार्ड दिया।

इस अवसर पर जितेन्द्र त्रिपाठी ष्जीतूष् एड0ए अम्बरीष सिंहए आर0पी0 कटियारए दीपक तलवारए पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख नकहाए जितेन्द्र साहनीए देवदत्त चड्ढाए वीरेन्द्र शुक्ला ब्लाक प्रमुख पलियाए श्याम कुमार तिवारी ष्मामाष्ए विकास शुक्लाए सहित कई व्यापारी गण मौजूद रहे।

# 14 सितं. से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियानः सीडीओ

- ब्लैक स्पाटों को चिन्हित कर 01 अक्टूबर तक लगातार करवाएं सफाई
- अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



**फतेहपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन की 10 वीं वर्षगांठ पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वभाव, स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया जाना है। विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी/ अधिशाषी अधिकारियों नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान का सफल संचालन कराया जाय। सभी ग्रामों, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के वार्डो में सबसे ज्यादा गंदगी वाले ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में चयनित कर निरन्तर 01 अक्टूबर तक साफ सफाई का कार्य किया जाये। संबंधित पोर्टल पर फोटो भी अपलोड कराई जाये। साफ सफाई एवं स्वच्छता के विषय पर ग्राम सभाओं व सामुदायिक बैठको में इस पर चर्चा कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाये।

जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारियों से कहा कि ग्राम व वार्ड के अंतर्गत कराई गई साफ सफाई का मूल्यांकन करते हुए स्वच्छ वार्ड व ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा स्वच्छ हो को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाये। बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि स्कूली बच्चों को तिथि निर्धारित करते हुए स्वच्छता पर निबंध, लेख, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि कराई जाये। सफाई कर्मियों व सफाई मित्रों की जांच हेतु विकास खंडों, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के लिए सीएमओ से समन्वय बनाकर तिथि व समय निर्धारित करते हुए शिविर का आयोजन कराया जाये। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता को पुरस्कृत किया जाये। ब्लाको की प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता जिला स्तर पर कराई जाये। बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि खंड शिक्षा अधिकारी व सहायक पंचायत अधिकारी के माध्यम से सफाई कर्मियों का रोस्टर बनाते हुए प्राथमिक विद्यालयों की साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाये।

एडीएम न्यायिक ने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के ईओ से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित स्वच्छता अभियान 155 घंटे निरन्तर किया जाना है कि रूपरेखा बनाते हुए साफसफाई का कार्य एवं कार्यक्रम की सभी गतिविधियां संवेदनशीलता से कराए। जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता, नागरिक भागीदारी और साझेदारों के सहयोग से वृहद स्वच्छता अभियान, ब्लैक स्पॉट की पहचान, एसएचएस-2024 पोर्टल पर मैपिंग, सफाई मित्र स्वच्छता शिविर, जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आदि पर आधारित कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर।** कस्बे के देवगांव मार्ग में एक युवती ने छत के ऊपर जाकर निर्माधीन कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बे के देवगांव रोड में रहने वाले छोटा कछार के निवासी राजेंद्र सिंह के पुत्र सौरभ सिंह ने बताया कि बुधवार को उनकी मां कृष्णाकुमारी संतान सप्तमी का व्रत होने के कारण पड़ोस में पूजा के लिए गई थी। उसी समय उसकी बहन सन्नो 22 वर्ष छत से कपड़े लाने की बात कह कर चली गई और छत पर निर्माणाधीन कमरे में बल्ली के सहारे दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।काफी देर हो जाने पर जब वह नीचे नहीं आई तो छत पर जाकर देखा गया तो वह फंदे पर लटकी हुई थी और उसकी मौत हो गई थी। मृतका दो भाइयों दो बहनों में सबसे छोटी थी। भाई सौरभ सिंह ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश शुरु

**मौदहा हमीरपुर।** दहेज उत्पीड़न एवं हत्या का मुकदमा पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सीताराम पुत्र हरदेव प्रजापति चंदपूरवा निवासी में कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मैंने अपनी पुत्री का विवाह 3 वर्ष पूर्व कस्बा निवासी सुशील कुमार पुत्र सुखराम प्रजापति के साथ समर्थ के अनुसार दान दहेज देकर खुशी.खुशी विदा किया था लेकिन आए दिन दहेज के लिए सुशील कुमार पुत्र सुखराम एवं उसकी मां आए दिन प्रताड़ित करते रहे और अंत में जबरन डाई पिलाकर उसकी हत्या कर दी वहीं कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे से सरोज ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### गांव किनारे पेड़ पर युवक ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सैदनापुर गांव निवासी स्व. रामाधीन का पुत्र रामबरन कल शाम सात बजे घर से शौचक्रिया के बहाने निकला और गांव किनारे पहुंचकर नीम के पेड़ पर अपनी ही पैंट से फंदा बना फांसी पर लटक गया। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। कोई सुराग न लगा। आज सुबह गांव वालों ने रामबरन का फांसी पर लटका शव देखा तो घर वालों को सूचना दी। रोते-बिखलते परिजन घटनास्थल पहुंचे। शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक के भाई शंकर ने बताया कि उसके भाई का भाभी सियाकली से विवाद हो गया था जिसके चलते उसने घटना को अंजाम दे दिया।

### पेड़ की डाल गिरने से अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ीवा में लकड़ी काटते समय डाल गिरने से 58 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुर गांव निवासी स्व. नंदा का पुत्र जगदीश मंगलवार की दोपहर शमशाद ठेकेदार के साथ लकड़ी काटने गया था। बताते हैं कि इसी दौरान लकड़ी काटते समय नीम की बड़ी डाल उसके ऊपर गिर गई जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### दो सांडो ने वृद्ध ग्रामीण को पटक पटक कर मौत के घाट उतारा

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में आज दो सांडों ने एक वयोवृध्द ग्रामीण को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम देवरामपुर का निवासी राजाराम जाटव उम्र करीब 105 वर्ष नित्य प्रति की भाति आज मंगलवार को प्रातः घर से टहलने के लिए रेलवे लाइन की ओर निकाला, इसी दौरान दो सांडों ने इस बयोवृध्द ग्रामीण को घेर लिया और पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के साथ ही शहर एव ईर्द गिर्द के क्षेत्रों में। सुबह टहलने वाले नागरिकों में बड़ी संख्या वाले आवारा पशु से सतर्क रहने के साथ हीअपना-अपना बचाव करने की जागरूकता उत्पन्न हो गई है।इधर घटना की सूचना मृतक के नाती मोहित ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### कथा में गई किशोरी गायब

**फर्रुखाबाद।** कथा सुनने गई किशोरी लौटते समय गायब हो गई। थाना नवाबगंज के ग्राम महलई निवासी रामजी ने थाना मऊदरवाजा में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 8 सितंबर को करीब 11 बजे सुबह मेरी पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष अपनी सहेली स्वाती पुत्री पुष्पेन्द ग्राम शिला थाना नबाबगंज के घरसत्यनारायण कथा के प्रोग्राम में गयी थी। जो अभी तक घर वापस नहीं पहुँची।

# टेम्पो ट्रक की टक्कर से खड्ड में पलटा, पांच सवारियां घायल

**फर्रुखाबाद।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से टैम्पों अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया । जिससे उसमे बैठीं 5 घायल सबारियों को सीएचसी में भर्ती किया गया। थाना राजेपुर राजकीय प्रौ ोगिकी संस्थान हरिहरपुर के सामने फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग टेंपो अमृतपुर से फर्रुखाबाद की तरफ जा रहा था। उसमें 9 सवारियां बैठी हुई थी। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दीजिससे टेंपो उछलकर सड़क किनारे गहरे खड्ड में चला गया, खड्ड में जलकुंभी होने के कारण सवारियों को गंभीर चोटे नहीं आयी। पास में मौजूद अग्नि शमन कार्यालय के कर्मचारियों ने दौड़कर उन सवारियों को फंसे हुए टेंपो से बाहर निकाल और जेसीबी के माध्यम से खाई में गिरे टेंपो को भी निकाला गया। वहीं घायल 85 वर्षीय सर्वेश पुत्र आशाराम, 30 वर्षीय माया पत्नी सर्वेश निवासी अमैयापुर घायल हो गये। उन्हें सीएचसी राजेपुर में भर्ती किया गया।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भागीदारी जरूरी



मासिक माता सम्मेलन में निपुण बच्चों की माताओं को सम्मानित किया

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** ब्लाक तालग्राम के प्राथमिक विद्यालय झूसी नागर में मासिक माता सम्मेलन जिलाधिकारी के आदेशानुसार आयोजन किया गया। संकुल शिक्षक शैलेंद्र सिंह यादव ने माताओं से अपने बच्चो को नियमित समय से स्कूल भेजनें की अपील करते हुये बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भागीदारी बढानें के लिये प्रेरित किया। बुधवार को आयोजित मासिक माता सम्मेलन में संकुल शिक्षक शैलेंद्र सिंह यादव ने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों से अच्छा कुछ भी नही है। प्रदेश सरकार सभी सुविधाएं दे रही है, किसी प्रकार की अगर जरूरत पडनें पर मुझे फोन से अवगत कराएं। उन्होंनें माताओं को हेल्थ, हाइजीन, स्वच्छता व प्रिंट रिच मेटेरियल, निपुण भारत अभियान के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। निपुण छात्रों की माताओं को सम्मानित भी किया और माता अभिभावकों ने भी अपनी भूमिका पर चर्चा की और सहयोग करनें का भरोसा भी दिलाया। प्रभा सिंह, प्रभाकर, राकेश तिवारी, आभा रानी, भोला मास्टर, शिवा, वंदना, शैलेंद्र सिंह यादव ने कहा की शिक्षक पूरी लगन से स्कूल के सभी बच्चो को निपुण बनायेगे।

# कैसे जाएं कॉलेज, एक तरफ कीचड़ का तालाब, दूसरी ओर कचरे के ढेर



सड़क पर फैला हुआ कचरा और चरते हुए सूअर, सड़क पर भरा हुआ गंदा पानी और कीचड़

**संडीला ( हरदोई )।** नगर के कई इंटर कॉलेजों में अध्ययनरत हज़ारों छात्र छात्राएं भीषण गंदगी और जलभराव के बीच इन कॉलेजों में जाने के लिए विवश हैं जबकि जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। नगर स्थित चक्कर रोड के पास एसबी पब्लिक स्कूल मोहल्ला हरिजन सरांय में स्थित है। यह एक कॉन्वेंट स्कूल है। इस स्कूल को जाने के लिए चक्कर रोड की तरफसे आने वाली रास्ता कीचड़ और गंदे पानी से भरी हुई हैए जिससे छात्र छात्राओं को इस कीचड़ और गंदे पानी के तालाब को पार कर स्कूल जाना होता है। नगर से इस कॉलेज की ओर जाने वाले रास्ते पर पंडितजी के खेत के पास सड़क के बीचोबीच सुबह 7 बजे से नगर के सफ़ाईकर्मियों द्वारा कूड़ा और कचरा एकत्र किया जाने लगता है, जिससे भीषण दुर्गंध आती है और इस कूड़े कचरे में दर्जनों सूअर चरते दिखाई देते हैं। यह सूअर अक्सर छात्र छात्राओं तथा अभिभावकों पर आक्रमण भी कर देते हैं। कूड़े कचरे के डंप करने की स्थिति लगातार रहती है। अलबत्ता विगत शनिवार को जिलाधिकारी के नगर पालिका निरीक्षण की सूचना के बाद शुक्रवार से इस मार्ग पर कूड़ा नहीं पड़ा था और तमाम तरह की सफाई करके इसपर चूना इत्यादि डाला गया था वरना भीषण गंदगी की यही स्थिति रहती है।

# गौशालाएं होने के बावजूद नगर के मुख्य मार्गों पर और शहर में गोवंश अन्ना विचरण



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में 316 गौशालाएं होने के बावजूद नगर के मुख्य मार्गों पर और शहर में गोवंश अन्ना विचरण कर रहा हैए बांदा जनपद में अवैध प्लाटिंग युद्ध स्तर पर जारी है विकास प्राधिकरण का नक्शा तथा लेआउट पास कराकर कोई भी प्लाटिंग नहीं हो रही है सब अवैध प्लाटिंग जारी है कृषि योग जमीन को बगैर आवासी में परिवर्तित किए बगैर धुआंधार तरीके से बैनामें और दाखिल खारिज हो रहे हैं आज भी किसानों से इकरार में लिख कर भू माफिया युद्ध स्तर पर अवैध प्लाटिंग कर रहा है यहां तक नजूल लैंड को भी अवैध प्लाटिंग के जरिए बेची जा रही है समस्या तब खड़ी होगी जब विकास प्राधिकरण अपने फुल फॉर्म में आएगा और इन लोगों से नक्शा मांगेगा इन लोगों से रास्ता और लेआउट की जगह मांगेगा फिर नक्शा मांगेगा जो यह दे नहीं पाएंगे और अंतत: इनके मकान डिमोलिश कर दिए जाएंगे लेकिन इसमें फायदा तो भू माफिया का होगा नुकसान उसे व्यक्ति का होगा जो गाड़ी कमाई से प्लांट लेता है और जब हाथ पैर नहीं चलते पूंजी खत्म हो चुकी होती है तब एक फरमान सरकार का आता है कि जिनके नक्शे नहीं बने अवैध प्लाटिंग है उन सब को डिमोलिश कर दिया जाएगा अब आखरी रास्ता इनके पास आत्महत्या के अलावा कुछ नहीं बचता हैएबाँदामें प्रतिदिन सैकड़ो मकान बगैर नक्शाएकृषि भूमि मेंऔर ले आउट पास के बन रहे है एकई मकान ग्रीन बेल्ट में बने उनके नक्शे बग़ैर रीचार्जिंग पॉइंट बनाये आलीशान कोठीयां खड़ी हैएकृषि भूमि में जिला कलेक्टर और आयुक्त की सख्त निर्देशों के बाद भी इन दो विकट समस्या से बाँदा वाशियो से निजात मिलना मुश्किल है मार्गों पर गोवश बिंदास विचरण कर रहा है बहुत सारे एक्सीडेंट इन को लेकर होते हैं जबकि इन गोवंशों को गौशालाओं में रजिस्टर्ड कर रखा गया है और इनका खाना भी प्रतिदिन रु. 50 का सरकार के द्वारा दिया जा रहा है आखिर ऐसा मजाक क्यों क्या माननीय योगी आदित्यनाथ जी के आदेशों की ऑवहेलाना हो रही है।

# स्टेयरिंग फेल होने से पिकअप पलटी, दो लोगों की मौत

- गौंती पुल के समीप हुआ हादसा, पिकअप में लदा था खाद व चोकर चूनी

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के गौंती पुल के पास खाद और चोकर चूनी से लदी पिकअप की स्टेयरिंग फेल हो गई। जिसके चलते गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें एक मजदूर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई व अन्य कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा। जिसमें से दूसरे मजदूर ने रास्ते में ही दम तोड दिया। खबर परिजनों को लगी तो कोहराम मच गया।

कौशांबी जिले के कड़ाधाम थाना क्षेत्र के देवीगंज बाजार से बुधवार को पिकअप लोडर यूपी-73ए/3828 में खाद और चोकर चूनी लादकर फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर स्थित इफ्को खाद केंद्र में छोड़ने जा रहा था। तभी थाना क्षेत्र के गौंती पुल के पास पिकअप लोडर की स्टेयरिंग फेल गई। जिसके चलते गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। एक मजदूर पंक्षी पुत्र स्वर्गीय बुद्दा उम्र 35 वर्ष निवासी ठकुरन की मवई मजरे अफोई की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं अन्य कई लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिनमें से एक ज्ञान सिंह निवासी अडार पर मजरे टिकरी कमालपुर जिला कौशाम्बी की हालत काफी नाजुक थी। जिसको इलाज के लिए कौशाम्बी ले जाया गया। जहां पर रास्ते में ही दम तोड़ दिया जबकि अन्य घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सीएचसी हथगाम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब घटना की खबर परिजनों को लगी तो घरों में कोहराम मच गया।

# अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से नवयुवक की हुई मौत

**सिंगाही खीरी।** सिंगाही कस्बे के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के बडे पुत्र सूरज अग्रवाल अपने किसी काम से पलिया जा रहे थे वही मजगई थाना क्षेत्र के नौगावा के पास बेला गांव पास एक अज्ञात वाहन ने बाईक सवार सूरज अग्रवाल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की हालात बिगड गयी मौके पर पहुंचे पीएआराबी 112के सिपाही ने पलिया अस्पताल पहुचाया वही डाक्टर ने ने रेफर के लिए कहा जहा पर सूचना मिलने पर पहुचे परिजनों ने बरेली ले जाने लगे जहा पीलीभीत में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने अंतिम संस्कार करा दिया।

## डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स की दोनों टीमों का पर्यवेक्षण



**लखीमपुर.खीरी।** जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा दैनिक वेतन भोगी के तौर पर लगे डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स की दोनों टीमों का पर्यवेक्षण बुधवार को किया गया। जिसमें दोनों टीमे कार्य योजना के अनुसार नगरीय क्षेत्र के वार्ड प्यारेपुर व नौरंगाबाद में कार्य करती हुई पायी गयीं। डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स द्वारा एंटोमोलॉजिकल सर्विलांस, सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वा स्प्रे एवं पोस्टर, पम्पलेट के माध्यम से प्रचार.प्रसार का कार्य किया जा रहा था। साथ ही डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स डोर टू डोर कार्य करते हुए दैनिक रूप में डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स का फार्मेट भर रहे थे। अब तक जनपद में मलेरियां के 393 केस, डेंगू के 124 केस आ चुके हैं। वेंक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु जनपद में आये डेंगू एवं मलेरिया केसों के सापेक्ष समस्त निरोधात्मक कार्यवाही एवं प्रचार.प्रसार का कार्य तत्काल कराया जा रहा है। जिससे डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रसार को रोक लगाई जा सके। हालांकि उन्होंने इस दौरान लोगों से अपील भी करी कि लोग भी मच्छरों के पनपने के स्थान पर स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुरूप छिड़काव करें। पानी न भरने दें और ऐसे स्थानों को बराबर साफ करते रहे जहां पर बरसात का पानी या फिर साफ पानी भरने का संदेह होए क्योंकि डेंगू का मच्छर साफपानी में ही पनपता है।

# ग्राम न्यायालयों की स्थापना से न्याय तक पहुंच में सुधार होगा: उच्चतम न्यायालय



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि देश भर में ग्राम न्यायालयों की स्थापना से न्याय तक पहुंच बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। संसद द्वारा 2008 में पारित एक अधिनियम में नागरिकों को उनके घर के निकट न्याय उपलब्ध कराने के लिए ग्राम न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान किया गया था तथा यह सुनिश्चित किया गया था कि सामाजिक, आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी को भी न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित न किया जाए। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें केंद्र और सभी राज्यों को उच्चतम न्यायालय की निगरानी में ग्राम न्यायालय स्थापित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ राज्य कह रहे हैं कि हमें ग्राम न्यायालयों की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हमारे पास न्याय पंचायतें हैं। न्याय पंचायतें वास्तव में ग्राम न्यायालय जैसी नहीं हैं, जिनमें न्यायिक अधिकारी होते हैं। पीठ ने मामले में सहायता के लिए एक वरिष्ठ अधिवक्ता को एमिकस क्यूरी (अदालत मित्र) के रूप में नियुक्त किया। जितनी जल्दी ए न्यायालय स्थापित हो जाएं...न्याय तक पहुंच उतनी ही बेहतर होगी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से पेश एक वकील ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय 2009 से राज्य सरकार को ग्राम न्यायालय स्थापित करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिख रहा है।

पीठ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से उपस्थित वकील की दलील का संज्ञान लिया कि ग्राम न्यायालयों की स्थापना के लिए राज्य को बार-बार याद दिलाने के बावजूद इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार को अगली सुनवाई से पहले जवाब देने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की गई। अब तक इस मामले में हलफनामा दाखिल नहीं करने वाले राज्यों या उच्च न्यायालयों से तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने 12 जुलाई को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था, हमारी राय में, अधिक ग्राम न्यायालयों की स्थापना से किफायती मूल्य पर न्याय तक पहुंच और दरवाजे पर न्याय प्रदान करने के अलावा, निचली अदालतों के समक्ष लंबित मामलों की भारी संख्या में कमी आएगी। शीर्ष अदालत ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को छह सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल कर ग्राम न्यायालयों की स्थापना और कामकाज के बारे में ब्यौरा देने का निर्देश दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने उत्कृष्ट सेवा के लिए 15 नर्सों को सम्मानित किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 15 नर्सों को कर्तव्य और समुदाय की सेवा के प्रति उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए बुधवार को सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 प्रदान किए।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि यह सम्मान नर्सों को सार्वजनिक सेवा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। नर्सें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की रीढ़ हैं। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1973 में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा समाज को प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान के रूप में की गई थी। पंजीकृत सहायक नर्स और दाई समेत अन्य श्रेणी में कुल 15 पुरस्कार दिए जाते हैं। यह पुरस्कार केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा विभिन्न संगठनों में कार्यरत उत्कृष्ट नर्सिंग कर्मियों को दिया जाता है। बयान में कहा गया है कि प्रत्एक पुरस्कार में 1,00,000 रुपए के साथ योग्यता प्रमाणपत्र और एक पदक शामिल है।

# मृत्युदंड के अनुरोध पर न्यायालय ने कहा सजा तय करना दोषी का अधिकार नहीं

नई दिल्ली। अपनी पत्नी की हत्या के लिए 30 साल से जेल में बंद व्यक्ति के जीवन पर्यंत आजीवन कारावास को मृत्युदंड से कहीं अधिक बदतर बताने पर उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आप चाहते हैं कि आपकी सजा को फांसी में बदल दिया जाए। स्वामी श्रद्धानंद उर्फ मुरली मनोहर मिश्रा (84) ने रिहाई का अनुरोध करते हुए कहा कि वह बिना किसी पैरोल या छूट के लगातार कारावास में है और जेल में रहने के दौरान उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल मामला दर्ज नहीं किया गया है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने जेल से रिहाई के अनुरोध वाली रिट याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि पीठ उच्चतम न्यायालय के जुलाई 2008 के फैसले की समीक्षा के लिए उसकी अलग याचिका पर सुनवाई करने को सहमत हो गई, जिसमें निर्देश दिया गया था कि उसे उसके शेष जीवन तक जेल से रिहा नहीं किया जाएगा।

पीठ ने कहा, आप चाहते हैं कि इसे फांसी में बदल दिया जाए? दोषी के वकील ने कहा कि यदि संभव हो तो आज की तारीख में फांसी बेहतर स्थिति हो सकती है। पीठ ने पूछा, क्या आपने अपने मुवक्किल से बात की है? वकील ने जवाब दिया, मैंने उनसे बात नहीं की है। दलील दी कि श्रद्धानंद को दी गई ऐसी सजा, तत्कालीन भारतीय दंड संहिता के तहत प्रदान नहीं की गई थी। दोषी की ओर से पेश वकील वरुण ठाकुर ने कहा कि इस मामले में दोषसिद्धि न्यायिक स्वीकारोक्ति पर आधारित थी। पीठ ने हैरत जताते हुए कहा, अब, क्या हमें मुकदमे को फिर से खोलना चाहिए? पीठ ने कहा कि कर्नाटक उच्च न्यायालय के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय ने भी उसकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा।

पीठ ने कहा, किसी भी आरोपी को दोषसिद्धि के आधार पर मृत्युदंड मांगने का अधिकार नहीं है। आप अपनी जान नहीं ले सकते। आत्महत्या का प्रयास करना भी एक अपराध है। इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि अदालत को मृत्युदंड देना होगा। अदालत उचित सजा देगी। दोषी के वकील ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई सजा, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 432 के तहत समय से पहले रिहाई के लिए अर्जी दाखिल करने के श्रद्धानंद के अधिकार को अवरुद्ध करती है। पीठ ने कहा, यह (जीवन पर्यंत आजीवन कारावास की) सजा आपको फांसी से बचाने के लिए दी गई थी। वकील ने कहा कि अगर यह मृत्युदंड से छूट है, तो यह मृत्यु से भी बदतर नहीं होनी चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों को भी फरलो और पैरोल दी गई थी।

# बंगाल सरकार के साथ बातचीत के लिए आंदोलनकारी चिकित्सकों ने रखी शर्तें

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने यहां आर जी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना से उत्पन्न गतिरोध पर बातचीत के लिए बुधवार को आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों को आमंत्रित किया। आंदोलनकारी चिकित्सकों ने जवाबी पत्र भेजकर मांग की कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद रहें और बैठक में 30 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल को शामिल होने की अनुमति दी जाए। साथ ही चिकित्सकों ने यह भी मांग की कि बैठक का सीधा प्रसारण किया जाए। सरकार ने उन्हें बुधवार शाम छह बजे राज्य सचिवालय नबान्न में होने वाली बैठक में शामिल होने को कहा। इससे पहले दिन में आंदोलनकारी चिकित्सकों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ई-मेल भेजकर गतिरोध पर चर्चा के लिए समय मांगा था। जिसके जवाब में सरकार की ओर से उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित करते हुए 12-15 प्रतिनिधियों को इसमें शामिल होने को कहा गया था।

राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने पत्र में कहा, हम आपके प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित करते हैं, जिसमें 12-15 सहकर्मी हों, जो आज (बुधवार) शाम छह बजे नबान्न में चर्चा के लिए शामिल हों। कृपया अपने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की सूची ईमेल द्वारा भेजें। हम आपकी सकारात्मक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं और एक सार्थक बातचीत की उम्मीद करते हैं। इसमें यह उल्लेख नहीं किया गया है कि बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करेंगी या नहीं। पंत ने यह भी कहा कि डॉक्टर मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने की समयसीमा के पालन से पहले ही चूक गए हैं। उन्होंने कहा, आप निसंदेह इस बात पर सहमति जताएंगे कि कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में इन निर्देशों का पालन करना हर किसी का कर्तव्य है। दुर्भाग्य से, अभी तक इसका पालन नहीं किया गया है।

पंत ने कहा, उम्मीद है कि आप उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए तुरंत काम पर लौट आएंगे। राज्य सरकार की ओर से हम आपसे अपील करते हैं कि आप काम पर लौटें और आम लोगों को उचित उपचार प्रदान करें। सरकार के बुलावे के बावजूद आंदोलनकारियों ने बातचीत के लिए कुछ मांगें रख दीं। इससे पहले एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा था, नबान्न के निमंत्रण को स्वीकार करने या न करने का फैसला करने से पहले कई बिंदुओं पर चर्चा करने की जरूरत है।

साढ़े पांच बजे आंदोलनकारी चिकित्सकों ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में कम से कम 30 सदस्य शामिल होने चाहिए क्योंकि कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल आंदोलन में शामिल हैं। कनिष्ठ चिकित्सकों के संगठन के एक सदस्य ने संवाददाताओं से कहा, हम चाहते हैं कि चर्चा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में हो और इसका सीधा प्रसारण हो। हम कम से कम 30 प्रतिनिधि चाहते हैं क्योंकि यह आंदोलन विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में फैला हुआ है। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने कहा, अगर हम बैठक में शामिल होते हैं, तो हम वापस आकर अपने साथियों के साथ इस पर चर्चा करेंगे और फिर अपना फैसला सुनाएंगे।

आंदोलनकारी कनिष्ठ चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ई-मेल भेजकर पिछले महीने यहां सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद उत्पन्न गतिरोध पर चर्चा के लिए समय मांगा था। एक चिकित्सक ने बताया कि अपने मेल में चिकित्सकों ने कहा कि वे किसी भी समय और कहीं भी बैठक के लिए तैयार हैं, बशर्ते पूरी चर्चा का सीधा प्रसारण किया जाए। एक कनिष्ठ चिकित्सक ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने मुख्यमंत्री को बैठक के लिए पत्र लिखा है, जो आज या कल कभी भी और उनकी पसंद के अनुसार कहीं भी आयोजित की जा सकती है। बैठक का सीधा प्रसारण किया जाना चाहिए। राज्य के स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के बाहर 22 घंटे से अधिक समय से प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारी मांग कर रहे हैं कि कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, राज्य के स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक (डीएचई) और स्वास्थ्य सेवा निदेशक (डीएचएस) को उनके पदों से हटाया जाए।

# वाम विधायक ने एडीजीपी पर लगाए गंभीर आरोप

## ● एलडीएफ ने कार्रवाई न करने के फैसले का समर्थन किया

तिरुवनंतपुरम। केरल में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एमआर अजित कुमार के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने के राज्य सरकार के फैसले का बुधवार को समर्थन किया। नीलांबुर से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलएडीएफ) के विधायक पीवी अनवर ने कुमार पर मुख्यमंत्री का भरोसा तोड़ने और अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। एलडीएफ संयोजक टीपी रामकृष्णन ने कहा कि दिन में हुई वाम मोर्चा की बैठक में फैसला लिया गया कि एडीजीपी के खिलाफ आरोपों की गहन जांच की जरूरत है। उन्होंने कहा, सरकार ने जांच शुरू कर दी है। एक बार जांच रिपोर्ट आने के बाद (एडीजीपी द्वारा) कोई गलती किए जाने का खुलासा होता है, तो उन्हें किसी भी कारण से बचाया नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

वाम मोर्चा की बैठक के बाद तिरुवनंतपुरम में संवाददाताओं से मुखातिब रामकृष्णन ने कहा, यह सरकार का फैसला है और एलडीएफ इसका समर्थन करता है। केवल आरोपों की बुनियाद पर कोई कार्वाई नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, हमें पता लगाना होगा कि क्या आरोप सही हैं। हम इसके लिए इंतजार करते हैं। आप (मीडिया) जांच रिपोर्ट का इंतजार क्यों नहीं कर सकते? रामकृष्णन ने हाल में एलडीएफ संयोजक के रूप में माकपा के वरिष्ठ नेता ईपी जयराजन की जगह ली थी। पिछले साल मई में आरएसएस के पदाधिकारी के साथ एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) की मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर एलडीएफ संयोजक ने कहा कि कुमार के उस व्यक्ति से मिलने से कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, समस्या यह है कि कुमार ने आरएसएस नेता से क्यों मुलाकात की। जब कुछ पत्रकारों ने कहा कि जयराजन को एलडीएफ संयोजक के पद से इसलिए हटा दिया गया है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रकाश जावड़ेकर ने उनसे मुलाकात की थी, तो रामकृष्णन ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा कि जयराजन को एलडीएफ संयोजक के पद से हटाने का फैसला एलडीएफ ने अपनी सामान्य कार्यप्रणाली के तहत लिया था।

रामकृष्णन ने केरल विधानसभा के अध्यक्ष एएन शमसीर के हालिया बयान पर भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि आरएसएस देश में एक महत्वपूर्ण संगठन है। विधानसभा अध्यक्ष का पद एक स्वतंत्र और संवैधानिक पद है, इसलिए शमसीर तय कर सकते हैं कि उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं। एलडीएफ संयोजक ने स्पष्ट किया कि वाम मोर्चा और माकपा आरएसएस की विचारधारा के प्रबल विरोधी हैं। व्यवसाई से नेता बने और दो बार के विधायक अनवर ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के राजनीतिक सचिव पी शशि पर भी मुख्यमंत्री का भरोसा तोड़ने और अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

शशि पर लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे जाने पर रामकृष्णन ने कहा कि अनवर ने विजयन और माकपा को दी गई लिखित शिकायतों में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया है। एलडीएफ विधायक अनवर ने अजित कुमार पर मंत्रियों, राजनीतिक नेताओं और पत्रकारों के फोन टैप करने का भी आरोप लगाया है। एडीजीपी (कानून-व्यवस्था) का सोना तस्करी गिरोह से करीबी संबंध है और वह कई गंभीर अपराधों में शामिल हैं। अनवर ने कुमार और शशि पर हमला तेज करते हुए उन पर सरकार के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। दावा किया कि अजित कुमार के नेतृत्व वाले बल के एक आपराधिक समूह ने स्वामी संदीपानंद गिरि के आश्रम में आगजनी सहित विभिन्न मामलों की जांच में व्यवधान डाला और शशि ने इससे अवगत होने के बावजूद इसे मुख्यमंत्री या सरकार के संज्ञान में नहीं लाया।

## समाजवादी पार्टी विधायक के घर से मुक्त कराई गई नाबालिग लड़की

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में सपा के विधायक जाहिद बेग के घर में काम करने वाली 14 वर्षीय एक लड़की को पुलिस और श्रम प्रवर्तन विभाग ने छापेमारी के बाद मुक्त कराकर एक सामाजिक संस्था को देख-रेख के लिए सौंप दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान ने बुधवार को बताया कि सपा विधायक जाहिद बेग के घर में बाल मजदूरी कर रही लड़की को मंगलवार को भदोही पुलिस और श्रम प्रवर्तन विभाग के कर्मियों ने छापेमारी के बाद छुड़ाया था। उन्होंने बताया कि लड़की को श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह और पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पीसी उपाध्याय के समक्ष पेश किया। समिति ने आदेश दिया कि नाबालिग को वन स्टॉप सेंटर सामाजिक संस्था की देखरेख में रखा जाए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी जे. पी. सिंह ने बताया कि विभाग ने बच्ची को मुक्त कराया है।

# मुजफ्फरनगर में हिंदू संगठनों के विरोध के बीच मुस्लिम नेता ने घर बेचा

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में हिंदू बहुल इलाके में एक घर में बड़ी संख्या में लोगों के कथित तौर पर नमाज पढ़े जाने के बाद हिंदूवादी संगठनों के विरोध के कारण घर के मालिक ने अपना मकान बेच दिया। अवाम-ए-हिंद पार्टी के प्रमुख राव नदीम ने अपनी संपत्ति बेचने का कोई कारण नहीं बताया। वहीं पुलिस अफवाह फैलाकर इलाके में तनाव फैलाने की कोशिश करने वालों का पता लगाने के मामले की जांच भी कर रही है। नदीम ने बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले शहर के नई मंडी थाना क्षेत्र में स्थित भारतीय कॉलोनी में एक मकान खरीदा था, जिसे उन्होंने मंगलवार को बेच दिया।

नदीम ने फोन पर बिना कोई कारण बताए कहा, मैं प्रॉपर्टी डीलर हूं और कुछ महीने पहले बैंक की खुली नीलामी में मकान खरीदा था। मंगलवार को मकान को दीपचंद और अरविंद नामक व्यक्ति को घाटे में बेच दिया गया। उन्होंने कहा, मैं छोटी-छोटी प्रॉपर्टी खरीदता हूं और उन्हें मुनाफे पर बेचता हूं। मैंने यह प्रॉपर्टी इसके मालिक की मदद करने के इरादे से खरीदी थी और यह भी सोचा था कि इस सौदे से कुछ आर्थिक लाभ भी उठाऊंगा लेकिन फिर कुछ दबाव के कारण मैंने इसे घाटे में बेच दिया है।

नदीम ने स्पष्ट किया कि सरकारी अधिकारियों की ओर से कोई दबाव या समस्या नहीं थी। उन्होंने कहा, सामाजिक दबाव के सामने आप क्या कर सकते हैं, मेरी मुस्लिम पहचान आड़े आ रही है। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि इतने सालों में मेरा हिंदू भाईयों के साथ कोई तनाव या समस्या नहीं रही है। हिंदू संघर्ष समिति नाम के संगठन से जुड़े नरेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि उनका संगठन विरोध प्रदर्शन का हिस्सा था। पवार ने पीटीआई-भाषा को बताया, 30 कमरों वाले इस मकान को एक मुस्लिम युवक ने इसके हिंदू मालिक को बहला-फुसलाकर खरीदा था। उसने इस मकान में अपनी पार्टी आवाम-ए-हिंद का कार्यालय भी खोल लिया था, जहां नमाज पढ़ने के लिए आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो हम वहां पहुंचे।

उन्होंने कहा कि नदीम पर बिजली के उपयोग और अन्य चीजों में अनियमितताएं करने के मामले में स्थानीय विकास प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक से औपचारिक शिकायत भी की गई। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के सचिव आदित्य प्रजापति ने बताया कि हिंदू संघर्ष समिति के लेटरहेड पर शिकायत मिली है। इस मुद्दे पर कुछ लोगों ने उनसे मुलाकात भी की है। प्रजापति ने बताया, उनकी शिकायत पर गौर किया जाएगा और मामले को कानून के अनुसार निपटाया जाएगा। अगर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण है, तो मामला नगर निगम का है।

# न्यायालय ने उत्तराखंड सरकार को पुनर्वास प्रस्ताव के लिए दो महीने का समय दिया

## ● हल्द्वानी अतिक्रमण

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उत्तराखंड सरकार को उन 50 हजार लोगों के पुनर्वास के लिए ठोस प्रस्ताव पेश करने के लिए दो महीने का समय दिया, जिन्हें हल्द्वानी में रेलवे की जमीन से अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत हटाए जाने की आशंका है। ये लोग दशकों से रेलवे की जमीन पर कथित तौर पर अवैध कब्जा जमाए बैठे थे और इस अभियान के कारण इन लोगों पर विस्थापन की तलवार लटक रही है।

उत्तराखंड सरकार ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ को बताया कि अदालत के पहले के आदेश के अनुपालन में राज्य, रेलवे और अन्य हितधारकों की एक संयुक्त बैठक हुई थी और रेलवे की परियोजना के लिए आवश्यक जमीन की पहचान की प्रक्रिया प्रगति पर है। पीठ ने कहा, परियोजना को पूरा करने के लिए भूमि की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी प्रकार, जिन लोगों के प्रभावित होने की आशंका है, उनके पुनर्वास का मामला भी सक्रियता से विचाराधीन है और दो महीने का समय दिए जाने पर एक ठोस प्रस्ताव रिकॉर्ड में रखा जाएगा।

उच्चतम न्यायालय केंद्र द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उसके पिछले साल पांच जनवरी के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने हल्द्वानी में लगभग 30 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी, जिस पर रेलवे ने दावा जताया है। केंद्र द्वारा एक अंतरिम आवेदन में अनुरोध किया गया है कि रेलवे परिचालन को सुगम बनाने के लिए उक्त भूमि तत्काल उपलब्ध कराई जानी चाहिए क्योंकि पटरियों की सुरक्षा के वास्ते बनाई गई दीवार पिछले साल मानसून के दौरान ढह गई थी।

संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उत्तराखंड सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने पुनर्वास प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए दो महीने का समय मांगा। उन्होंने कहा कि इस जमीन पर लगभग 4,500 परिवार रहते हैं और उनके पुनर्वास के लिए रेलवे और राज्य के बीच वित्तीय व्यवस्था की जानी है। उन्होंने कहा, इसके लिए हम समय मांग रहे हैं, क्योंकि कुछ बैठकों के बाद हम किसी आम सहमति पर नहीं पहुंच सके।

वकील ने कहा कि एक नई पुनर्वास नीति पर भी काम जारी है। सिंह ने कहा कि रेलवे उनके पुनर्वास के लिए आवश्यक भूमि की पहचान करने की प्रक्रिया में है और यह पता लगाने के लिए एक सर्वेक्षण भी हो रहा है कि कितने लोगों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता होगी। प्रभावित परिवारों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्वेस ने कहा कि चूंकि बाढ़ के कारण टूटी हुई दीवार का फिर से निर्माण करने का काम लगभग पूरा हो चुका है, इसलिए रेल पटरियों पर पानी भरना अब संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी को भी उस स्थान से स्थानांतरित करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

रेलवे हालांकि चाहता है कि अधिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए परिवारों को स्थानांतरित किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक का उसका अंतरिम आदेश जारी रहेगा। उच्चतम न्यायालय ने 24 जुलाई को उत्तराखंड के मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि वह हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए केंद्र और रेलवे के साथ बैठक करें। पीठ ने कहा था कि राज्य सरकार को यह योजना बतानी होगी कि इन लोगों का कैसे और कहां पुनर्वास किया जाएगा।

रेलवे के मुताबिक, उक्त जमीन पर 4,365 अतिक्रमणकारी हैं जबकि जमीन पर काबिज लोगों का दावा है कि वे जमीन के मालिक हैं। विवादित जमीन पर 4,000 से अधिक परिवारों के लगभग 50,000 लोग रहते हैं, जिनमें से ज्यादातर मुस्लिम समुदाय के हैं। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल पांच जनवरी को हल्द्वानी में रेलवे के दावे वाली 29 एकड़ जमीन पर से अतिक्रमण हटाने संबंधी उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने कहा था कि यह एक मानवीय मुद्दा है और 50 हजार लोगों को रातोंरात नहीं हटाया जा सकता।

# पेज 1 का शेष

## अमेरिका...

उन्होंने कहा कि लोग इनके इस षडयंत्र से सजग रहें। बसपा आधिकारिक तौर पर न तो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा है और न ही विपक्षी इंडिया गुट का, जिसके प्रमुख भागीदार कांग्रेस और सपा हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका में दिए गए बयानों के लिए बुधवार को राहुल गांधी की आलोचना की और कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि नेता प्रतिपक्ष अपने विदेश दौरों पर भ्रामक, बेबुनियाद और तथ्यहीन बयान देकर भारत की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। सिंह ने भारत-चीन सीमा मुद्दे पर राहुल गांधी के दावों को भी खारिज कर दिया और कहा कि जिस तरह के दावे उन्होंने अमेरिका की धरती पर किए हैं, वे भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता को इस तरह के झूठे बयान देने से बचने की सलाह दी। वाशिंगटन के प्रतिष्ठित नेशनल प्रेस क्लब में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में राहुल ने पाकिस्तान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का समर्थन किया, लेकिन विपक्ष के नेता ने चीन से निपटने के तरीके की उनकी आलोचना भी की। जब राहुल से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका-चीन स्पर्धा को सही तरह से संभाला है तो कांग्रेस नेता ने कहा, देखिए, अगर आप हमारे 4,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में चीनी सैनिकों की मौजूदगी को चीजों को अच्छी तरह से संभालना कहते हैं, तो हो सकता है। उन्होंने कहा, चीनी सैनिकों ने लद्दाख में दिल्ली के क्षेत्रफल जितनी जमीन पर कब्जा कर लिया है। मुझे लगता है कि यह अनर्थ है। मीडिया इसके बारे में लिखना नहीं चाहता है। सिंह ने कहा, उन्होंने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति की रक्षा करने में सिख समाज की जो बड़ी भूमिका रही है, उसे पूरा देश मानता है और उनका सम्मान करता है। सिंह ने कहा कि उनके बारे में इस तरह की मनगढ़ंत बातें करना, विपक्ष के नेता को केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने अल्पसंख्यकों के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर विपक्ष के नेता पर निशाना साधा और कहा कि अल्पसंख्यक भारत में सबसे सुरक्षित हैं।

## जम्मू कश्मीर...

जम्मू सीमांत क्षेत्र के वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए अग्रिम क्षेत्र में पहुंचे। जम्मू स्थित बीएसएफ के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, रात करीब 2.35 बजे अखनूर इलाके में सीमा पार से बिना उकसावे के गोलीबारी की घटना हुई, जिसका बीएसएफ ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जवान हाई अलर्ट पर हैं और अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। पिछले साल, रामगढ़ सेक्टर में पाकिस्तानी रेंजर्स की गोलीबारी में बीएसएफ का एक जवान शहीद हो गया था, जो तीन साल से अधिक समय में भारतीय पक्ष में जान गंवाने वाला पहला जवान था। 29 अगस्त को, कुपवाड़ा के माछल और तंगधार सेक्टरों में नियंत्रण रेखा के पास दो अलग-अलग घुसपैठ विरोधी अभियानों में सतर्क सैनिकों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया था।

## शिमला...

संजौली में प्रवेश किया और मस्जिद के पास लगे दूसरे अवरोधक को तोड़ दिया तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और पानी की बौछारें छोड़ीं। पुलिस ने हिंदू जागरण मंच के सचिव कमल गौतम सहित कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया तथा मस्जिद के पास फिर से अवरोधक लगा दिए, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने वहां से जाने से इनकार कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी जारी रखी। झड़प के कारण संजौली, ढल्ली और आसपास के इलाकों के बच्चे स्कूलों में फंसे रहे। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन के प्रति अपने आक्रोश का इजहार किया। उनका कहना था कि प्रदर्शन की जानकारी होने के बावजूद प्रशासन ने विद्यालयों को बंद रखने का आदेश नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई स्कूल प्रबंधन बच्चों को घर वापस भेजने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। झड़प और पथराव में कम से कम दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई में उनमें से भी कुछ लोगों को चोटें आई हैं। शमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अतुल वर्मा के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। शिमला जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है, जिसके तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने और घातक हथियार और शस्त्र लेकर चलने पर रोक लगाई गई है।

## दिल्ली पुलिस ने....

सूत्रों के अनुसार, केंद्र ने राज्यों सहित सभी हितधारकों से रेलवे को अस्थिर करने के लिए विशेष रूप से मध्य उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों वाले एक कॉम्पैक्ट ज़ोन में शामिल लोगों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा है। यह महात्मा गांधी की रेल यात्राओं को जीवंत बनाता है। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार की पहल, जैसे रक्षा और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर भारत का विजन, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप है। शेखावत ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भी बात की और पर्यावरण की रक्षा के लिए गांधी की शिक्षाओं का पालन करने की अपील की। गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन को जन आंदोलन में बदल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी से प्रेरणा ली और पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया। केंद्र ने रिकॉर्ड 11 करोड़ शौचालय बनाकर देश को खुले में शौच से मुक्त किया। यह गांधी का सपना था, जिसे हमारे प्रधानमंत्री ने साकार किया।महात्मा गांधी की तीसरी श्रेणी के रेल के डिब्बों में भारतीय उपमहाद्वीप में की गई शुरुआती यात्राएं भारत के बारे में उनकी समझ और एकजुट राष्ट्र के उनके दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण थीं। इन यात्राओं ने गांधी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उन्हें सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़ने, उनके संघर्षों को समझने और सत्य, अहिंसा एवं सामाजिक न्याय के दर्शन को विकसित करने में मदद मिली। गांधी स्मृति एवम् दर्शन समिति के उपाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा कि गांधी जी का रेल यात्राओं से गहरा नाता है। वर्ष 1893 में उन्हें दक्षिण अफ्रीका में ट्रेन से धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया क्योंकि वे काले थे। इसके बाद उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि वे रंगभेद और अन्य कुप्रथाओं का विरोध करेंगे। इस प्रकार बैरिस्टर मोहनदास से गांधीजी बनने में रेल भी एक माध्यम बनी। गोयल ने कहा कि गांधी ने अपने परिवार की बजाय सदैव देश की बात की और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधी जी के आदर्शों पर चलकर उनके सपनों के भारत को साकार कर रहें हैं।

## भारत को...

भारत में हो चुके हैं। कई प्रोजेक्ट अभी पाइप लाइन में हैं। सेमीक्रॉन इंडिया प्रोग्राम भी एक अद्भुत योजना है। हम फाइनेंशियल सपोर्ट कर रहे हैं। यानी भारत में 360 डिग्री अप्रोच के साथ काम हो रहा है। हमारी सरकार भारत में पूरे सेमी कंडक्टर सप्लाई चेन सिस्टम को आगे बढ़ा रही है। पीएम मोदी ने कहा- कोरोना काल में जब दुनिया के मजबूत से मजबूत बैंकिंग सिस्टम चरमरा गए, तब भारत में बैंक बिना रुके चल रहे थे। भारत का यूपीआई, रुपे कार्ड हो या डिजी लॉकर से लेकर डिजी यात्रा तक अलग-अलग तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए थे। पीएम मोदी ने कहा- भारत की टेक ओरिएंटेड सोसाइटी बहुत यूनिक है। भारत के लिए चिप का मतलब टेक्नोलॉजी भर नहीं है। हमारे लिए यह करोड़ों एक्सीपिरियंस को पूरा करने का माध्यम है। आज भारत चिप का बहुत बड़ा कंज्यूमर है। इसी चिप पर हमनें दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्ट किया है। भारत में लास्ट मैन डिलिवरी सुनिश्चित करने में आज यह छोटी सी चिप बड़े-बड़े काम आ रही है।

## अहम मुद्दों...

वेनेजुएला बना देंगी। ट्रंप बार-बार हैरिस और बाइडन को कमजोर साबित करते रहे। ट्रंप ने दो बार इस बात से इनकार किया कि यूक्रेन का रूस के खिलाफ युद्ध जीतना अमेरिका के सर्वोत्तम हित में है। हैरिस ने इस पर तंज करते हुए कहा कि यह इस बात का उदाहरण है कि अमेरिका के नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) सहयोगी इस बात के क्यों शुक्रगुजार हैं कि ट्रंप राष्ट्रपति कार्यालय में नहीं हैं।

# राहुल का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया: शिंदे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को दावा किया कि अब राहुल गांधी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आ गया है और कांग्रेस नेता के विचार उनकी तुच्छ मानसिकता को उजागर करते हैं। शिंदे ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो देश के खिलाफ जहर उगलते हैं और धर्म एवं जाति के नाम पर राजनीति करना कांग्रेस की आदत रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी शिवसेना, भाजपा और अजित पवार नीत राकांपा के गठबंधन वाली महायुति सरकार आरक्षण का पूरा समर्थन करती है। राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद के दौरान सोमवार को कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। राहुल ने वाशिंगटन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को काफी नुकसान पहुंचाया गया है लेकिन अब लोकतंत्र फिर से पटरी पर लौट रहा है। कांग्रेस नेता की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं वहां जाकर देश के खिलाफ जहर उगलते हैं। राहुल गांधी के घटिया विचारों से देश कभी सहमत नहीं हो सकता।



धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करना कांग्रेस की आदत रही है। उन्होंने कहा, संविधान और आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाना उनका फैशन बन चुका है। राहुल गांधी का आरक्षण विरोधी चेहरा अब दुनिया के सामने आ गया है। महायुति की सरकार आरक्षण का पूरा समर्थन करती है और जब तक वह शिवसेना के सच्चे सैनिक हैं, वह कभी आरक्षण को खत्म नहीं होने देंगे। शिवसेना के उपनेता और पूर्व सांसद संजय निरुपम ने कहा कि कांग्रेस लाख कोशिश कर ले, वह देश से आरक्षण खत्म नहीं कर सकती।

## कांग्रेस की मंशा उजागर: भूपेंद्र

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को कहा कि भारत में आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी ने विपक्षी दल की गुप्त मंशा को उजागर कर दिया है। पटेल ने आरोप लगाया कि कोटा मुद्दे पर लोगों को गुमराह करना न केवल अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का, बल्कि संविधान निर्माताओं का भी अपमान है। राहुल ने अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद के दौरान सोमवार को कहा था कि कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। पटेल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी को विदेशी धरती से भारत की आरक्षण नीति के खिलाफ बयान देना शोभा नहीं देता। आरक्षण खत्म करने की बात कहकर उन्होंने अपनी और कांग्रेस पार्टी की गुप्त मंशा उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि देश के पिछड़े और उत्पीड़ित वर्गों की समस्याओं के प्रति कांग्रेस पार्टी की उदासीनता और असंवेदनशीलता खेदजनक है। पटेल ने कहा, आरक्षण के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करना न केवल एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का, बल्कि संविधान निर्माताओं का भी अपमान है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आरक्षण खत्म करने की उनकी चाल को कामयाब नहीं होने देगी।



# ईडी ने भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।**(भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने धनशोधन रोधी कानून के तहत भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की 29.75 करोड़ रुपए की नई संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि संबंधित परिसंपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। इसने कहा कि ए परिसंपत्तियां बैंक जमा, भूमि और भवन के रूप में हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ दो अरब डॉलर की कथित धोखाधड़ी के मामले में पांच साल से अधिक समय से जांच कर रही एजेंसी ने पूर्व में नीरव मोदी की भारत और विदेश स्थित 2,596 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। नीरव मोदी (53) वर्तमान में ब्रिटेन की जेल में बंद है और इस कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले के संबंध में भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज हो चुकी है।मामले में मुख्य आरोपी नीरव और उसके मामा मेहुल चोकसी तथा अन्य के खिलाफ मुंबई में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ब्रैडी हाउस शाखा में बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी करने तथा फर्जी गारंटी पत्र जारी करने के आरोप हैं। ईडी द्वारा इस मामले में धनशोधन के आरोपों की जांच की जा रही है। नीरव को दिसंबर 2019 में मुंबई पीएमएलए अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। उसी वर्ष उसे लंदन में गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कहा कि नीरव तथा उसके सहयोगियों की 692.90 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त की गई है। इसने बताया कि इसके अलावा, पीड़ित बैंकों-पीएनबी और



संबंधित समूह बैंकों को 1,052.42 करोड़ रुपए की संपत्ति सफलतापूर्वक वापस की गई है। ईडी ने कहा, नीरव मोदी के खिलाफ प्रत्यर्पण की कार्यवाही शुरू की गई है और यह लंदन, ब्रिटेन में प्रगति पर है। इस साल की शुरुआत में, नीरव मोदी ने ब्रिटेन की एक अदालत में जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन सातवीं बार इसे अस्वीकार कर दिया गया था।

पीएम ई-ड्राइव योजना को मंजूरी
नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 10,900 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ पीएम ई-ड्राइव योजना को मंजूरी दे दी। दो साल की अवधि के लिए लाई गई यह योजना मार्च, 2024 तक लागू रहे फेम कार्यक्रम की जगह लेगी। नौ साल तक चले फेम कार्यक्रम को हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के त्वरित क्रियान्वयन एवं विनिर्माण के लिए चलाया गया था। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना लाने का निर्णय लिया गया।

## करोड़ों रुपए का शेयर बाजार घोटाला : अभिनेत्री सुमी बोरा जांच में सहयोग के लिए आत्मसमर्पण करेंगी

**गुवाहाटी।** असमिया फिल्मों की अभिनेत्री, कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सुमी बोरा ने कहा कि वह आत्मसमर्पण करेंगी। पुलिस ने करोड़ों रुपए के शेयर बाजार व्यापार घोटाले के संबंध मे उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था। अज्ञात स्थान से दिए बयान मे बोरा ने कहा कि उनके, उनके परिवार और निकट सहयोगियों के बारे में अपमानजनक खबरों के कारण उन्होंने आत्मसमर्पण करने और पुलिस के साथ पूर्ण सहयोग करने का फैसला किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह फरार नही हुई है, बल्कि मीडिया मे चल रही खबरो के कारण मानसिक उत्पीड़न के कारण छिपी हुई है। अभिनेत्री ने मीडिया के प्रति निराशा व्यक्त करते हुए दावा किया कि कवरेज ने कानूनी प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही उन पर मुकदमा चला दिया और उन्हे दोषी कर दे दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह पूर्ण सहयोग करेंगी तथा विश्वास व्यक्त किया कि न्यायालय मीडिया रिपोर्टों के बजाय साक्ष्यों के आधार पर न्याय देगा। उन्होंने कहा, मीडिया के एक हिस्से मे मेरे खिलाफ बहुत सारी मानहानि वाली खबरे चल रही है और उनमे से 10 प्रतिशत भी सच नही है। मीडिया ने मेरा मुकदमा चलाया और अदालतो द्वारा कानूनी प्रक्रिया शुरू करने से पहले ही मुझे दोषी करार दे दिया। असम पुलिस ने सुमी, उनके पति तार्किक बोरा, भाई राजीब बोरा और उनकी पत्नी जिंकी मिली तथा दो अन्य के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया था, क्योंकि वे पुलिस के समक्ष उपस्थित नही हुए थे। पुलिस उनसे इस घोटाले के संबंध मे पूछताछ करना चाहती थी। आरोप है कि इस घोटाले मे लोगो से सैकड़ो करोड़ रुपए ठगे गए। पिछले सप्ताह निवेशको को ठगने वाली कंपनी के मालिक 22 वर्षीय बिशाल फुकन को उसके प्रबंधक के साथ डिब्रूगढ़ से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि फुकन ने कथित तौर पर बोरा पर बहुत पैसा खर्च किया, जिसमे राजस्थान के उदयपुर मे उनकी शाही शादी का खर्च भी शामिल है।

## पटना सिलसिलेवार विस्फोट मामले में चार दोषियों की मृत्युदंड की सजा 30 वर्ष के कारावास में बदली

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय ने वर्ष 2013 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले मे चार दोषियो की मृत्युदंड की सजा को बुधवार को 30 वर्ष के कारावास मे बदल दिया।गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली के दौरान गांधी मैदान में विस्फोट हुए थे। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार और जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत द्वारा दो अन्य दोषियो को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा।अक्टूबर, 2021 मे एनआईए की विशेष अदालत ने इस मामले में कुल नौ लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमे से चार को मृत्युदंड, दो को आजीवन कारावास और दो को 10 साल की कैद और एक को सात साल की जेल की सजा और एक अन्य को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव मे बरी कर दिया था। खंडपीठ ने 63 पृष्ठों के अपने आदेश में मृत्युदंड की सजा पाए आरोपियों इम्तियाज आलम, हैदर अली, नुमान अंसारी और मुजीबुल्लाह अंसारी के बारे मे कहा कि इनके लिए 30 वर्ष का कारावास पर्याप्त होगा और न्याय के उद्देश्यों को पूरा करेगा। आलम, अली और मुजीबुल्लाह अंसारी जुलाई, 2013 के बोधगया सीरियल बम धमाके मामले में भी आजीवन कारावास की सजा काट रहे है।अदालत ने कहा कि चारो दोषी युवा है, जिनका कोई स्थापित सीमा-पार संपर्क नही है।ए सभी झारखंड के रांची के रहने वाले है। पीठ ने कहा, अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत सामग्री अपर्याप्त थी...... यह निष्कर्ष निकालने के लिए कि वे सुधार से परे थे..... जब वे हिरासत में थे, तब ऐसा कुछ भी सामने नही आया, जिससे यह संकेत मिले कि उन्होंने जांचकर्ताओं के लिए मुश्किलें पैदा की हो। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान मे 27 अक्टूबर 2013 को मोदी हुंकार रैली को संबोधित कर रहे थे कि तभी कम तीव्रता वाले सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इसके बाद मची भगदड़ में कम से कम छह लोग मारे गए थे। हालांकि किसी आतंकवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नही ली थी लेकिन जांच एजेंसियो को सिमी और इंडियन मुजाहिदीन के शामिल होने का संदेह है।

## डिजिटल मंदिर सुविधाओं को बेहतर बनाने की पहल

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े धार्मिक मंच श्री मंदिर की मूल कंपनी ऐप्सफॉरभारत ने नंदन नीलेकणी की फंडामेंटम के नेतृत्व में सीरीज़ बी फंडिंग जुटाई गयी है। इस दौर में सुस्कहन्ना एशिया वीसी और पहले से जुड़े निवेशक एलिवेशन कैपिटलए पीक एक्सवीए और मिरे एसेट वीसी की भागीदारी भी देखी गई। इस फंड का उपयोग श्री मंदिर ऐप को भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ानेए नए मंदिरों को जोड़नेए नई सेवाएं शुरू करनेए और भक्ति अनुभव के लिए एक संपूर्ण तकनीकी आधार बनाने के लिए किया जाएगा। नए फंडिंग राउंड की घोषणा करते हुएए ऐप्सफॉरभारत के संस्थापक और सीईओ प्रशांत सचान ने कहा हम भारत और विदेशों में करोड़ों भक्तों की ज़रूरतों को पूरा करने वाले सबसे भरोसेमंद प्लेटफ़ॉर्म को बनाने के लिए समर्पित हैंए जहाँ उन्हें वह पहुंच मिल सकेए जिसकी वे हमेशा से उम्मीद करते थे।

## गणेश मूर्ति को नुकसान पहुंचाने और मंदिर पर झंडा फहराने के आरोप में सात लोग हिरासत में

भुज। गुजरात के कच्छ जिले मे एक पंडाल मे भगवान गणेश की मूर्ति को कथित रूप से क्षतिग्रस्त करने और पास के एक मंदिर पर अपना धार्मिक झंडा लगाने के आरोप मे तीन नाबालिगो सहित सात लोगो को हिरासत मे लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (कच्छ-पश्चिम) सागर बागमर ने बताया कि ए घटनाएं मंगलवार को नखत्राणा तालुका के कोटडा-जादोदर गांव में हुईं और देर रात नखत्राणा पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। बागमर ने कहा, पत्थरबाजी के कारण एक पंडाल मे भगवान गणेश की मूर्ति को नुकसान पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मंगलवार शाम को जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने पुलिस को यह भी बताया कि कुछ लोगों ने पास के एक मंदिर पर अपना धार्मिक झंडा लगा दिया था। एसपी ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने गणेश प्रतिमा नुकसान पहुंचाने मे शामिल तीन नाबालिगो को हिरासत मे लिया है। अधिकारी ने बताया, मंदिर पर झंडा लगाने के आरोप मे चार वयस्को को भी हिरासत मे लिया गया है। स्थिति नियंत्रण मे है और गांव मे अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होने लोगो से आग्रह किया कि वे अफवाहे फैलाने से बचे। अधिकारी ने कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वाले वीडियो संदेशों को साझा करने के खिलाफ चेतावनी दी रविवार को सूरत शहर मे भी ऐसी ही घटना हुई थी। यहां गणेश पंडाल पर कुछ लोगो द्वारा पथराव किए जाने के बाद हिंसक झड़प हो गई थी। पुलिस ने बाद मे 27 लोगो को गिरफ्तार किया और छह नाबालिगो को हिरासत में लिया।

## पाकिस्तान के हैदराबाद में अपहृत हिंदू लड़की को अदालत के आदेश के बाद परिवार को सौंपा गया

हैदराबाद (पाकिस्तान)। पाकिस्तान के हैदराबाद से करीब एक साल पहले अगवा की गई एक नाबालिग हिंदू लड़की को बुधवार को अदालत के आदेश पर उसके परिवार को सौप दिया गया। अगवा किए जाने के बाद 16 वर्षीय लड़की को एक साल तक यातनाएं सहनी पड़ी और उसकी जबरन एक ऐसे व्यक्ति से शादी करवा दी गई जिसने उसका इस्लाम मे धर्मांतरण करा दिया। हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले पाकिस्तान डेरावार इत्तेहाद संगठन के प्रमुख शिवा फकीर काची ने कहा कि अदालत का फैसला पीड़ित परिवार और उनकी बेटी के लिए एक बड़ी राहत और जीत है। उन्होंने कहा, वह एक बहादुर लड़की है जिसे बहुत यातनाएं दी गईं। उसका अपहरण किया गया और उन्होने उसका जबरन धर्म परिवर्तन कर दिया। उसकी शादी एक उम्रदराज मुस्लिम व्यक्ति से कर दी गई। काची ने कहा कि उनका संगठन पिछले साल से उसके मामले की पैरवी कर रहा था और पुलिस ने आखिरकार उसे रहीम यार खान मे ढूंढ निकाला और उसे हैदराबाद ले आई जहां उसे महिलाओ के आश्रय गृह मे रखा गया। उन्होंने कहा, माता-पिता ने अदालत मे मामला दायर किया जिसने आज आदेश दिया कि लड़की को उन्हे सौप दिया जाए।

## भूजल की कमी: अधिकरण ने लखनऊ के जिलाधिकारी अन्य पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने लखनऊ के जिलाधिकारी, लखनऊ नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण पर उसके निर्देशो के अनुपालन मे अधिकरण के समक्ष उपस्थित नही होने पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।अधिकरण उत्तर प्रदेश की राजधानी में भूजल की कमी से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने चार सितंबर के पारित आदेश मे कहा कि अधिकरण ने पहले संबंधित प्राधिकारियो को नोटिस जारी किया था। पीठ मे न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल भी शामिल थे। पीठ ने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के वकीलों की दलीलो पर गौर करने के बाद जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगने संबंधी उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया। अधिकरण ने कहा, नोटिस की तामील के बावजूद लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण और जिलाधिकारी, लखनऊ आज उपस्थित नही हुए। इसलिए, अधिकरण के समक्ष उपस्थित न होने और मामले में सहयोग नही करने के लिए उन पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। अधिकरण ने कहा कि जुर्माना राशि दो सप्ताह के भीतर जमा की जानी चाहिए। अधिकरण ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 20 दिसंबर तय की।

## हम 10 करोड़ छोटे खुदरा विक्रेताओं, दुकानदारों की आकांक्षाओं की रक्षा करेंगे: गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि सरकार 10 करोड़ छोटे खुदरा विक्रेताओ के हितो की रक्षा करेगी जिन्हे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियो से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।केंद्रीय मंत्री ने पिछले महीने ई-कॉमर्स कंपनियो की आलोचना की थी और उनके कारोबारी मॉडल पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि इनकी वजह से देश में छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान हो रहा है। गोयल ने कहा, मै आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम 1.4 अरब भारतीयो की बेहतर जीवन गुणवत्ता, बेहतर भविष्य की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे, 14 करोड़ कृषक परिवारों की आकांक्षाओं को पूरा करेंगे... 10 करोड़ छोटे खुदरा विक्रेताओं, छोटी गली-मोहल्ले की दुकानो की आकांक्षाओ को पूरा करेंगे। गोयल भारत-अमेरिका

## नगालैंड: दीमापुर में आईएलपी लागू करने का सरकार का फैसला

**कोहिमा।**(भाषा) नगालैंड सरकार ने बुधवार को राज्य के दीमापुर, चुमुकेदिमा और निउलैंड जिलों में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) लागू करने का फैसला किया।राज्य सरकार के प्रवक्ता और मंत्री तेमजेन इम्ना अलॉन्ग ने कोहिमा में संवाददाताओं को बताया कि यह फैसला मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की अध्यक्षता में दिन में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। दीमापुर जिले में अभी तक आईएलपी लागू नहीं था, जिसे 2021 में तीन जिलों-दीमापुर, चुमुकेदिमा और निउलैंड में बांट दिया गया था। दीमापुर और निउलैंड जिले की सीमा असम से लगती है। नगालैंड की यात्रा के लिए उन लोगों को आईएलपी की जरूरत पड़ती है, जो राज्य के मूल निवासी नहीं हैं। अलॉन्ग ने बताया कि दीमापुर जिले में गैर-नगा निवासियों की तीन श्रेणियां होंगी, जिनमें से श्रेणी-1 और 2 को किसी आईएलपी की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि श्रेणी-1 में वे लोग शामिल होंगे, जो एक दिसंबर 1963 को नगालैंड के गठन से पहले दीमापुर में बसे थे। अलॉन्ग के अनुसार, विभाग इन लोगों को स्थाई निवास प्रमाणपत्र (पीआरसी) और अधिवास प्रमाणपत्र हासिल करने के विकल्प के साथ स्मार्ट कार्ड सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने बताया कि श्रेणी-दो में उन लोगों को रखा गया है, जो एक दिसंबर 1963 और 21 नवंबर 1979 के बीच दीमापुर में बसे थे। अलॉन्ग ने कहा कि इन लोगों को अधिवास प्रमाण पत्र प्राप्त करने के विकल्प के साथ स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।उन्होंने बताया कि श्रेणी-3 उन लोगों से जुड़ी हुई है, जो 22 नवंबर 1979 को या उसके बाद दीमापुर में बसे हैं। अलॉन्ग के मुताबिक, सरकार आईएलपी जारी करने के लिए डिजिटल प्रणाली को मजबूत करेगी, ताकि परमिट पाने के इच्छुक लोगों को बिचौलिए की मदद लेने या कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत न पड़े। उन्होंने बताया कि कुछ श्रेणियों, मसलन- छात्रों, शिक्षकों, तकनीकी कर्मियों और राज्य में निवेश करने वाले व्यापारियों- को एक बार में दो से पांच साल की लंबी अवधि के लिए आईएलपी प्रदान किया जाना चाहिए। नगालैंड 1873 के बंगाल पूर्वी सीमांत विनियमन (बीईएफआर) अधिनियम के तहत राज्य में गैर-नगा लोगों के प्रवेश को



## प्रधान न्यायाधीश के आवास पर गणपति पूजा में शामिल हुए प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।**(भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को यहां प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजा में शामिल हुए। एक वीडियो में चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी कल्पना दास अपने घर पर मोदी का स्वागत करते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद मोदी उनके आवास पर पूजा करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में प्रधानमंत्री न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के आवास पर आयोजित पूजा में पारंपरिक मराठी टोपी पहने दिखाई दे रहे हैं।

# भारत में अल्पसंख्यक सबसे सुरक्षित: रीजीजू

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने अल्पसंख्यकों के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को विपक्ष के नेता पर निशाना साधा और कहा कि वे (अल्पसंख्यक) भारत में सबसे सुरक्षित हैं। अमेरिका में गांधी की इस टिप्पणी से संबंधित एक सवाल के जवाब में कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर समझता है, रीजीजू ने कहा, चाहे जितनी कोशिश कर ली जाए, भारत को बदनाम नहीं किया जा सकता, क्योंकि भारत का संविधान और संस्कृति लोगों के बीच भेदभाव नहीं करती है। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत विरोधी ताकतों की मदद से भारत को बदनाम करना चाहते हैं, वे सफल नहीं होंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रीजीजू ने कहा कि भारत के पड़ोस में रहने वाले अल्पसंख्यक, यदि वहां उनके साथ कुछ गलत होता है तो वे यहां आते हैं। उन्होंने कहा, भारत में अल्पसंख्यक सबसे सुरक्षित हैं। गांधी ने आरोप लगाया था कि आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा था कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने सोमवार को वाशिंगटन के वर्जीनिया उपनगर में हर्नडॉन में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए यह



बात कही थी। उन्होंने कहा था, सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। रीजीजू ने कहा कि भारतीय संविधान और संसदीय प्रणाली पर आखिरी बार हमला 1975 में आपातकाल के दौरान हुआ था। चीन द्वारा भारतीय भूमि पर कब्जा करने संबंधी गांधी के दावे से संबंधित एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए रीजीजू ने कहा कि विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से कोई भी हमारी जमीन पर कब्जा नहीं कर पाया है... पिछली बार मैंने सदन में विपक्षी दलों के नेताओं से कहा था कि अगर उनके पास समय हो तो वे मेरे साथ (सीमा तक) आएं।

## नगालैंड सरकार ने गौ महासभा की अनुमति देने से किया इनकार

**कोहिमा।** नगालैंड सरकार ने 28 सितंबर को कोहिमा में प्रस्तावित गौ महासभा कार्यक्रम को अनुमति नही देने का फैसला किया है। राज्य के एक वरिष्ठ मंत्री ने बुधवार को यह जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा किया जाना है। ईसाई बहुल नगालैंड में अधिकांश आबादी बीफ का सेवन करती है। सरकार के प्रवक्ता और मंत्री सी. एल. जॉन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि कार्यक्रम की अनुमति नही देने का फैसला मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।जॉन ने कहा कि मंत्रिमंडल ने नगाओं की धार्मिक और सामाजिक प्रथाओं के साथ-साथ नगा के पांरपरिक कानूनो और प्रथाओ को संविधान के अनुच्छेद 371ए के तहत दी गई सुरक्षा को रेखांकित किया।

प्रतिमा का उद्घाटन: मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज एनएसई मुख्यालय में एनएसई बुल की प्रतिष्ठित प्रतिमा का उद्घाटन किया और सपनों को सशक्त बनाने की यात्राष् नामक एक स्मारक कॉफी टेबल बुक लॉन्च की। इस अवसर पर एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान भी मौजूद थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा, मुझे एनएसई के बैल की प्रतिमा और कॉफी टेबल बुक का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।

# दुनियाभर में 6जी सेवा पेटेंट में भारत की नजर 10% हिस्सेदारी पर: सिंधिया

**नई दिल्ली।**(भाषा) केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सबसे तेज 5जी सेवा लाने के बाद भारत छठी पीढ़ी की मोबाइल सेवाओं में दुनियाभर में हुए पेटेंट का 10वां हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। सिंधिया ने कहा कि भारत का अपना 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा (स्टैक) 2025 के मध्य तक स्थापित कर दिया जाएगा।वह यहां एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन के 51वें संस्करण में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। सिंधिया ने कहा, जहां हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है, 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया है, बीएसएनएल के लिए अपनी खुद की 4जी तकनीक का निर्माण किया गया है, हम भारत 6जी अलायंस को स्थापित कर 6जी की ओर भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में इस भारत 6जी अलायंस के माध्यम से 6जी में भारत के लिए 10 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पेटेंट सुनिश्चित करना है। मंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच भारत आशा और स्थिरता की किरण बनकर उभरा है।उन्होंने कहा, वह (भारत) आज विश्व मंच पर उभर रहा है। अब वह संघर्षरत अर्थव्यवस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो आगे बढ़ रही है। सिंधिया ने कहा कि यह तथ्य इसका प्रमाण है कि भारत आज दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा



सबसे बड़ा उत्पादक है। उन्होंने कहा, भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना स्वयं का 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष के मध्य तक स्थापित किया जाएगा। सिंधिया ने कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है...हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि भारत ने देशभर में करीब साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। सरकार ने करीब 20,000 और टावर लगाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 सितम्बर, 2024



# भारत में पिछले 10 वर्षों में लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया गया: राहुल

**भाषा।** वाशिंगटन



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन अब लोकतंत्र फिर से पटरी पर लौट रहा है। गांधी ने मंगलवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। गांधी ने कहा, मैं आपको यह बता सकता हूं कि पिछले वर्षों में भारतीय लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया गया, अब वह फिर से पटरी पर लौटने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसे नुकसान पहुंचाया गया था। गांधी ने कहा, मैंने देखा है कि किस तरह महाराष्ट्र में हमारी सरकार हमसे छीन ली गई। मैंने ए सब खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने देखा है कि कैसे हमारे विधायकों को खरीद लिया गया और उन्हें फंसा दिया गया और वे अचानक भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के विधायक बन गए। तो इस प्रकार भारतीय लोकतंत्र खतरे में रहा है, इसे बुरी तरह से कमजोर किया गया और अब वह फिर से पटरी पर लौट रहा है। मुझे भरोसा है कि यह फिर से मजबूत होगा।

उन्होंने प्रश्नात्मक लहजे में कहा, अगर आप चुनाव के नतीजों को देखें तो क्या यह आपको भारत में लोकतंत्र के लिहाज से अधिक आशान्वित करता है?

उन्होंने कहा, मेरा मतलब है कि उम्मीद तो है लेकिन इतना भर कहना काफी नहीं है कि भारतीय मतदाता अपने विचार बदलते रहते हैं और ज्ञानवान हैं। भारतीय मतदाता एक पूरी ढांचागत प्रक्रिया के तहत सूचना प्राप्त करता है। तो अगर हमारे पास समान अवसर नहीं हों तो मतदाता भले ही समझदार और अपना विचार बदलते रहने वाले हों, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, हमने चुनाव ऐसे वक्त लड़ा जब हमारे बैंक खातों पर रोक लगा दी गई थी। मैं ऐसा कोई लोकतंत्र नहीं जानता जहां ऐसा हुआ हो। हो सकता है कि इस तरह की चीजें सीरिया या इराक में होती रही हों। चुनाव के समय जब हमने अपने कोषाध्यक्ष से बात की तो उन्होंने हमें साफ-साफ कहा कि हमारे पास पैसा नहीं है। अब आपके पास भले एसे मतदाता हैं जिनके विचार बदलते रहते हैं लेकिन आपको चुनाव प्रचार अभियान की जरूरत है। आपको संवाद करते रहना होगा, आपको बैठकें करते रहनी होंगी।

गांधी ने कहा, मेरे खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। भारतीय इतिहास में मैं अकेला ऐसा व्यक्ति हूं जिसे मानहानि के मामले में जेल की सजा हुई। हमारे यहां एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो अभी जेल में हैं। इसे ऐसे कहें कि भारतीय मतदाता अपना मन बना लेता है तो वह उस पर अडिग रहता है। निश्चित रूप से वे ऐसा करते हैं। लेकिन भारतीय मतदाता को इस पर काम करने के लिए एक ढांचे की जरूरत होती है जो नहीं है।

गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा, 21वीं सदी में आधुनिक देश के एक प्रधानमंत्री हैं जो लोगों से कहते हैं कि मैं ईश्वर से बात करता हूं, मैं हर किसी से अलग हूं। आप बाइलॉजिकल लोग हैं और मैं नॉन बाइलॉजिकल। मेरा ईश्वर से सीधा संपर्क है। हमारे लिए, यह (चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री के संबंध में) खेल खत्म होने की तरह था। हम जान गए थे कि हमने प्रधानमंत्री को हरा दिया है। उन्होंने कहा, और फिर जो सबसे अच्छी बात हुई वो ए कि जब वह (मोदी) लोकसभा में पहुंचे और उन्होंने शपथ ली। उन्होंने संविधान पुस्तिका को अपने हाथ में लिया और उसे अपने माथे से लगाया। गांधी ने कहा, यह एक दिलचस्प विरोधाभास है। एक तरफ वह संविधान को नष्ट कर रहे हैं। वह लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला कर रहे हैं और दूसरी तरफ भारतीय जनता ने उन्हें इसे अपने माथे से लगाने को विवश किया।

# अमेरिका व ब्रिटेन के विदेश मंत्री कीव पहुंचे

**भाषा।** कीव

**रूस** के खिलाफ लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम मिसाइलों का इस्तेमाल करने को लेकर पश्चिमी देशों पर दबाव बनाने की यूक्रेन की कोशिशों के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी बुधवार को संयुक्त यात्रा पर कीव पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध मुद्दे पर हुई बहस के कुछ घंटे बाद दोनों देशों के शीर्ष नेता ट्रेन से कीव पहुंचे।

ब्लिंकन लंदन से यहां आए। इससे पहले उन्होंने ईरान पर रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की आपूर्ति करने का आरोप लगाया और कहा कि इस कदम से स्थिति और गंभीर हुई। यूक्रेन रूस के खिलाफ लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम मिसाइलों का इस्तेमाल करने के लिए कई महीने से अमेरिका और पश्चिमी सहयोगियों से अनुमति मांग रहा है और जब ऐसी खबरें सामने आई हैं कि रूस ने हाल ही में कई हथियार खरीदे हैं तो यूक्रेन अपनी इस मांग पर और दबाव बना सकता है।

यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्म्याल ने मंगलवार को कीव में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यदि हमें यूक्रेन पर हमले के लिए दुश्मन द्वारा तैयार किए गए सैन्य ठिकानों या हथियारों को नष्ट करने की अनुमति दी जाती है तो निश्चित रूप से इससे हमारे नागरिकों, हमारे लोगों और हमारे बच्चों की सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा, हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और हर दिन इसके लिए प्रयास जारी रखेंगे।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में गायिका टेलर स्विफ्ट ने हैरिस को दिया समर्थन

**वाशिंगटन।** प्रसिद्ध गायिका टेलर स्विफ्ट ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच मंगलवार रात बहस संपन्न होने के बाद हैरिस का समर्थन किया। स्विफ्ट ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, मुझे लगता है कि वह एक दृढ़ निश्चई और प्रतिभाशाली नेता हैं और मेरा मानना है कि अगर हमारा अराजकता के बजाय शांति से नेतृत्व किया जाए तो हम बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने एक तस्वीर साझा की जिसमें उनके साथ एक बिल्ली भी है। तस्वीर पर स्विफ्ट ने लिखा, 'चाइल्डलेस कैट लेडी'। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चुने गए उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे.डी. वेंस ने यह टिप्पणी की थी।

# राहुल ने विदेश नीति से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर कांग्रेस के मोदी सरकार के साथ होने का संकेत दिया

**वाशिंगटन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संकेत दिया कि कांग्रेस विदेश नीति से जुड़े प्रमुख मुद्दों जैसे कि अमेरिका के साथ संबंध, आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं, बांग्लादेश और इजराइल में चरमपंथी तत्वों को लेकर चिंताओं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ है। राहुल (54) हालांकि चीन पर मोदी की नीतियों से सहमत नहीं हैं और उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी सेना ने लद्दाख में दिल्ली के क्षेत्रफल बराबर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। यहां नेशनल प्रेस क्लब में मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में राहुल ने पाकिस्तान पर मोदी की नीतियों का समर्थन किया।

राहुल अमेरिका की चार दिवसीय अनौपचारिक यात्रा पर थे, जो मंगलवार को समाप्त हो गई। उन्होंने कहा, पाकिस्तान का हमारे देश में आतंकवाद को बढ़ावा देना दोनों देशों को पीछे धकेल रहा है। हम यह स्वीकार नहीं करेंगे कि पाकिस्तान हमारे देश में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे। हम इसे स्वीकार करने वाले नहीं हैं। और जब तक वे ऐसा करते रहेंगे हमारे बीच समस्याएं बनी रहेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कश्मीर मुद्दा दोनों दक्षिण एशियाई देशों को संवाद से दूर रख रहा है, इस पर उन्होंने कहा, नहीं।

भारत-अमेरिका संबंध पर एक सवाल पर राहुल ने कहा कि इसे दोनों देशों में द्विदलीय समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, मुझे कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। मुझे नहीं लगता कि मोदी अमेरिका के साथ हमारे दृष्टिकोण से कुछ अलग हैं। मुझे लगता है...हर कोई इस तथ्य को स्वीकार करता है कि भारत-अमेरिका संबंध दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं। राहुल ने कहा कि वह भारत के आंतरिक मामलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं देखना चाहते हैं और भारत के अंदरुनी मामलों पर फैसला देश के लोग करेंगे।

राहुल ने कहा, भारत में लोकतंत्र की लड़ाई भारत की लड़ाई है। पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं है। यह हमारी समस्या है और हम इसे देखेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोकतंत्र सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा, हालांकि, यह समझना महत्वपूर्ण है कि भारतीय लोकतंत्र अपने आकार के कारण किसी भी सामान्य लोकतंत्र से कहीं अधिक विशाल है। अगर आप दुनिया के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण के बारे में बात कर रहे हैं तो भारतीय लोकतंत्र का उसमें बड़ा स्थान है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि दुनिया भारतीय लोकतंत्र को न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक संपदा के रूप में देखती है।

कांग्रेस नेता से पूछा गया, भारत पश्चिम एशिया में हाल में इजराइल के साथ रहा है। आप उसे कैसे बदलेंगे? इस पर राहुल ने कहा, देखिए, मुझे लगता है कि सात अक्टूबर को जो हुआ वह बिल्कुल गलत था। लेकिन मुझे यह भी लगता है कि इजराइल ने जो किया और जो कर रहा है, निर्दोष नागरिकों पर बम गिराना और महिलाएं व बच्चों की हत्या करना, वह भी पूरी तरह गलत है और उसे जारी रहने नहीं दिया जाना चाहिए। मैं किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ हूं। और निश्चित तौर पर जिस पैमाने पर हिंसा हो रही है, मुझे लगता है कि वह इजराइल को नुकसान पहुंचा रही है। यह इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान ज्यादा पहुंचा रही है।

राहुल ने मोदी की चीन नीति की आलोचना की। उनसे पूछा गया, क्या आपको लगता है कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका-चीन स्पर्धा पर ठीक रुख अपनाया है? उन्होंने कहा, देखें अगर आप हमारे 4,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में चीनी सैनिकों की मौजूदगी को चीजों को अच्छी तरह से संभालना कहते हैं, तो हो सकता है। चीनी सैनिकों ने लद्दाख में दिल्ली के क्षेत्रफल जितनी जमीन पर कब्जा कर लिया है। मुझे लगता है कि यह त्रासदी है। मीडिया इसके बारे में लिखना नहीं चाहती है।

# ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा पर

**बगदाद।** ईरान के सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने बुधवार को राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा शुरू की और उन्हें उम्मीद है कि इससे तेहरान के बगदाद के साथ संबंधों को मजबूती मिलेगी क्योंकि क्षेत्रीय तनाव दोनों देशों को पश्चिम एशिया में बढ़ती अशांति की ओर धकेल रहा है। ईरान के लिए इराक के साथ उसके संबंध आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक कारणों से महत्वपूर्ण बने हुए हैं। यह बात विशेष रूप से तब से सच हो गई है जब 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला हुआ, जिसके बाद तानाशाह सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटा दिया गया। सद्दाम ने 1980 के दशक में ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था जो वर्षों तक चला।



बगदाद, तेहरान के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है जो देश में शक्तिशाली शिया मिलिशिया का समर्थन करता है। वह साथ ही अमेरिका के साथ भी रिश्तों को पटरी पर लाने का इच्छुक है। इराक में अमेरिका के 2,500 सैनिकों हैं जो अब भी एक समय के प्रभावशाली चरमपंथी इस्लामिक स्टेट समूह के बचे हुए हिस्से के साथ संघर्ष कर रहे हैं। पेजेश्कियान के आगमन से पहले मंगलवार रात बगदाद अंर्ताष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली जगह पर विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और विस्फोट की परिस्थितियां भी स्पष्ट नहीं हैं। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि विस्फोट बगदाद डिप्लोमैटिक सर्विसेज कंपाउंड में हुआ। यह एक अमेरिकी राजनयिक क्षेत्र है और वह विस्फोट के कारण और इससे हुए नुकसान का आकलन कर रहा है। अपनी यात्रा के दौरान पेजेश्कियान (जिन्होंने जुलाई में ईरान के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी) कर्बला और नजफ शहरों में शिया धार्मिक स्थलों का भी दौरा करेंगे।

# पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने वाघा सीमा जांच चौकी के विस्तार के लिए परियोजना शुरू की

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने भारत से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर वाघा संयुक्त जांच चौकी विस्तार परियोजना की औपचारिक शुरुआत की है, जिसका मुख्य उद्देश्य दर्शकों के बैठने के लिए अधिक स्थान उपलब्ध कराना है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक क्षमता को मौजूदा 8,000 से बढ़ाकर 24,000 करने का लक्ष्य है। इस परियोजना की लागत तीन अरब पाकिस्तानी रुपए है और इसके पूरा होने की समय सीमा दिसंबर 2025 है। कथित तौर पर इस परियोजना का उद्देश्य भारतीय पक्ष की ओर दर्शकों की बैठक क्षमता के अनुरूप विस्तार करना है। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने कहा, इस परियोजना पर फरवरी में हस्ताक्षर हुए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर अब काम तेज हो गया है।

# एशिया दौरे के तहत सिंगापुर पहुंचे पोप फ्रांसिस

**सिंगापुर।** रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस अपने एशिया दौरे के आखिरी चरण में बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, 87-वर्षीय पोप तिमोर-लेस्ते के दिली हवाई अड्डे से स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11:20 बजे चार्टर्ड विमान से रवाना हुए और अपराह्न 2:50 बजे यहां पहुंचे। पोप फ्रांसिस का एशिया दौरा दो सितंबर से शुरू हुआ। वह पापुआ न्यू गिनी और इंडोनेशिया भी गए और यह उनकी अब तक की सबसे लंबी यात्रा है। सिंगापुर में 1986 के बाद से यहां किसी पोप की यह पहली यात्रा है, उस समय दिवंगत पोप जॉन पॉल द्वितीय ने यहां पांच घंटे का प्रवास किया था। अपराह्न ढाई बजे, लगभग एक हजार कैथोलिक जुरासिक माइल के किनारे पोप के आगमन पर उनके स्वागत के लिए इंतजार कर रहे थे। कई लोग वेटिकन के झंडे वाले पीले और सफेद रंग के कपड़े पहने हुए थे और सिंगापुर के झंडे लिए हुए थे। चांगी हवाई अड्डे के वीआईपी (अति विशिष्ट व्यक्ति) परिसर से जुरासिक माइल को जोड़ने वाले मार्ग पर 30 से अधिक स्वागत बैनर भी लगाए गए थे। संस्कृति, समुदाय एवं युवा मंत्री एडविन टोंग तथा उनकी पत्नी के साथ-साथ वेटिकन में सिंगापुर की अनिवासी राजदूत जेनेट आंग और उनके पति ने पोप फ्रांसिस का स्वागत किया। पोप बृहस्पतिवार को संसद भवन में राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से भी मिलेंगे। लगभग 50 हजार रोमन कैथोलिकों के लिए नेशनल स्टेडियम में सामूहिक जश्न से पहले, पोप नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के यूनिवर्सिटी कल्चरल सेंटर में भाषण देंगे। तेरह सितंबर को रोम वापस जाने से पहले वह युवाओं के साथ एक अंतर-धार्मिक संवाद करेंगे।

# भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं लेकिन यह समानता के आधार पर होना चाहिए: यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को कहा कि उनका देश भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहता है और यह निष्पक्षता और समानता के आधार पर होने चाहिए। अंतरिम सरकार के गठन का एक महीना पूरा होने के अवसर पर यूनुस ने टेलीविजन के जरिए संबोधन में कहा कि प्रशासन के प्रमुख के रूप में शपथ लेने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित कई अन्य देशों के नेताओं ने उन्हें बधाई देने के लिए फोन किया था। उन्होंने कहा, हम भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं, लेकिन ए संबंध निष्पक्षता और समानता के आधार पर होने चाहिए। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश ने बाढ़ से निपटने के लिए भारत के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय सहयोग वार्ता शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, मैंने दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए दक्षेस को पुनर्जीवित करने की भी पहल की है। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। यूनुस ने कहा, हम चाहते हैं कि विश्व बांग्लादेश को एक सम्मानित लोकतंत्र के रूप में मान्यता दे।

# स्टालिन ने फोर्ड मोटर से चेन्नई संयंत्र शुरू करने का अनुरोध किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान शिकॉगो में फोर्ड मोटर कंपनी के अधिकारियों से मिलकर उनसे चेन्नई स्थित संयंत्र में विनिर्माण दोबारा शुरू करने का अनुरोध किया है। तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, मुख्यमंत्री ने फोर्ड मोटर के अधिकारियों से तमिलनाडु के साथ कंपनी के संबंधों को बहाल करने की संभावना पर विचार-विमर्श किया। स्टालिन ने फोर्ड मोटर के अंतरराष्ट्रीय बाजार समूह के अध्यक्ष के हार्ट एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। फोर्ड के चेन्नई स्थित संयंत्र में कार निर्माण दोबारा शुरू करने और वैश्विक (प्रौद्योगिकीव्यवसाय) केंद्र का विस्तार करने का आग्रह किया। दिग्गज अमेरिकी कंपनी फोर्ड मोटर ने कुछ साल पहले भारतीय बाजार से अपने कदम पीछे खींचते हुए चेन्नई संयंत्र में उत्पादन बंद कर दिया था। स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि फोर्ड की टीम के साथ आकर्षक चर्चा हुई जिसमें तमिलनाडु में निर्माण दोबारा शुरू करने और तीन दशक पुरानी साझेदारी को नवीनीकृत करने पर गौर किया गया। स्टालिन ने अमेरिका में सक्रिय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के मंच आईटी सर्व अलायंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मोसाली सहित शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की।

# वियतनाम में चक्रवात यागी और तूफान से जुड़ी अन्य घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 141 हुई

**हनोई।** चक्रवात यागी के कारण वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई और इसी के साथ चक्रवात से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 141 हो गई जबकि बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। वियतनाम के सरकारी प्रसारक वीटीवी ने बताया कि लाओ काई प्रांत में मंगलवार को पहाड़ से बहते बाढ़ के पानी से लैंग नू गांव तबाह हो गया। इस गांव में 35 परिवार रहते थे। वीटीवी ने अपनी खबर में बताया कि बचावकर्मियों ने 16 शव बरामद किए हैं और करीब 40 लोगों की तलाश जारी है। रिपोर्ट के अनुसार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 141 हो गई है जबकि 69 लोग लापता हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। तूफान यागी दशकों में वियतनाम में आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है। यह शनिवार को 149 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तट से टकराया था।

# पाकिस्तान के अनेक हिस्सों में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कुछ हिस्सों में बुधवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। देश के मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। जियो न्यूज ने पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से कहा कि भूकंप का केंद्र पंजाब प्रांत के दक्षिण पश्चिम में डेरा गाजी खान क्षेत्र के पास 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप से जान माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि पाकिस्तान के समयानुसार दोपहर 12.28 बजे भूकंप का झटका आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई।

पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों के अनेक इलाकों में और देश की राजधानी इस्लामाबाद में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत में भूकंप के झटके दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में महसूस किए गए। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 5.8 बताई। डॉन अखबार ने मौसम विभाग के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि पंजाब प्रांत के अधिकारी भूकंप के झटकों से निपटने के लिए सतर्कता बरत रहे हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नियंत्रण कक्ष सहित पंजाब के जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24 घंटे अलर्ट पर हैं। प्रांतीय प्रशासन भूकंप से प्रभावित इमारतों की भी जांच कर रहा है। किसी भी तरह के नुकसान की सूचना आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की हेल्पलाइन पर दी जा सकती है। अमेरिका भूगर्भ सर्वेक्षण ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई जिसका असर भारत, पाक और अफगानिस्तान में महसूस किया गया। पिछले महीने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 5.1 तीव्रता के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे जिसके बाद क्षेत्र के नागरिक दहशत में आ गए। पाक और कश्मीर में 2005 में 7.6 तीव्रता के एक भूकंप के बाद हजारों लोग मारे गए थे।

## कश्मीरी प्रवासियों ने ब्रिटेन में प्रदर्शन कर पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद की निंदा की

**लंदन।** जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखने वाले लोगों सहित प्रवासी भारतीय समूहों ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के बारे में जागरूकता बढ़ाने और एक संसदीय कक्ष में आयोजित एजेंडा कार्यक्रम के खिलाफ लंदन में ब्रिटिश संसद परिसर के पास प्रदर्शन किया। ब्रिटिश-भारतीय समुदाय के कई प्रमुख सदस्यों ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया, इंडो-यूरोपियन कश्मीर फोरम के अध्यक्ष कृष्ण भान भी शामिल थे। भान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस तरह से कश्मीर के बारे में पश्चिमी देशों में होने वाले विमर्श के दौरान दशकों से कश्मीरी हिंदुओं की दुर्दशा को नजरअंदाज किया गया है। यह सभा ऑल पार्टीज कश्मीर कॉन्फ्रेंस के जवाब में आयोजित की गई थी, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इसे जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

# जयशंकर ने जर्मनी की एक संसदीय समिति के अध्यक्ष से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**भाषा।** बर्लिन



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने जर्मनी के संसद में विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल रोथ से मुलाकात की और मौजूदा वैश्विक चुनौतियों तथा नए द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। जयशंकर तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में जर्मनी में हैं। वह भारत-खाड़ी सहयोग परिषद मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद सऊदी अरब से यहां पहुंचे हैं। जयशंकर ने मंगलवार को बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सांसद और विदेश मामलों पर एक समिति के अध्यक्ष माइकल रोथ से मिलकर प्रसन्नता हुई। वर्तमान वैश्विक चुनौतियों तथा भारत और जर्मनी के बीच नए सहयोग की संभावनाओं पर विचार साझा किए।

उन्होंने मंगलवार को बर्लिन में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन द्वारा आयोजित विदेशी मामलों एवं सुरक्षा नीति विशेषज्ञों से बातचीत भी की।

जयशंकर ने कहा, बदलती वैश्विक व्यवस्था, सुरक्षा चुनौतियों और भारत तथा जर्मनी के बीच रणनीतिक समानता पर विचार विमर्श किया गया। जयशंकर ने जर्मनी की संसद के सदस्यों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, समकालीन वैश्विक मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि की सराहना करता हूं। भारत-जर्मनी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए उनके समर्थन को महत्व देता हूं।

# भारतीय मूल की व्याख्याता ने जीता नाइन यार्ड साड़ीज के लिए सिंगापुर साहित्य पुरस्कार

**सिंगापुर।** सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में भारतीय मूल की एक व्याख्याता ने अंग्रेजी भाषा में लिखी अपनी लघुकथा नाइन यार्ड साड़ीज के लिए सिंगापुर साहित्य पुरस्कार जीता है। प्रशांति राम (32) की यह पहली रचना 2023 के अंत में प्रकाशित हुई थी। कहानी का ताना बाना सिंगापुर, सिडनी, न्यूयॉर्क और कनेक्टिकट में फैले तमिल ब्राह्मण परिवार की पीढ़ियों के इर्द गिर्द बुना गया है। प्रशांति ने अपनी रचना को पुरस्कृत किए जाने पर कहा, मुझे बिल्कुल यकीन नहीं हो रहा है। मैं बहुत आभारी हूं कि निर्णय लेने वालों ने नाइन यार्ड साड़ीज में खूबियां देखी खासकर तब जब मैंने ए किताब अपने दिवंगत पिता की देखभाल करते हुए लिखी थी। समाचारपत्र द स्ट्रेट टाइम्स ने अपनी एक खबर में प्रशांति के हवाले से लिखा, मुझे उम्मीद है कि अधिक से अधिक लेखक लघुकथा लेखन में प्रयोग करेंगे क्योंकि एक ही रचना में इतने सारे परिप्रेक्ष्यों और संदर्भों में डूबना बहुत आनंददायक होता है।

विक्टोरिया थिएटर में मंगलवार को एक कार्यक्रम में कवि सिरिल वोंग के नेतृत्व वाली तीन सदस्ईय समिति ने कहा कि उनका लेखन बहुत कुशल, आत्मविश्वास से भरा, कभी-कभी हास्यपूर्ण और गहराई से प्रभावित करने वाला है। सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी रचनात्मक गैर-काल्पनिक कृति का पुरस्कार भारतीय मूल की कलाकार शुबिगी राव को मिला, जिनकी पल्प श्री: एन इंटिमेट इन्वेंटरी ऑफ द बैनिश्ड बुक (2022) बैनिश्ड पुस्तकों पर उनकी तीसरी किस्त थी। सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी भाषा का पहला पुस्तक पुरस्कार नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के प्रोफेसर एमेरिटस पीटर एलिंगर (91) को मिला, जिनकी पुस्तक डाउन मेमोरी लेन: पीटर एलिंगर मेमॉयर्स (2023) के लिए, जीत ने उन्हें सिंगापुर साहित्य पुरस्कार का सबसे उम्रदराज विजेता बना दिया।

# नींद की कमी के कई खतरे

**लैंकेस्टर।** (द कन्वरसेशन) रात में नींद पूरी न होने के बाद की थकान और बेचैनी से तो हम सभी वाकिफ होंगे। सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ता नो-स्लीप चैलेंज में हिस्सा लेकर कई दिन-रात जगकर गुजारने का रिकॉर्ड बनाने की होड़ में जुटे हैं। नॉर्म (19) नाम के एक यू-ट्यूबर ने बिना सोए सबसे ज्यादा समय बिताने का विश्व रिकॉर्ड कायम करने की अपनी कोशिश साइट पर लाइव प्रसारित की थी। 250 घंटे का समय बीतने के बाद दर्शक नॉर्म की सेहत को लेकर चिंता जताने लगे, लेकिन वह नहीं रुका और 264 घंटे एवं 24 मिनट की अवधि बिना सोए गुजार दी। इसके बाद यू-ट्यूब और किक जैसी सोशल मीडिया साइट ने उसे प्रतिबंधित कर दिया।

नॉर्म ने सबसे ज्यादा समय तक जगे रहने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ने का दावा किया, जो सही नहीं था। गिनीज बुक में यह विश्व रिकॉर्ड रॉबर्ट मैकडोनाल्ड के नाम दर्ज है, जिसने 1986 में 453 घंटे यानी लगभग 19 दिन बिना सोए बिताए थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 1997 में सुरक्षा कारणों से सबसे लंबा समय बिना सोए गुजारने के रिकॉर्ड की निगरानी करना बंद दिया। यह एक सही कदम था। लंबे समय तक बिना नींद लिए रहना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। वयस्कों को रोज रात को सात घंटे से अधिक समय की नींद लेने की कोशिश करनी चाहिए। पर्याप्त नींद लेने में लगातार असमर्थ रहने पर अवसाद, डायबिटीज, मोटापा, दिल का दौरा, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्थितियों का शिकार होने का जोखिम बढ़ जाता है।

नींद हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा है। यह हमारी शरीर की कई प्रणालियों को आराम करने और मरम्मत करने एवं नुकसान से उबरने में सक्षम बनाती है। नींद के पहले तीन चरणों के दौरान पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है, जो पाचन क्रिया और आराम की अवस्था में जाने की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। इससे हृदयगति और रक्तचाप कम हो जाता है। अंतिम चरण यानी रैपिड आई मूवमेंट (आईएम) चरण में हृदय की गतिविधियां बढ़ जाती हैं और आंखें हरकत करती हैं। यह चरण रचनात्मकता, सीखने की क्षमता और यादें संजोने जैसे संज्ञानात्मक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है। सोने से पहले शराब या कैफीन युक्त चीजों का सेवन नींद के चक्र को बाधित कर सकता है।

नींद की कमी की समस्या तीव्र या दीर्घकालिक हो सकती है। तीव्र समस्या का मतलब एक या दो दिन नींद न आने से हो सकता है। यह भले ही एक छोटी अवधि लगता हो, 24 घंटे बिना सोए गुजार देने के एकाग्रता में कमी के अलावा कई और खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। आंखें सूजने, डार्क सर्कल (आंखों के किनारे काले धब्बे) पड़ने, चिड़चिड़ापन, याददाश्त में कमी, भ्रम की स्थिति, त्वरित फैसले लेने एवं सूचनाओं का विश्लेषण करने में असमर्थता और खाने की तलब बढ़ने जैसे लक्षण उभर सकते हैं। दूसरा दिन भी बिना सोए गुजार देने से लक्षण और तीव्र हो सकते हैं तथा व्यक्ति के व्यवहार में भी बदलाव दिखाई दे सकता है। शरीर को नींद की तलब और प्रबल होने लगती है, जिसके चलते व्यक्ति माइक्रोस्लीप लेने लगता है।

# राजकुमार की हैट्रिक से मलेशिया को 8-1 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

**एसीटी हॉकी**

**भाषा।** हुलुनबुइर (चीन)



**युवा स्ट्राइकर** राजकुमार पाल की हैट्रिक के दम पर गत विजेता भारत ने मलेशिया को 8 –1 से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ बुधवार को यहां हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। राजकुमार (तीसरा, 25वां और 33वां मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंडल (छठा और 39वां मिनट), जुगराज सिंह (सातवां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वां मिनट) और उत्तम सिंह (40वां मिनट) ने गोल दागे। मलेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनवर (34वां मिनट) ने एकमात्र गोल किया। भारत तीन मैच जीतकर नौ अंक के साथ शीर्ष पर है। छह टीमों का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जा रहा है जिसमें शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले मेजबान चीन को 3 . 0 से और जापान को 5 .। से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का सामना बृहस्पतिवार को कोरिया से और शनिवार को पाकिस्तान से होगा। भारत और मलेशिया के बीच 2023 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम हाफटाइम तक । . 3 से पीछे थी जिसके बाद वापसी करके 4 . 3 से जीत दर्ज करके खिताब जीता। भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पांच फील्ड गोल किए जबकि जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। भारत ने आक्रामक शुरूआत करके पहले ही क्वार्टर में लगातार हमले बोले। राजकुमार ने तीसरे ही मिनट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले दम पर गेंद को गोल के भीतर डाला। तीन मिनट बाद अराइजीत ने भारत की बढत दुगुनी कर दी। एक मिनट बाद जुगराज ने पेनल्टी कॉर्नर भुनाकर भारत को पहले ही क्वार्टर में 3 . 0 की बढत दिला दी। दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने आक्रामक शुरूआत की और पेनल्टी कॉर्नर भी बनाया लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को 22वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एक पर हरमनप्रीत ने गोल किया। कुछ मिनट बाद राजकुमार ने अराइजीत और उत्तम के शानदार मूव पर अपना दूसरा गोल किया। दूसरे हाफ के तीसरे ही मिनट में राजकुमार ने सीनियर स्तर पर अपनी पहली हैट्रिक पूरी करते हुए विवेक सागर प्रसाद के पास पर तीसरा गोल किया। मलेशिया के लिए इस बीच अनवर ने एक गोल दागा। भारत के लिए अराइजीत ने नीलाकांता के पास पर गोल किया जबकि उत्तम ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड के जरिए गोल दागा। इससे पहले एक अन्य मैच में पाकिस्तान ने जापान को 2 .। से हराया।

# वनडे विश्वकप 2023 में भारत हो गया मालामाल

## टूटा रिकार्ड, साढ़े ग्यारह हजार करोड़ से भी ज्यादा की कमाई

**भाषा।** दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2023 में हुए एकदिवसीय विश्व कप से 1.39 अरब डॉलर का आर्थिक प्रभाव पैदा हुआ जिसमें सबसे अधिक लाभ पर्यटन क्षेत्र को हुआ। नीलसन द्वारा आईसीसी के लिए किए गए आर्थिक प्रभाव आकलन में दावा किया गया है कि पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में आयोजित यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय विश्व कप था। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने एक बयान में कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने क्रिकेट की महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है जिससे भारत को 1.39 अरब डॉलर (11,637 करोड़ रुपए) का आर्थिक लाभ हुआ है। ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट के फाइनल में भारत के विजई अभियान पर विराम लगाते हुए रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। आईसीसी के बयान में कहा गया है, मेजबान शहरों में पर्यटन के क्षेत्र में 86 करोड़ 14 लाख डॉलर का राजस्व सृजन हुआ जिसमें आवास, यात्रा, परिवहन और खाद्य एवं पेय पदार्थ शामिल हैं क्योंकि मैचों के लिए बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटक पहुंचे।




आईसीसी ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि रिपोर्ट में जिन आंकड़ों का जिक्र किया गया वह वास्तविक राजस्व है या नहीं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि एकदिवसीय विश्व कप को रिकॉर्ड 12 लाख 50 हजार दर्शकों ने स्टेडियम में देखा और इनमें से लगभग 75 प्रतिशत लोग पहली बार आईसीसी का 50 ओवर का मुकाबला देखने पहुंचे। आईसीसी के बयान के अनुसार, जिन अंतरराष्ट्रीय प्रशंसकों से बात की गई उनमें से 55 प्रतिशत पहले भी नियमित रूप से भारत का दौरा कर चुके थे जबकि विश्व कप के कारण 19 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय प्रशंसकों ने पहली बार भारत का दौरा किया। बयान में कहा गया, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों ने अपने प्रवास के दौरान कई पर्यटन स्थलों का दौरा किया जिससे 28 करोड़ 12 लाख डॉलर का आर्थिक प्रभाव पड़ा और लगभग 68 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे भविष्य में अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को पर्यटन स्थल के रूप में भारत की सिफारिश करेंगे जिससे भारत की वैश्विक छवि और बेहतर होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि टूर्नामेंट के आयोजन में प्रत्यक्ष भागीदारी के साथ-साथ आतिथ्य क्षेत्र के अन्य संगठनों द्वारा 48,000 से अधिक पूर्ण और अंशकालिक नौकरियां सृजित की गईं।

## पीसीबी के साथ चैंपियन्स ट्रॉफी के संभावित कार्यक्रम पर भी चर्चा करेगा आईसीसी प्रतिनिधिमंडल

**कराची।** चैंपियन्स ट्रॉफी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए इस महीने पाकिस्तान का दौरा करने वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ प्रतियोगिता के संभावित कार्यक्रम पर भी चर्चा करेगा। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि पीसीबी को अब तक सूचित नहीं किया गया है कि कितने अधिकारी आ रहे हैं और वे किस विभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे लेकिन संकेत मिले हैं कि कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा होगी। पीसीबी ने कुछ समय पहले आईसीसी को संभावित कार्यक्रम भेजा था जिसमें उन्होंने भारतीय टीम को लाहौर में रखने का सुझाव दिया था। सूत्र ने कहा, चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाले देशों के बोर्ड ने अब कार्यक्रम देख लिया होगा और इसे अंतिम रूप देने और घोषणा करने से पहले कुछ काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम को उनकी सरकार पाकिस्तान में खेलने की स्वीकृति देगी या नहीं, इससे जुड़ा अंतिम फैसला अब तक कार्यक्रम तय नहीं होने का बड़ा कारण है। आईसीसी प्रतिनिधिमंडल चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन स्थलों कराची, लाहौर और रावलपिंडी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करेगा, साथ ही सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करेगा और प्रसारण व्यवस्था, टीम होटल और यात्रा कार्यक्रमों की समीक्षा भी करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह के एक दिसंबर से आईसीसी चेयरमैन बनने के कारण सूत्र ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी का कार्यक्रम पिछले साल भारत में हुए विश्व कप की तरह ही देर से जारी किया जाएगा।

## पेरिस ओलंपिक में कोकीन खरीदने की कोशिश करने वाला आस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलंपिक के दौरान कोकीन खरीदने की कोशिश के आरोप में हॉकी आस्ट्रेलिया ने बारह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। क्रेग को सात अगस्त की रात पेरिस में कोकीन खरीदने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। फ्रांस के अभियोजकों ने बयान जारी करके पुष्टि की थी कि 29 वर्ष के ओलंपियन और तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी देकर एक रात हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया। हॉकी आस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा , राष्ट्रीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग की पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी के मामले की जांच के बाद हॉकी आस्ट्रेलिया की नैतिकता ईकाई ने 12 महीने के लिए उन्हें निलंबित करने का फैसला लिया है। इसमें कहा गया , छह महीने पूर्ण निलंबन होगा और बाकी छह महीने उनके बर्ताव पर निर्भर करेंगे। हॉकी आस्ट्रेलिया ने कहा कि क्रेग 2025 के लिए टीम में चयन के पात्र होंगे। आस्ट्रेलियाई टीम पेरिस ओलंपिक में छठे स्थान पर रही थी।

## अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, कनाडा और बेल्जियम डेविस कप के पहले दौर में जीते

**वालेंशिया ( स्पेन )।** जर्मनी ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बिना भी स्लोवाकिया को 3 . 0 से हराया जबकि 2023 के उपविजेता आस्ट्रेलिया ने फ्रांस को डेविस कप फाइनल्स के पहले मुकाबले में मात दी। चारों ग्रुप के मुकाबले चार अलग अलग शहरों में शुरू हुए। अंतिम आठ चरण के मुकाबले नवंबर में स्पेन के मालागा में खेले जाएंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप सी में जर्मनी ने स्लोवाकिया को हराया। चीन के जुहाइ में इस ग्रुप के एक अन्य मैच में 32 बार के विजेता अमेरिका ने चिली को 2 . 0 से हरा दिया। वहीं आस्ट्रेलिया ने ग्रुप बी में फ्रांस को 2 .। से मात दी। ग्रुप डी में कनाडा ने अर्जेंटीना को 2 .1 से हराया जबकि ग्रुप ए में बेल्जियम ने नीदरलैंड को इसी अंतर से मात दी।

## आंखों की रोशनी गंवाने के बावजूद जूडो खेलने पर गांव वाले ताने मारते थेः परमार

**नई दिल्ली।** दृष्टिबाधित लेकिन बेहद सकारात्मक भारतीय पैरालंपिक पदक विजेता कपिल परमार को आठ साल पहले पैरा जूडो शुरू करने पर अपने गांव के लोगों से लगातार ताने सुनने पड़े लेकिन इतिहास रचने वाले इस पैरालंपियन का इससे जीवन में कुछ महत्वपूर्ण करने का संकल्प और मजबूत हुआ।चौबीस वर्षीय परमार जूडो में भारत के पहले पैरालंपिक पदक विजेता बने जब उन्होंने चार सितंबर को पेरिस खेलों में पुरुषों के 60 किग्रा (जे1) वर्ग में कांस्य पदक जीता। परमार ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, जब मैंने 2017 में पैरा जूडो शुरू करने का फैसला किया तो मेरे गांव के कुछ लोगों ने मुझे ताना मारा कि मैं देख नहीं सकता इसलिए मैं यह खेल कैसे खेलूंगा, लेकिन आप हमेशा इन तानों के कारण ही आगे बढ़ते हैं।

# दलीप ट्रॉफीः दूसरे दौर में रिंकू अय्यर, सुंदर पर रहेगा फोकस

**अनंतपुर।** (भाषा) रिंकू सिंह समेत राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की अनदेखी के शिकार कुछ अनुभवी खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी जब बृहस्पतिवार से दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले शुरू होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में 19 सितंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम के खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जिससे कई सितारे दूसरे दौर में नहीं खेल सकेंगे। सरफराज खान भारतीय टीम के अकेले सदस्य हैं जो इस घरेलू टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दिखेंगे। शानदार प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड के बावजूद पहले दौर में नहीं चुने गए रिंकू पर सभी की नजरें होंगी जो भारत के लिए टी20 क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। शुभमन गिल के भारतीय टीम में जाने से मयंक अग्रवाल भारत ए टीम के कप्तान होंगे। आखिरी टेस्ट मार्च 2022 में खेलने वाले मयंक को राष्ट्रीय टीम में चयन का दावा फिर बुलंद करने के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोट के कारण पहले दौर में नहीं खेल सके थे। उन्हें भारत ए टीम में रखा गया है। भारत बी टीम में कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी जो पिछले सप्ताह बेंगलुरू में पहले दौर में फ्लॉप रहे थे। सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने पहले दौर में 181 रन बनाकर भारत बी को भारत ए पर जीत दिलाई थी। अब बड़े भाई की नजरें भी बड़ी पारी खेलने पर होंगी। भारत बी टीम में वॉशिंगटन सुंदर भी हैं। वहीं पहले टेस्ट में आकाश दीप को तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर तरजीह दी गई जिसके बाद मुकेश भी अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।भारत सी के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और रूतुराज गायकवाड़ भी रन बनाकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचना चाहेंगे। भारत डी के कप्तान श्रेयस अय्यर टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित करने की कोशिश करेंगे। इसी तरह देवदत्त पड्डिकल और संजू सैमसन भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की फिराक में होंगे।




बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई मे 19 सितंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व भारतीय टीम के खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जिससे कई सितारे दूसरे दौर मे नही खेल सकेंगे

# देखने लायक होगा रोहित-कोहली का कमाल, भारत की लाइन-अप भी गजब

### ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने कहा- आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हमें संभलकर खेलना होगा

**भाषा।** मुंबई






**अनुभवी** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत का प्रदर्शन देखने लायक होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रही है जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। लियोन ने यह भी चेतावनी दी है कि मेहमान टीम के पास इन बड़े खिलाड़ियों के अलावा एक शानदार लाइन-अप है जिससे मेजबान टीम के लिए चीजें काफी चुनौतीपूर्ण होंगी। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत शायद तीन बहुत बड़े खिलाड़ी होंगे। लेकिन फिर भी आपके पास यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा हैं। मुझे नहीं पता कि और अन्य पांच खिलाड़ी कौन होंगे। हालांकि लियोन को भरोसा है कि अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम लंबे समय तक गेंदबाजी इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करती है तो यह उनके लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा, लेकिन उनके पास एक बेहतरीन लाइन-अप है इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होगी। जैसा कि मैंने कहा कि अगर हम एक गेंदबाजी ग्रुप के तौर पर लंबे समय तक अच्छे रहे तो उम्मीद है कि हम उनके डिफेंस को चुनौती दे सकते हैं। 2014-15 में घरेलू मैदान पर अपनी आखिरी श्रृंखला में जीत के बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला जीतने में विफल रही है। तब से भारतीयों ने लगातार चार मौकों पर श्रृंखला जीती है जिसमें से दो बार उन्होंने घरेलू मैदान और दो बार प्रतिद्वंद्वी के मैदान पर जीत दर्ज की है जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली एकमात्र एशियाई टीम भी बन गई और टीम ने कई मौकों पर खिताब जीता। कुल मिलाकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की बात करें तो भारत सबसे सफल टीम है जो 10 बार इसे जीत चुकी है और उसने एक बार खिताब भी बरकरार रखा है।

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट के तीसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द

**ग्रेटर नोएडा।** (भाषा) अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र क्रिकेट टेस्ट पर बारिश की गाज लगातार गिर रही है और तीसरे दिन का खेल भी बुधवार को भारी बारिश के कारण रद्द होने से मैच के पूरी तरह धुलने के आसार है। पहले दो दिन भी गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। मौसम को देखते हुए मैच अधिकारियों ने बुधवार का खेल रद्द करने में देर नहीं लगाई। अभी तक मैच का टॉस भी नहीं हो सकता है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा , अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच तीसरे दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद्द हो गया है। आसमान साफ होने पर मैच कल होगा और 98 ओवर फेंके जाएंगे। बीसीसीआई मैच को शुरू कराने के लिए हर संभव मदद कर रहा है। मंगलवार की शाम अरूण जेटली स्टेडियम से अतिरिक्त कवर मंगवाए गए लेकिन जिन जगहों को ढका नहीं जा सका , वहां पानी जमा हो गया। न्यूजीलैंड टीम ने मंगलवार को अभ्यास किया लेकिन बुधवार को टीमें मैदान पर नहीं आई। अफगानिस्तान टीम के कोच जोनाथन ट्रॉट को छोड़कर कोई खिलाड़ी नहीं आया।

## बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन ने भारत में टेस्ट श्रृंखला पर कहा, एसजी गेंद का सामना करना मुश्किल होगा

**ढाका।** (भाषा) लिटन दास पाकिस्तान में हुई टेस्ट श्रृंखला में मिली ऐतिहासक 2-0 की जीत के दौरान बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी रहे और उनका मानना है कि भारत में लाल रंग की एसजी टेस्ट गेंद का सामना करना टीम के लिए पूरी तरह से अलग होगा जो काफी मुश्किल परीक्षा होगी। लिटन ने दो टेस्ट में 56 और 138 रन की पारी खेली। वह 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान कप्तान नजमुल हुसैन शांटो, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन और युवा शादमान इस्लाम के साथ एक बार फिर बांग्लादेश के बल्लेबाजी लाइन के अहम खिलाड़ी होंगे। पाकिस्तान में टेस्ट मैच कूकाबुरा गेंद से खेले गए थे जो श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका द्वारा घरेलू मैदानों पर इस्तेमाल की जाती है। कूकाबुरा की बुनाई इतनी मोटी और उभरी नहीं होती जितनी भारत में बनने वाली एसजी टेस्ट गेंद की होती है जो रिवर्स स्विंग में मदद कर सकती है। लिटन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, भारत में गेंद अलग होगी। उन्होंने कहा, एसजी गेंद के खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल होता है। कूकाबूरा गेंद जब पुरानी हो जाती है तो इससे खेलना आसान होता है। उन्होंने कहा, इससे बेहतर कुछ नहीं है। मुझे नहीं लगता है कि यह दबाव है। हम टेस्ट में सुधार कर रहे हैं, इसलिए हमें इस प्रारूप में थोड़ा और निरंतर होना चाहिए। यही मुख्य चुनौती है।

# शुक्रिया श्रीजेश, प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा महान गोलकीपर को पत्र

**भाषा।** नई दिल्ली। हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नए राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे। तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैम्पियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा , मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने 16 अगस्त को लिखे पत्र में कहा , आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की ह्रदय से सराहना करता हूं। श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा , मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है। मुझ पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री सर। श्रीजेश के कैरियर के बारे में मोदी ने 2014 एशियाई खेलों में उनके प्रदर्शन को याद किया। इसके अलावा रियो , तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा , ऐसी अनगिनत यादें हैं और इनके लिए एक पत्र पर्याप्त नहीं है। उन्होंने लिखा , आपको मिले विभिन्न पुरस्कार, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक बताते हैं कि आपने किन उंचाइयों को छुआ है। लेकिन इसके बावजूद आपकी विनम्रता और गरिमा , मैदान से भीतर और बाहर , प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा , मुझे विश्वास है कि आपका जुनून, प्रतिबद्धता और समर्पण अगली पीढी के विश्व विजेताओं को तैयार करेगा।मैं आपको आपके अथक समर्पण, शानदार कैरियर और भारत को गौरवान्वित करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इन सभी यादों के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामना।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा ( उ.प्र. )-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5 ,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः011-69342500।